धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, गुरुवार

06.02.2025

नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com

khabarmantra.net

माघ, शुक्ल पक्ष, नवमी, संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 206




12 मनाली में खुलेगा कंगना रनौत का कैफे

## न्यूज डायरी

### आज जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**नागपुर।** टी-20 सीरीज जीतने के बाद उत्साहित भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रही तीन मैचों सीरीज के पहले एकदिवसीय मुकाबले को जीतकर बढ़त बनाने के इरादे से उतरेगी। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले हो रही तीन मैचों की यह सीरीज दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है।

### आज से आम लोग करेंगे राजभवन उद्यान का दीदार

**रांची।** आम लोग गुरुवार से एक बार फिर राजभवन उद्यान का दीदार कर सकेंगे। राजभवन उद्यान 12 फरवरी तक खोला जा रहा है। प्रवेश आवश्यक जांच के बाद ही मिलेगा। सभी आगंतुकों को अपना परिचय पत्र साथ रखना अनिवार्य होगा। उद्यान सुबह 10 बजे से अपराह्न तीन बजे तक खुला रहेगा।

### मनरेगा में लापरवाही तीन बीडीओ को शोकॉज

**मेदिनीनगर।** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने बुधवार को मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, पीएम जनमन एवं अबुआ आवास योजना की ऑनलाइन समीक्षा की। मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन की अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते हुए धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जतायी। उन्होंने तीन प्रखंड विश्रामपुर, मेदिनीनगर एवं पाटन के बीडीओ एवं बीपीओ को कड़ी चेतावनी के साथ शोकॉज किया गया।

### मुर्मु और धनखड़ ने भी दिल्ली में किया मतदान

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ समेत कई नेताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राहुल गांधी,एस जयशंकर, वीके सक्सेना, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और आतिशी ने भी मतदान किया।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 79200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 99000 रु./प्रति किलो |





## सीएम ने उद्यमियों, निवेशकों को झारखंड आने का दिया निमंत्रण

# देश की अर्थव्यवस्था में हमारा अहम रोल

**बंगाल ग्लोबल समिटि में बोले हेमंत**

- निवेशकों के सहयोग से झारखंड के समग्र विकास करेंगे
- झारखंड को आगे बढ़ाने का कर रहे पहल
- ऐसे समिट से बनते हैं बेहतर व्यापारिक रिश्ते



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए राज्यों के बीच बेहतर संबंध, समन्वय तथा भागीदारी अत्यंत जरूरी है। इस कड़ी में राज्यों में आयोजित होने वाले ग्लोबल बिजनेस जैसे समिट की काफी निर्णायक भूमिका होती है। इससे एक राज्य का अन्य राज्यों तथा देशों से बेहतर व्यापारिक रिश्ता बनता है। निवेश और नयी टेक्नोलॉजी से विकास की नयी संभावनाएं बनती हैं। खनिज संपदाओं से भरा झारखंड देश की अर्थव्यवस्था में अहम रोल निभा रहा है। श्री सोरेन बुधवार को कोलकाता के बिस्वा बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में ग्लोबल बिजनेस समिट के 8वें संस्करण के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी की अध्यक्षता में आयोजित इस समिट में देश-विदेश से आये प्रतिनिधियों, उद्यमियों और निवेशकों को उन्होंने संबोधित किया। मंच पर देश के प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी और टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सौरभ गांगुली, विधायक कल्पना सोरेन के अलावा कई जानी-मानी हस्तियां मौजूद थीं। (शेष 11 पर)

### उद्यमी झारखंड आयें, पूरी मदद देंगे


सीएम ने कहा कि वर्तमान परिवेश में झारखंड को और आगे ले जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि झारखंड में खनिज आधारित उद्योगों के साथ-साथ कला संस्कृति एवं पर्यटन जैसे अनेकों क्षेत्र में विकास और निवेश की अपार संभावनायें हैं। झारखंड देश का सबसे ज्यादा तसर उत्पादक राज्य है। ऐसे में टेक्सटाइल क्षेत्र में भी यह राज्य आगे बढ़ सकता है। कला- संस्कृति के मामले में झारखंड की गिनती समृद्ध राज्यों में होती है। यहां की नेचुरल ब्यूटी को देख सकते हैं। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि आप झारखंड आएं, सरकार आपको पूरा सहयोग करेगी।

**झारखंड और बंगाल में कई समानताएं :** इस मौके पर श्री सोरेन ने कहा कि झारखंड और पश्चिम बंगाल एक- दूसरे से काफी करीब हैं। इन दोनों ही राज्यों में चल रही कई गतिविधियां एक जैसी ही है। ऐसे में यह बताना मुश्किल है कि कौन गतिविधि झारखंड और कौन बंगाल की है। दोनों ही राज्य कई मामलों में एक जैसी गतिविधियों के साथ निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। इस तरह की पहल से दोनों ही राज्यों के समग्र विकास का नया रास्ता खुल रहा है।

**बंगाल में अंबानी 50000 करोड़ का निवेश करेंगे:** बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट में प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी ने अपने संबोधन में कहा कि उनकी कंपनी रिलायंस इस दशक के अंत तक पश्चिम बंगाल में 50000 करोड़ का निवेश करेगी। इससे राज्य में करीब 1 लाख रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

## संगम में डुबकी लगा कर पीएम मोदी बोले

### मां गंगे देशवासियों का कल्याण करे



**एजेंसी**

**प्रयागराज।** पीएम मोदी ने बुधवार को प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगायी। भगवा पहनकर स्नान, रुद्राक्ष माला से जप-तप किया। पीएम ने मंत्रोच्चार के साथ मां गंगा का पूजन भी किया। मोदी के संगम स्नान के दौरान सीएम योगी भी साथ रहे। गंगा मैया में डुबकी लगाने के बाद उन्होंने भगवान भास्कर को अर्घ्य भी दिया। पवित्र स्नान के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने विचार साझा किये और तस्वीरें साझा की। पीएम मोदी ने कहा, संगम पर स्नान दिव्य जुड़ाव का एक क्षण है। इसमें भाग लेने वाले करोड़ों लोगों की तरह, मैं भी भक्ति की भावना से भर गया। पीएम को देखने घट पर हजारों लोग जुटे थे। पीएम जब त्रिवेणी संगम पहुंचे तब आम श्रद्धालु भी संगम स्नान कर रहे थे।

## पटरी छोड़ बस्ती में जा घुसी ट्रेन

**एजेंसी**

**राउरकेला।** ओडिशा के राउरकेला में बुधवार को एक रेल हादसा हो गया है। यहां एक मालगाड़ी पटरी से उतर गयी और उसकी बोगियां पास में मौजूद बस्ती में जा घुसी। इस हादसे में ट्रैक के पास मौजूद कई वाहनों को नुकसान पहुंचा है। यह दुर्घटना राउरकेला के मालगोदाम में रेलवे पार्सल यार्ड के पास हुई। बताया जा रहा है कि मालगाड़ी के कुछ डिब्बे अचानक पटरी से उतर गये और पास की बस्ती में जा घुसे। रेलवे ट्रैक के पास मौजूद कई वाहन और रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गये। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार, वॉकी-टॉकी पर संचार विफलता के कारण मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतरे। इस घटना से बसंती कॉलोनी और मालगोदाम क्षेत्र में यातायात बाधित हुआ है। वहीं, हादसे की सूचना पर पहुंचे बंडामुंडा रेलवे एरिया मैनेजर (एआरएम) ने हालात का जायजा लिया।

## प्रेम प्रसंग में पत्नी ने कर दी पति की हत्या

**रांची।** पलामू प्रमंडल अंतर्गत गढवा जिले से सनसनीखेज वारदात सामने आयी है। भंडरिया इलाके में पांच बच्चों की मां ने प्यार की खातिर अपने पति की हत्या कर दी। इस घटना में उसका प्रेमी भी शामिल था। दो दिन बाद मृतक का शव जंगल से बरामद किया गया। महिला और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस घटना की चर्चा पूरे गांव में है। दो दिनों से गायब टेनटांड़ निवासी बिगन कोरवा का शव पुलिस ने बुधवार को बरामद किया।

## बातचीत को गिड़गिड़ा रहा पाकिस्तान, फिर उगला जहर

# 370 वापस ले भारत, कश्मीर उनका नहीं हो सकता : शरीफ

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कश्मीर को लेकर भारत के खिलाफ फिर जमकर जहर उगला है। उन्होंने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की विधानसभा को संबोधित करते हुए कश्मीर मुद्दे पर भारत से बातचीत की भी मांग की। शहबाज ने भारत पर कश्मीर में अत्याचार करने का भी आरोप लगाया और कहा कि पाकिस्तान इसका विरोध करता रहेगा। उन्होंने जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 को रद्द किये जाने की निंदा की और उसकी वापसी की मांग की।

**धमकी भी :** पाकिस्तानी पीएम ने भारत को धमकाते हुए आरोप लगाया, भारत को यह समझना चाहिए कि कश्मीरियों का खून बहाने से समस्या का समाधान नहीं होगा। इतिहास उन लोगों को याद रखता है जो उत्पीड़न के लिए ज़िम्मेदार हैं। पीएम शहबाज ने संयुक्त राष्ट्र और ओआईसी सहित सभी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीरियों की वकालत जारी रखने की कसम खायी। शरीफ का यह बयान तब आया है, जब पूरा पाकिस्तान अपने अंदरूनी कलह को छोड़कर 'कश्मीर एकजुटता दिवस' मनाने का दिखावा कर रहा है। भारत और पाकिस्तान में पिछले एक दशक से द्विपक्षीय वार्ता बंद है। भारत का कहना है कि आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते। ऐसे में भारत किसी भी मोर्चे पर पाकिस्तान से बातचीत की खिलाफत कर रहा है। पाकिस्तान हर साल 5 फरवरी को कश्मीर एकजुटता दिवस मनाता है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में लोग आज भी अपने हक हकूक की लड़ाई लड़ रहे हैं।

## सड़क हादसे में सीयूजे के दो छात्रों की मौत

- शव के साथ घंटों रोड जाम, मांगों पर अड़े लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मांडर।** एन- एच 39 मुख्य पथ पर स्थित निमार्णाधीन मलटोटी पुल के निकट बुधवार सुबह नौ बजे एक सड़क हादसे में सेंट्रल यूनिवर्सिटी (सीयूजे) के दो विद्यार्थियों की मौत मौके पर ही हो गयी। पुल के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार युवक और युवती को कुचल दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतकों की पहचान पश्चिम बंगाल निवासी ऐश्वर्या और देवदास मंडल के रूप में हुई। दोनों एक बाइक से कॉलेज जा रहे थे। पुलिस ने ट्रक (जे एच 01डीएफ 0384) को कब्जे में और चालक को हिरासत में ले लिया है।



देवदास मंडल।



ऐश्वर्या बसक।

मृतकों में देवदास मंडल (24) जेआरएफ की पढ़ाई कर रहा था। वहीं ऐश्वर्या बसक (23) पीजी, जिओ इनफार्मेटिक्स की छात्रा थी। सीयूजे के पुराने कैंपस से निकलकर दोनों नये कैंपस की ओर जा रहे थे। इसी दौरान डायवर्सन पार करते समय कोयला लदे ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर ही दोनों ने दम तोड़ दिया। सीयूजे के पीआरओ नरेंद्र कुमार ने कहा कि नये कैंपस में सभी छात्रों के लिए हॉस्टल की जगह नहीं है, इसी कारण ब्राम्बे स्थित पुराने कैंपस में पीजी स्कॉलर के छात्रों की रहने की व्यवस्था की गयी है। बस सुविधा उपलब्ध है पर कुछ बच्चे बाइक से ही आना जाना करते हैं। मांडर की अीओ चंचला कुमारी ने कहा कि सड़क पर बैठे छात्रों और ग्रामीणों को छात्रों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। उनकी जो भी मांगे हैं उसे पूरा करने का प्रयास किया जायेगा।

### दोहरे हत्याकांड के खिलाफ रोड जाम

उधर नगड़ी के कतरपा गांव में हुई दोहरे हत्याकांड से उत्तेजित लोगों ने बुधवार को सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम होने के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गयी। वे लोग आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। पुलिस कर्मियों नेआक्रोशित लोगों को समझा कर जाम हटवाने का प्रयास किया। मंगलवार की रात स्कूटी सवार अपराधियों ने बुधराम मुंडा और मनोज कच्छप की गोली मारकर हत्या कर दी थी। दोनों मृतक चाचा-भतीजा थे।

### शव के साथ घंटों रोड जाम

घटना के बाद गुस्साये लोगों और सीयूजे के छात्रों ने रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ को शव के साथ जाम कर दिया। वे अपने विसी को भी बुलाने की मांग कर रहे थे। जाम के कारण स्कूली बच्चों को भी चार-चार किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ा। उनकी मांग है कि पुल का निर्माण शीघ्र हो, तत्काल यहां एक टीओपी का निर्माण हो। साथ ही वे मौके पर पथ परिवहन मंत्री, उपायुक्त व एसपी को भी बुलाने की मांग कर रहे थे।







# निर्मम प्रहार से ही खत्म होगा आतंकवाद : शाह

## उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद को पूरी तरह से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस बात को दोहराते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार कहा, सुरक्षा एजेंसियों आतंकवाद को उखाड़ फेंकने के लिए निर्मम तरीका अपनायें। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ कठोर कदम उठाने का निर्देश दिया है। घुसपैठ को पूरी तरह रोकने के लक्ष्य को हासिल कर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई तेज करने का निर्देश दिया। केंद्रीय गृह मंत्री जम्मू-कश्मीर के हालात पर आयोजित उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक में बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी सुरक्षा एजेंसियों को घुसपैठ और आतंकी गतिविधियों पर निर्मम तरीके से और कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। आतंकवादियों के अस्तित्व को जड़ से उखाड़ने के लिए निर्मम तरीका ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए। शाह ने कहा कि मोदी सरकार के निरंतर और समन्वित प्रयासों के कारण जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का नेटवर्क काफी कमजोर हो गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि नार्को नेटवर्क घुसपैठियों और आतंकियों को उनकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए समर्थन दे रहा है। (शेष 11 पर)

### आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस नीति'



शाह ने आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर के लक्ष्य को हासिल करने के लिए मोदी सरकार की आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस की नीति' पर जोर दिया। उन्होंने सभी सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क रहने और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने के लिए तालमेल से काम करना जारी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा संबंधी सभी मापदंडों में बड़े सुधार के लिए सुरक्षा एजेंसियों के प्रयासों की भी सराहना की। गौरतलब है कि शाह ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा हालास पर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक भी की थी, जिसमें सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, गृह सचिव और गृह मंत्रालय तथा सेना के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए थे। गृह मंत्री शाह द्वारा बुलाई गई बैठक जम्मू-कश्मीर में बढ़ती आतंकी घटनाओं के खिलाफ थी।

## खबर एक नजर में

### एनएलयू के मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश, 12 को होगी सुनवाई

**रांची।** नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के विश्वविद्यालय संचालन के लिए सरकार से मांगे गए अनुदान पर 12 फरवरी को हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। बुधवार को चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने सरकार को इस मामले पर जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए सुनवाई 12 फरवरी को निर्धारित की। नेशनल लॉ यूनवर्सिटी राज्य सरकार से विश्वविद्यालय के लिए अनुदान देने की मांग की है। विश्वविद्यालय का कहना है कि बिना फंड के विश्वविद्यालय का संचालन सही तरीके से नहीं हो रहा है। पूर्व की सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से कहा गया था कि विश्वविद्यालय को शुरू में ही अनुदान दे दिया गया था। अब राज्य सरकार उसे फंड नहीं देगी।

### एसपी राउत बने दक्षिण-पूर्व रेलवे के नागरिक सुरक्षा के वरीय इंस्पेक्टर

**रांची।** रांची रेलमंडल में नागरिक सुरक्षा अनुदेशक संरक्षा विभाग में कार्यरत शक्ति पद राउत दक्षिण-पूर्व रेलवे मुख्यालय में डिप्टी जनरल मैनेजर के अधीन नागरिक सुरक्षा के सीनियर इंस्पेक्टर के पर नियुक्ति हुए हैं। उन्होंने बुधवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया। जोनल रेलवे के द्वारा उक्त पद के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें मात्र एक रेलवे कर्मचारी ही उत्तीर्ण हो पाया। इसके तहत एसपी राउत को पूरे जोन इंचार्ज के साथ-साथ चार रेलवे मंडल देखभाल की जिम्मेवारी दी गई है।

### भारत आदिवासी पार्टी का धरना 7 फरवरी को

**रांची।** भारत आदिवासी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि भारत आदिवासी पार्टी झारखंड प्रदेश के तत्वाधान में राजभवन के समक्ष 7 फरवरी को दिन के 11बजे से महाधरना का आयोजन किया जायेगा। इस महाधरना के माध्यम से झारखंड में हुबहू पेसा कानून लागू हो एवं आदिवासियों की व्यापक रूप से जमीन लूट के खिलाफ सहित बहरियों को नौकरी देने के खिलाफ सहित अन्य मांगों को रखा जायेगा।

### झारखंड के कांग्रेस नेताओं से कल मिलेंगे राहुल गांधी, खड़गे और केसी वेणुगोपाल

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के नेताओं से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल अब सात को मिलेंगे। झारखंड कांग्रेस के नेताओं से गुरुवार को होनेवाली मीटिंग स्थगित कर दी गयी है। इस बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, सह प्रभारी डॉ बेला प्रसाद एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के अलावा सभी मंत्री और विधायक शामिल रहेंगे।

### सीएम हेमंत मामले में सौंपा गया पुलिस पेपर

**रांची।** पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश की अदालत में बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन घोटाले में कुछ आरोपियों को पुलिस पेपर सौंपा गया। शेष आरोपियों को अगली निर्धारित तारीख को पुलिस पेपर सौंपा जायेगा। अदालत ने इसके लिये 19 फरवरी की तारीख निर्धारित की है। वहीं, जेल में बंद आरोपियों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी की गई। जमानत पर चल रह आरोपियों की ओर से अधिवक्ता एवं सशरीर उपस्थित होकर हाजिरी दी। हेमंत सोरेन जमानत पर चल रहे हैं। उनकी ओर से वकील ने हाजिरी दी। मामले में हेमंत सोरेन, बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद, झामुमो नेता अंतु तिर्की, मो सद्दाम, मो अफसर अली, विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय, इरसाद अख्तर, शेखर कुशवाहा, मो इरशाद, तापस घोष और संजीत कुमार ने हाजिरी लगाई।

### जेपीएससी-प्रथम के आरोपियों ने दाखिल की एबीपी

**रांची।** जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा भर्ती घोटाले के चार्जशीटेड आरोपियों ने अदालत की दौड़ शुरू कर दी है। मामले में आरोपी अफसरों अरविंद कुमार लाल, लखीराम बास्की, संजय पांडे, अंजना दास एवं कुमुदिनी टुडू की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर बुधवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के प›ात आदेश सुरक्षित रख लिया है। अदालत अपना सुरक्षित आदेश 14 फरवरी को सुनायेगी। आरोपियों ने मामले में गिरफ्तारी के बचने के लिये अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुये 1 फरवरी को याचिका दाखिल की है। वहीं, एक और आरोपी सुदर्शन मुर्मू ने बुधवार को अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुये याचिका दाखिल की है। दाखिल याचिका पर गुरुवार को सुनवाई होगी। मालूम हो कि सीबीआई कोर्ट ने 16 जनवरी को 47 भ्रष्ट अफसरों समेत 74 लोगों के खिलाफ संज्ञान लेते हुए समन जारी किया है।

### दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में फैसला कल

**रांची।** महिला से सामूहिक दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या करने से जुड़े मामले में 7 फरवरी को फैसला आयेगा। अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की अदालत ने मामले में दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद फैसले की तारीख निर्धारित की है। इस मामले में लक्ष्मण मुंडा, रामचंद्र मुंडा, सुखलाल मुंडा एवं संजय टूटी ट्रायल फेस कर रहा है। दशम फॉल इलाके के जंगल से पुलिस ने अधजली महिला का शव 20 फरवरी 2021 को बरामद किया था। जानकारी मिली थी कि महिला के साथ पहले दुष्कर्म किया गया था और बाद में उसकी गला रेतकर हत्या कर दी गयी थी। आरोपियों ने साक्ष्य छुपाने के लिये शव को पेट्रोल छिड़क कर जला दिया था।

### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने जनजातीय यात्री महाकुंभ के लिए 1500 यात्रियों को किया रवाना



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बुधवार को रांची रेलवे स्टेशन से 1500 जनजातीय यात्रियों को महाकुंभ प्रयागराज के लिये रवाना किया। यह यात्रा वनवासी कल्याण केंद्र द्वारा आयोजित की गई थी। श्री सेठ ने सभी यात्रियों पर पुष्पवर्षा की और सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में जनजातीय यात्रियों की महाकुंभ यात्रा भारत की समृद्ध विरासत और आस्था का प्रतीक है।


**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण**
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)

**आम सूचना**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के राजपत्र अधिसूचना संख्या एस.ओ. 2678(ई). दिनांक 16 जून 2023 और एनएच शुल्क नियम 2008 के नियम 3 के प्रावधानों के अनुपालन में, वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए उपयोगकर्ता शुल्क की निम्नलिखित दरें 07.02.2025 से सुबह 8:00 बजे से प्रभावी होंगी। एनएच 39 (पुराना एनएच–75) के संख्या से खजुरी राष्ट्रीय राजमार्ग खंड के उपयोग के लिए गढ़वा जिले (झारखंड) में खंड के डिजाइन किमी 203.000 पर स्थित गढ़देवी शुल्क प्लाजा पर।

| वाहनों का प्रकार | शुल्क भुगतान ट्रैफिक (एकल यात्रा) | शुल्क भुगतान ट्रैफिक दैनिक पास) | शुल्क भुगतान ट्रैफिक (मासिक पास) स्थानीय वाणिज्यिक वाहनों के अलावा, उस जिले में पंजीकृत वाहन जहां प्लाजा स्थित है। | शुल्क भुगतान ट्रैफिक (उस जिले में पंजीकृत वाणिज्यिक वाहन जहाँ प्लाजा स्थित है) |
|---|---|---|---|---|
| कार / जीप / वैन या हल्का मोटर वाहन | 55 | 85 | 1890 | 30 |
| हल्का वाणिज्यिक वाहन, हल्का माल वाहन या मिनी बस | 90 | 135 | 3050 | 45 |
| बस या ट्रक (दो एक्सल) | 190 | 290 | 6395 | 95 |
| वाणिज्यिक (तीन एक्सल) वाहन | 210 | 315 | 6975 | 105 |
| एचसीएम या ईएमई या एमएवी (चार से छह एक्सल) | 300 | 450 | 10025 | 150 |
| बड़े आकार के वाहन (7 या अधिक एक्सल) | 365 | 550 | 12205 | 185 |

शुल्क दरें वित्तीय वर्ष 2024–25 लागू.
नोट: वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए शुल्क प्लाजा से 20 किमी. तक की दूरी के भीतर रहने वाले स्थानीय गैर–वाणिज्यिक वाहनों के लिए मासिक पास शुल्क रु0 340.00 रुपये होगी।
कॉलम 6 में उल्लिखित शुल्क दर एकल यात्रा के लिए है और यह उस जिले में पंजीकृत वाणिज्यिक वाहनों (राष्ट्रीय परमिट के तहत चलने वाले वाहनों को छोड़कर) के लिए लागू है, जहां शुल्क प्लाजा स्थित है।

परियोजना निदेशक
भा.रा.रा.प्रा. प.का.ई. डाल्टनगंज

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी


## डीजीपी की नियुक्ति पर बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा, कहा

# सुप्रीम कोर्ट की अनदेखी कर अनुराग गुप्ता को बनाया गया डीजीपी, क्रियाकलापों की हो सीबीआई जांच

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को स्वतः संज्ञान लेकर डीजीपी नियुक्ति मामले की सुनवाई करनी चाहिए। श्री मरांडी बुधवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर अनुराग गुप्ता को डीजीपी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट अवमानना मामले में राज्य सरकार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि जनता को धोखे में रखकर हेमंत सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का खुलेआम उल्लंघन किया है। राज्य सरकार ने न सिर्फ संविधान की मर्यादाओं को तोड़ा है। बल्कि राज्य की पुलिस प्रशासन व्यवस्था को अपनी राजनीतिक साजिशों का हथियार



बना लिया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2006 में प्रकाश सिंह केस की सुनवाई करते हुए निर्देश दिया था कि डीजीपी की नियुक्ति यूपीएससी के अनुशंसित पैनल से होगी। फिर भी हेमंत सरकार ने यूपीएससी को दरकिनार कर अपनी मर्जी से अनुराग गुप्ता को डीजीपी बना दिया। इनका नाम यूपीएससी के अनुशंसित सूची में नहीं था। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश है कि जबतक राज्य सरकार कोई नया कानून नहीं बनाती तबतक यूपीएससी की प्रक्रिया से ही नियुक्ति होगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 2025 में एक नियमावली बना दिये। जबकि एक्ट अधिनियम पारित नहीं हुआ। कोई भी सरकार पहले एक्ट बनाती है, तब वह रूल्स बनता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री न्यायालय के आदेश पर भी दोहरी नीति अपनाते हैं।अपने को निर्दोष बताने के लिए हाइकोर्ट की टिप्पणियों का सहारा लेते हैं। जबकि दूसरी ओर सत्ता चलाने में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना करते हैं। उन्होंने कहा कि हाइकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश के द्वारा न्यायपालिका को कमजोर करने की साजिश की गई है। डीजीपी की अवैध नियुक्ति प्रक्रिया में झारखंड उच्च न्यायालय के एक पूर्व न्यायाधीश शामिल बताये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनुराग गुप्ता चुनावी कदाचार में लिप्त थे। दो वर्षों तक निलंबित भी रहे हैं। उनके खिलाफ एफआईआर तक दर्ज हुआ। उन्होंने कहा कि इन्हें चुनाव कार्य से भी मुक्त रखा गया था फिर हेमंत सरकार ने ऐसे भ्रष्ट, दागदार और विवादास्पद पदाधिकारी को डीजीपी क्यों बनाया। उन्होने अनुराग गुप्ता को डीजीपी पद से हटाने की मांग की। यूपीएससी द्वारा अनुमोदित सूची से ही डीजीपी की नियुक्ति हो। अनुराग गुप्ता के कार्यकाल की सीबीआइ जांच हो। उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने और राज्य में कानून राज स्थापित करने के लिये हर स्तर पर संघर्ष करेगी। मौके पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश प्रवक्ता अजय साह भी थे।

### सभी राज्य सरकारें अपनी मर्जी से करती हैं डीजीपी का चयन : झामुमो

**झामुमो का पलटवार**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा द्वारा डीजीपी नियुक्ति पर उठाए गए सवालों का जवाब झामुमो ने दिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि राज्य सरकारें अपनी मर्जी से पुलिस महानिदेशक का चयन करती हैं, यह सिर्फ झारखंड में नहीं, बल्कि अन्य राज्यों में भी यही प्रक्रिया है।

**बाबूलाल मरांडी पर तंज :** सुप्रियो भट्टाचार्य ने बाबूलाल मरांडी पर तंज कसते हुए कहा कि आपको जनादेश विपक्ष में बैठने के लिए मिला है, इसलिए आप उसी भूमिका में रहें। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से बाबूलाल मरांडी पर पलटवार करते हुए कहा कि, आप सुप्रीम कोर्ट की बात करते हैं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा था कि भाजपा अपने प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति करें। जब आप अपनी पार्टी में एक प्रदेश अध्यक्ष तक नहीं तय कर पा रहे, तो फिर यह सवाल कहां से? बता दें कि झारखंड सरकार ने दो दिन पहले प्रभारी डीजीपी अनुराग गुप्ता को रेगुलर डीजीपी नियुक्त किया है, जिस पर भाजपा ने पूरी नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। यह सियासी विवाद अब और गहरा सकता है।

### जाली दस्तावेजों पर बैंक से 6.23 करोड़ ऋण लेने के मामले की जल्द सुनवाई का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने फर्जी और जाली दस्तावेजों के आधार पर बैंक ऑफ इंडिया से 6.23 करोड़ रुपए की राशि ऋण स्वीकृत करवा लेने के जुर्म में ढाई साल से अधिक समय से जेल में बंद आरोपी बोंगरा कुमार सिंह (59 वर्ष) की मुकदमे की सुनवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया है। यह आदेश उसकी ओर से हाईकोर्ट में दाखिल जमानत याचिका को खारिज करते हुए दिया है, जिसकी अवधि जल्द ही पूरी होने वाली है। हाईकोर्ट ने अधिमानतः नौ महीने के भीतर समाप्त करने का निर्देश दिया है। लेकिन, मामले में सीबीआई को



गवाह लाने में परेशानी हो रही है। पिछले दो महीने से मामले में एक भी गवाही दर्ज नहीं की जा सकी है। मामले में सीबीआई ने 69 गवाहों की सूची के साथ चार्जशीट दाखिल की है। सीबीआई ने आरोपी को उक्त आरोप में 30 जून 2022 को जेल भेज दिया था, तब से वह जेल में ही है। निचली अदालत ने दो बार और हाईकोर्ट ने एक बार जमानत देने से इनकार कर चुकी है। मामले में 29 मार्च 2023 को आरोपी पर आरोप गठित किया गया है।

### मुआवजे में जोड़ा गया ब्याज दी गयी राशि का हिस्सा, उसे अलग नहीं कर सकते : हाइकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा कि भूमि अधिग्रहण के मामलों में राशि और ब्याज रहित राशि के बीच कोई अंतर नहीं है क्योंकि एक बार ब्याज को उस राशि में शामिल कर लिया जाता है, जिसके लिए अवार्ड दिया जाता है तो उसे अलग नहीं किया जा सकता। यह फैसला संविधान के अनुच्छेद 227 के तहत भूमि अधिग्रहण निष्पादन मामले में ट्रायल कोर्ट द्वारा पारित आदेश रद्द करने के लिए दायर याचिका पर आया, जिसके तहत सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित निर्णय के आधार पर गणना चार्ट के विरुद्ध डिक्री धारक की गणना पर आपत्ति खारिज कर दी गयी थी।

**याचिकाकर्ता ने अदालत में दिया तर्क :** याचिकाकर्ता ने सुनवाई के दौरान कोर्ट में बताया कि 1 मई 2013 से 31 अगस्त 2020 तक 15% प्रति वर्ष ब्याज के रूप में 3,27,765.12 रुपये का भुगतान करना था। लेकिन बीसीसीएल ने गणना चार्ट तैयार किया, जिसमें 1 मई 2013 से 31 जनवरी 2023 तक 15% ब्याज की गणना केवल 2,75,896.66 रुपये की मूल राशि पर की गयी। इस प्रकार कुल अवार्ड राशि में पहले से अर्जित ब्याज का एक हिस्सा शामिल नहीं है। जबकि ब्याज सहित मुआवजा 6,03,661.78 रुपये हो गया। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि उनकी भूमि भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) द्वारा अधिग्रहित की गयी और उनके नाम पर अवार्ड तैयार किया गया, इसके बाद याचिकाकर्ता ने भूमि अधिग्रहण न्यायाधीश के समक्ष निष्पादन मामला दायर किया, जिसमें अर्जित ब्याज के साथ बढ़ी हुई दर पर मुआवजे का भुगतान करने का आदेश देने का आग्रह किया गया। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय द्विवेदी की कोर्ट में हुई।

### झारखंड नगरपालिका सेवा परीक्षा का रिजल्ट हुआ जारी

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने झारखंड नगरपालिका सेवा प्रतियोगिता परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। आयोग ने बागवनी अधीक्षक, सैनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर, सैनेटरी सुपरवाइजर, राजस्व निरीक्षक और विधि सहायक के कुल 19 पदों के परीक्षा परिणाम जारी किये हैं। वहीं शेष पदों के परिणाम जल्द घोषित किये जायेंगे। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर अपना रिजल्ट देख सकते हैं।

**चयनित अभ्यर्थियों की सूची**

- बागवनी अधीक्षक : 3 अभ्यर्थी
- सैनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर : 5 अभ्यर्थी
- सैनेटरी सुपरवाइजर : 4 अभ्यर्थी
- राजस्व निरीक्षक : 5 अभ्यर्थी
- विधि सहायक : 2 अभ्यर्थी

# कृषि विभाग महिला दीदियों के लिए जल्द ला रही है नयी योजना : शिल्पी नेहा तिर्की

■ पशुपालन भवन में आगामी बजट को लेकर विभागीय मंत्री ने की अधिकारियों के साथ बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आगामी बजट में किसान दीदियों के लिए नई योजना लाने का संकेत दिया है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि इस बार के बजट में किसान दीदियों के लिए कुछ खास होगा। विभाग ने इस पर लगभग तैयारी पूरी कर ली है। राज्य में



मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के बाद अगर महिलाओं के लिए कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग भी कोई नई योजना की शुरूआत करती है, तो इस पर सबकी नजर रहेगी।

स्थानीय पशुपालन भवन में बुधवार को मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आगामी बजट को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। मंत्री बनने के बाद से हर माह कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक हो रही है। इसी क्रम में रांची हेसाग के पशुपालन भवन में बजट को अंतिम रूप देने को लेकर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बैठक की। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि विभाग का बजट अंतिम पड़ाव में है। अब कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के बजट को ऑन लाइन कर दिया जाएगा। मतलब विभाग अपने बजट को अब लॉक करने के मुकाम तक पहुंच गई है।

### झारखंड में मौसम फिर लेगा यू-टर्न तापमान में जारी रहेगा उतार-चढ़ाव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में एक बार फिर से मौसम के यू-टर्न लेने की संभावना है। फरवरी में तापमान का उतार-चढ़वा जारी रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, 8 फरवरी के बाद न्यूनतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की कमी आ सकती है। इससे पहले सुबह में कोहरा और धुंध के साथ न्यूनतम तापमान में थोड़ी कमी आ सकती है लेकिन दिन में आसमान साफ रहने से तापमान में 2 से 3 डिग्री की वृद्धि हो सकती है।

**रात में तापमान में कमी :** रात में तापमान में कमी आ सकती है, जिससे सुबह और शाम ठंड लगती रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले साल 4 फरवरी 2024 को रांची का अधिकतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। वर्ष 2024 के फरवरी में सबसे गर्म दिन 20 फरवरी को था लेकिन इस बार 2 फरवरी को ही रिकॉर्ड टूट गया। उस दिन रांची का अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### भाजपा संगठनात्मक चुनाव को लेकर कार्यशाला आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा रांची महानगर के अंतर्गत संगठन पर्व, संगठनात्मक चुनाव जिला एवं मंडल टोली की कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी उपस्थित रहीं। उन्होंने पार्टी में कार्यकर्ताओं के महत्व पर बल दिया। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि किसी भी पार्टी का आधार स्तंभ उस पार्टी के कार्यकर्ता होते हैं। कार्यकर्ताओं के दम पर ही पार्टी किसी भी चुनाव में उतरती है। उनका मजबूत और सक्रिय होना पार्टी की मजबूती को दर्शाती है। विधायक सीपी सिंह ने कार्यकर्ताओं को सजग और सतर्क रहने की सलाह दी। विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि कार्यकर्ता और पार्टी एक दूसरे के पूरक होते हैं। मौके पर वरूण साहू, गीता कोड़ा, सीमा पासवान, सुनील साहू, ओम प्रकाश, संजीव विजयवर्गीय, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, सुबोध सिंह गुड्डु, राकेश भास्कर आदि थे।

### आज से आम लोगों के लिए खुलेगा राजभवन उद्यान

■ उद्यान में कर सकेंगे सैंकड़ों किस्म के गुलाबों का दीदार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजभवन उद्यान आम लोगों के लिए गुरुवार से 12 फरवरी तक खोला जा रहा है। यह उद्यान लगभग 52 एकड़ भूमि पर फैला हुआ है और इसमें सैकड़ों किस्म के 20 हजार से अधिक गुलाब के फूल हैं।

**उद्यान में प्रवेश के नियम :** कोई भी व्यक्ति राजभवन के गेट नंबर दो से सुबह 10 बजे से दिन के एक



फाइल फोटो

बजे तक प्रवेश कर सकता है। प्रवेश आवश्यक जांच के बाद ही मिलेगा। सभी आगंतुकों को अपना परिचय पत्र साथ रखना अनिवार्य होगा।

**उद्यान की आकर्षक विशेषताएं :** उद्यान में कृत्रिम ऑक्टोपस, कृत्रिम पहाड़ के झरने, दीवारों पर बने सोहराय पेंटिंग्स, महापुरुषों और शहीदों की प्रतिमा, युद्ध में उपयोग किये गये टैंक, विशालकाय चरखा, एमआइजी 21 विमान, पीला बांस, रुद्राक्ष, कल्पतरू, स्ट्रॉबेरी, इलाइची, तेजपत्ता, संतरा, मौसमी, सेब, चौकू, काजू, जामुन, कपूर, लेमन ग्रास, चंदन, लौंग, दालचीनी आदि के पेड़ हैं।

**उद्यान के अन्य आकर्षण :** परिसर में फूलों-झानों उद्यान, नौ म्यूजिकल फव्वारा, महात्मा गांधी औषधीय उद्यान, गुरु गोविंद सिंह वाटिका, ऑर्किड गाउँन, अशोक उद्यान, अकबर गार्डेन, बुद्धा गार्डेन, मूर्ति गार्डेन, बिरसा मंडप, लोटस ब्रिज आदि देखने योग्य है। बच्चों को मन लगाने के लिए चिल्ड्रेन पार्क भी है।

## उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक 38वें राष्ट्रीय खेलों का किया जा रहा आयोजन

# झारखंड की संतोषी चुनी गयी 38वें नेशनल गेम में जज टेक्निकल ऑफिशियल

■ योग और मल्लखंब भी राष्ट्रीय खेलों में शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय, स्कूल ऑफ योग की सहायक प्राध्यापिका संतोषी कुमारी का चयन 38वें नेशनल गेम्स में जज टेक्निकल ऑफिशियल के रूप में किया गया है। 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देहरादून में किया।

इस वर्ष के राष्ट्रीय खेलों में 36 राज्य और एक केंद्र शासित प्रदेश भाग ले रहे हैं। 17 दिनों में 35 खेल विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें 35 खेलों के लिए पदक दिए जायेंगे। योग और मल्लखंब को भी राष्ट्रीय खेलों में शामिल किया गया है। इस आयोजन में देश भर से 10,000 से अधिक एथलीट भाग ले रहे हैं।



राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन भारत सरकार के योगासन भारत के तत्वावधान में उत्तराखंड के अल्मोड़ा के सुंदर वादियों के बीच आयोजित किया जा रहा है। इसमें मुख्यतः 5 इवेंट शामिल किए गए है, ट्रेडिशनल, आर्टिस्टिक, रिद्मिक है। जिसमें प्रतिभागी एकल, जोड़ी और ग्रुप में भाग ले सकते हैं।

इसी क्रम में संतोषी का चयन झारखंड राज्य से किया गया है। इससे पहले भी कई राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता, खेलो इंडिया, में जज की भूमिका में रह चुकी हैं। संतोषी एनआईएस पटियाला से जज लेवल 3 पास की है। पिछले वर्ष 2024, गोवा नेशनल गेम्स में बेस्ट टेक्निकल ऑफि सर के लिए उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्य और योगासन भारत के महासचिव डॉ जयदीप आर्य द्वारा अवार्ड दिया गया था। इस उपलब्धि के लिए रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, रजिस्ट्रार डॉ गुरुचरण साहू, स्कूल ऑफ योग की डायरेक्टर डॉ मधुलिका वर्मा, योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड के माननीय सेक्रेटरी श्री विपिन पांडे, कोषाध्यक्ष मनोज तिवारी, पेट्रोन ईश्वर चंद, डॉ. एस के घोसल, प्रशांत कुमार, चैताली मुखर्जी, पूजा सिंह, समाज सेवी, गौरव अग्रवाल शंकर राणा, मनीष कुमार, खिलेश कुमार, मलय दे, सुधा झा और संघ के सभी सम्मनित सदस्यों ने बधाई दी है।

स्पीड न्यूज



### धर्म संस्था प्रीति समारोह का कौमाराम पूजा संपन्न

**जमशेदपुर।** 77वें धर्म संस्था प्रीति समारोह के भाग के रूप में आज सुबह पारंपरिक महा गणपति हवन के बाद, बिस्टुपुर के खरखई लिंक स्थित श्री धर्म संस्था मंदिर में श्री कौमाराम पूजा संपन्न हुई। फिर आए हुए 32 वेद पंडितों ने मूल मंत्र जाप और हवन कराया। फिर हवन में पूणार्हुति भी दी गयी। सभी पूजा और हवन मुख्य पुजारी विजय भानु के मार्गदर्शन में मंदिर के अध्यक्ष श्री पीएन शंकरन ने किये। फिर श्री कार्तिक का कलश अभिषेक किया गया। महाआरती दिखाने के बाद मंदिर के सदस्यों ने भक्तों के बीच प्रसाद वितरित किया।

### टाटा स्टील समेत चार कंपनियों के आसपास प्रदूषण जांच

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार प्रदूषण जांच हेतु गठित टीम ने टाटा स्टील, टाटा पॉवर, टाटा मोटर्स और नुवोको सीमेंट प्लांट एवं आसपास के क्षेत्र का दौरा कर एक्यूआई लेवल की स्थितियों का आकलन किया। अपर उपायुक्त भगीरथ प्रसाद के नेतृत्व में गठित तीन सदस्यीय टीम में जेएनएसी के उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार तथा झारखंड प्रदूषण बोर्ड के क्षेत्रीय पदाधिकारी रामप्रवेश कुमार शामिल हैं। जांच टीम के रिपोर्ट समर्पित करने के बाद एक्यूआइ लेवल पर अग्रेत्तर कार्रवाई होगी।

### बोलेरो और पिकअप की भिड़ंत में दो घायल

**गम्हरिया।** कांड्रा–सरायकेला मार्ग पर गढ़ दुगनी के समीप बोलेरो और छोटा हाथी यात्री वाहन में बुधवार को हुई टक्कर में चालक समेत दो छोटा हाथी वाहन पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों से सहयोग से तत्काल इलाज हेतु सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया गया। बताया गया है कि छोटा हाथी यात्री वाहन सरायकेला से सवारी लेकर टाटा जा रहा था। इसी क्रम में कांड्रा की ओर से आ रहे बोलेरो से उसकी टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में छोटा हाथी वाहन का चालक और उसपर सवार दो यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दुर्घटना के बाद उक्त सड़क पर वाहनों का परिचालन बाधित रहा।

### गोइलकेरा क्रिकेट लीग का फाइनल आज

**गोइलकेरा।** वीर शहीद देवेंद्र माझी मेमोरियल पांचवां गोइलकेरा क्रिकेट लीग का समापन 6 फरवरी को होगा। फाइनल मुकाबला कोल्हान किंग्स बनाम फॉरेस्ट फाइटर्स के बीच खेला जायेगा। इससे पहले शहीद देवेंद्र माझी इलेवन और पब्लिक इलेवन के बीच प्रदर्शनी मैच खेला जायेगा। दोनों मैच डालईकेला मैदान में खेला जायेगा। समापन समारोह सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मनोहरपुर के विधायक जगत माझी उपस्थित रहेंगे।

### गोविंदपुर जलापूर्ति योजना में आज फिर नहीं हुई जलापूर्ति



**जमशेदपुर।** गोविंदपुर जलापूर्ति योजना का संचालन कर रहे जेमिनी इंटरप्राइजेज को पेयजल विभाग द्वारा 12 महीना से पेमेंट नहीं होने के कारण आज उनके द्वारा गोविंदपुर जलापूर्ति योजना को व्हाट्स अप के माध्यम से नोटिस देकर ठप कर दी गयी। जिप सदस्य डॉ परितोष सिंह ने कहा कि गोविंदपुर जलापूर्ति योजना अपने शुरूआती दौर से ही विवादों से घिरा हुआ है आये दिन कभी विभाग कि लापरवाही, कभी ठेकेदार की लापरवाही से यह योजना शुरू होने से पहले ही अपनी दम तोड़ रही है। आज 24 पंचायत के लाखों आबादी बूंद बूंद पानी के लिए तरसती रही। कुछ दिन पूर्व भी तीन दिनों के लिए जलापूर्ति बाधित थी।

# इंकैब कंपनी के खिलाफ पारित अवैध आदेशों के खिलाफ एनसीएलएटी में अपील दायर

**›› कर्मचारी भगवती सिंह ने दायर की है अपील**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भगवती सिंह ने एनसीएलएटी, नयी दिल्ली में एनसीएलटी द्वारा 08.01.2025 को इंकैब कंपनी के खिलाफ पारित आदेशों के खिलाफ एनसीएलएटी में अपील दायर की है।

अपील में भगवती सिंह ने कहा है कि एनसीएलटी ने बिना कोई वैध कारण बताये इंकैब के जमशेदपुर प्लांट के लगभग 2000 श्रमिकों के वैध दावे को खारिज कर दिया।

एनसीएलटी ने एक बेतुका आदेश पारित करते हुआ कहा कि पूर्व रेसोलुशन प्रोफेशनल श्री शशि अग्रवाल के खिलाफ आरोप श्री शशि अग्रवाल को हटाने के साथ ही निरर्थक हो गया तदनुसार, हम इस आवेदन को खारिज करते हैं। हलाकि पीएफ विभाग के आवेदन पर आदेश पारित करते हुआ नये रेसोलुशन प्रोफेशनल, पंकज टिबरेवाल को आदेश दिया कि मजदूरों के पीएफ और ग्रेच्युटी के लिए रसोलूशनल प्लान में पूरी व्यवस्था करे जो कि तभी संभव है जब मजदूरों के सही और वैधानिक दावे को स्वीकार किया जाय!

मजदूरों ने अपने अपील में आगे कहा है कि माननीय एनसीएलटी ने जहाँ एक ओर यह माना हैं कि इंकैब ने आईसीआईसीआई और एक्सिस बैंक से 1985 और 1988 में कर्ज लिया था पर माननीय एनसीएल टी ने इस बात को अनदेखा किया कि इंकैब कंपनी



जमशेदपुर में बंद पड़ा इंकैब इंडस्ट्रीज का प्लांट।

1993 -1996 तक पूरी तरह बंद रही थी इसलिए ये सारे कर्ज 1992 में गैर निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में तब्दील हो गए और 1996 के बाद कालातीत हो गए और इन कर्जों की देनदारी 1996 के बाद सदा के लिए समाप्त हो गयी। पर माननीय एनसीएलटी ने दिवाला और दिवालियापन संहिता की धारा 238 अ और परिसीमन अधिनियम के अनुच्छेद 137 के तहत इन कर्जों को कालातीत घोषित नहीं किया और रमेश घमंडी राम गोवानी की कंपनियों कमला मिल्स लिमिटेड और फसका इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड के फर्जी दावों को रिजोल्यूशन प्रोफेशनल पंकज टिबरेवाल को फिर से सत्यापित करने को कहा। ज्ञातव्य है कि कमला मिल्स और फसका कंपनियों ने यह फर्जी दावा किया है कि आईसीआईसीआई बैंक ने उन्हें अपनी गैर निष्पादित आस्तियों (एनपीए) को 21-02-2006 में बेच दिया था। दूसरी ओर माननीय एनसीएलटी ने अप्रत्याशित तरीके से पेगासस रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के फर्जी दावे को स्वीकार कर लिया। ज्ञातव्य है कि पेगासस ने भी फर्जी दावा किया है कि आईसीआईसीआई बैंक ने उसे 29 -02 -2016 को अपनी गैर निष्पादित आस्तियों (एनपीए) को बेच दिया था। जबकि यह स्थापित कानून है कि अगर तीन साल तक वसूली कि कोई प्रक्रिया नहीं शुरू कि गयी तो तीन साल के बाद सारे कर्जे कालातीत हो जाते हैं और उसकी देनदारी खत्म हो जाती है।

एनसीएलटी ने इसी तरह की गलती ट्रॉपिकल वेंचर्स के फर्जी दावे पर भी की है। ट्रॉपिकल वेंचर्स ने दावा किया है कि आईसीआईसीआई, एक्सिस, एचएसबीसी और सिटी बैंकों ने इंकैब को 1998 को जो कर्ज दिया था उस कर्ज को यूनिवर्सल लीडर ने 2000 और 2001 में लौटा दिया और उस कर्ज को 08 - 03 - 2007 को एक असाइनमेंट डीड के द्वारा उसे बेच दिया। मजदूरों ने अपने अपील में माननीय एनसीएलएटी में गुहार लगाई है कि 1998 में इंकैब को दिए गए किसी कर्ज का कोई दस्तावेज माननीय एनसीएलटी के पास नहीं है और अगर थोड़ी देर के लिए मान भी लें कि 1998 में आईसीआईसीआई, एक्सिस, एचएसबीसी और सिटी बैंकों ने इंकैब को कोई कर्ज दिया था तब भी ये सारे कर्ज 30 -09 -2017 तक पूरी तरह से कालातीत हो गए और इंकैब की 30 -09 -2017 के बाद कोई देनदारी इन बैंकों को नहीं है।

मजदूरों ने एनसीएलएटी को यह भी बताया है कि माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने 06 -01 -2016 के आदेश में बिल्कुल साफ साफ लिखा है कि इंकैब कि सभी बैंकों और वित्तीय संस्थानों केवल 21 करोड़ 63 लाख देने हैं पर एनसीएलटी ने कमला मिल्स, पेगासस, ट्रॉपिकल वेंचर्रस आदि फर्जी कंपनियों के 4000 करोड़ के फर्जी दावे को मंजूर कर लिया।

# बोर्ड के पास प्रदूषण के रियल टाइम आंकड़े नहीं : सरयू राय

■ वायु प्रदूषणः सरयू राय ने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को लिखा पत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमसेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को पत्र लिख कर जमशेदपुर में वायु प्रदूषण की जांच की तरफ उनका ध्यान आकर्षित किया है।

सरयू राय ने उपायुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि जमशेदपुर के कुछ अखबारों के अनुसार, मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आपके स्तर से उपर्युक्त विषय में एक टीम गठित की गई है जिसने कल जमशेदपुर के प्रमुख उद्योगों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की है और आगे राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सर्वर से प्रासंगिक आंकड़े प्राप्त कर टीम इस बारे में ठोस निष्कर्ष पर पहुंचेगी।

श्री राय ने लिखा कि जमशेदपुर के वायु प्रदूषण पर मुख्यमंत्री की गम्भीरता और तदनुसार आपके स्तर से की गई पहल सराहनीय है, परंतु उन्हें (श्री राय) इस पहल की सफलता पर संदेह है। कारण यह है कि जमशेदपुर में ऑनलाइन रियल टाइम प्रदूषण के सही आंकड़े राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पास नहीं है। इस संबंध में बोर्ड ने अपने कर्तव्य का निष्ठापूर्वक पालन नहीं किया है। विगत दिनों जमशेदपुर सहित झारखंड के अन्य स्थानों पर प्रदूषण की स्थिति के बारे में विधानसभा में पूछे गए मेरे एक प्रश्न के भ्रामक उत्तर, कहा जाय तो गलत उत्तर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दिया है।



श्री राय ने लिखा कि एंबियंट एयर क्वालिटी स्टैंडर्ड, 2009 के अनुसार, वायु प्रदूषण के 12 पैरामीटर्स को ऑनलाइन रियल टाईम प्रदर्शित करने के लिए फैक्ट्रियों के भीतर और बाहर सीएएक्यूएमएस (कंटीन्यूअस एंबियंट एयर क्वालिटी मॉनीटरिंग सिस्टम) स्थापित करना है। कुछ ही फैक्टरियों ने यह सिस्टम स्थापित किया है वह भी सभी 12 पैरामीटर्स के लिए नहीं। जिन फैक्टरियों ने अपने चहारदीवारी के भीतर यह सिस्टम लगाया है, वे भी इसके सेंसर के साथ छेड़छाड करते रहती हैं। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इसके प्रति कभी गंभीर नहीं रहा है। इन आंकड़ों की मैनुअल आकस्मिक जांच तो बोर्ड ने कभी किया ही नहीं है।

सरयू राय के अनुसार, फैक्ट्रियों के बाहर साकची चौक, बमार्माइंस चौक, डिमना चौक, मानगो चौक, बिष्टुपुर चौक जैसे सार्वजानिक स्थानों पर तो जमशेदपुर में एक भी सीएएक्यूएमएस स्थापित नहीं है। फिर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से जमशेदपुर के प्रदूषण के आँकड़े कहाँ से मिलेंगे? इसके अतिरिक्त सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शानुसार रेड श्रेणी के सभी उद्योगों को ओसीईएमएस (ऑनलाइन कंटीन्यूअस एमिशंस एंड इफ्यूलेंट मऑनीटरिंग सिस्टम) स्थापित करना है जो सीधे प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सर्वर से जुड़ा रहेगा। इस मामले में भी उद्योगों द्वारा कोताही और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। फिर कोई भी टीम बन जाए, जमशेदपुर के प्रदूषण के सही आंकड़े नहीं प्राप्त हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त परिवहन एवं अन्य प्रदूषकों से होने वाले आंकड़ों को एकत्र करने के लिए जमशेदपुर में एक भी उपकरण स्थापित नहीं है। इस मामले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लापरवाह और क्षमताविहीन भी है।

## जेसीएपीएल 2025 क्रिकेट टूर्नामेंट टेल्को में 8-9 को

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सोसाइटी (जेसीएस) द्वारा शहर के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट जेसीएपीएल 2025 का आयोजन 8 और 9 फरवरी को ट्यूब मेकर्स क्लब, टेल्को में किया जायेगा। इसके शीर्ष प्रायोजक कुलदीप संस ज्वेलर्स, जबकि ट्रैस्टार मोटर्स पावर्ड बाय प्रायोजक हैं। टूर्नामेंट में जमशेदपुर के लगभग 100 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स हिस्सा लेंगे, जिनमें 6 पुरुषों की और 2 महिलाओं की टीमें शामिल हैं। यह पहली बार होगा जब महिला चार्टर्ड अकाउंटेंट्स भी क्रिकेट के मैदान में उतरेंगी। टूर्नामेंट की टीमों के नाम इस प्रकार हैं:- 1. दलमा डायनामाइट्स, 2. डिमना ड्यूक्स, 3. जमशेदपुर जुबिलियंट्स, 4. कालीमाटी राजा, 5. स्टील स्मैशर्स, 6.टाटा टाइटन्स, 7. जुबली क्वींस (महिला टीम) एवं 8. जमशेदपुर दिवस (महिला टीम)।

## दलमा टॉप पर होगी आजसू पार्टी का संगठन विस्तार को ले कोल्हान प्रमंडल स्तरीय बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** 10 फरवरी को पूर्वी सिंहभूम,पश्चिम सिंहभूम और सरायकेला खरसावां जिला का कोल्हान प्रमंडल स्तरीय संगठन विस्तार को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक निर्मल गेस्ट हाउस जमशेदपुर में आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति की बैठक में आयोजित की हुई।

अध्यक्षता कर रहे आजसू पार्टी जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह ने बताया कि पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत सभी केंद्रीय पदाधिकारी, सभी जिला पदाधिकारी, सभी प्रखंड अध्यक्ष सचिव सभी मंडल अध्यक्ष



बैठक को संबोधित करते पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस।

सचिव के आलावे चयनित पदाधिकारी संग दलमा हिलटॉप में बैठक करेंगे। इसमें आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

इसके अलावा, तीन जिलों के केंद्रीय पदाधिकारी एवम सदस्य, जिला पदाधिकारी एवं सदस्य, नगर पदाधिकारी एवं सदस्य, प्रखंड पदाधिकारी एवं सदस्य, जिला परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख एवं अन्य वरिष्ठ नेता बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

बैठक में केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा कि बैठक में प्रमुख रूप से कार्य करने वाले पदाधिकारियों को टास्क दिया जायेगा जो निम्नलिखित बिंदुओं पर कार्य करेंगे।

## घाघरा की खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल हुए विधायक जगत माझी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**मनोहरपुर।** सरस्वती पूजा के अवसर पर अभिनव समिति घाघरा की ओर से आयोजित दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हुआ। समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मनोहरपुर के विधायक जगत माझी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में बच्चों से लेकर युवा एवं महिलाओं के लिए भी कई प्रतियोगिता आयोजित की गई। वहीं



विजेताओं को विधायक के हाथों पुरस्कृत किया गया। विधायक ने दूसरे दिन का खेल का फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके साथ पूरे मैदान का भ्रमण कर ग्रामीणों का अभिवादन किया। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। विधायक ने कहा खास अवसरों पर गांवों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम हमारी संस्कृति का हिस्सा है। इस आयोजन से आपसी मित्रता बढ़ती है और ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है।

## वर्कर्स कॉलेज : मानसिक-स्वास्थ्य कल्याण पर दो दिवसीय सेमिनार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर वर्कर्स महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एनएसएस) और मनोविज्ञान विभाग ने मानसिक-स्वास्थ्य कल्याण पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के पहले दिन मुख्य अतिथि जमशेदपुर के आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर की श्रीमती मोक्षिता गौतम द्वारा ध्यान और प्राणायाम का सत्र आयोजित किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन प्राचार्य डॉ सत्यप्रिय महालिक ने ऑनलाइन माध्यम से किया और तेज गति की जिंदगी में योग और ध्यान के महत्व को दोहराया। अध्यक्षता प्रोफेसर इंचार्ज डॉ अनिल चंद्र पाठक ने की। मुख्य अतिथि ने अपने विचार और संघर्षों को साझा किया और छात्रों से संवाद करने, आत्मविश्वास रखने पर जोर दिया।

# साकची में केंद्रीय श्रम यूनियनों ने किया विरोध-प्रदर्शन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** केंद्रीय बजट प्रस्ताव 2025-26 के साथ-साथ चार श्रम संहिताओं को लागू करने की पहल के खिलाफ 5 फरवरी 2025 को देशव्यापी विरोध कार्यक्रम आयोजित करने के ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच के निर्णय के अनुसार आज पूरे कोल्हान क्षेत्र में ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच द्वारा विरोध कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विभिन्न कार्यस्थल स्तरीय कार्यक्रमों के अलावा केंद्रीय कार्यक्रम बिरसा चौक, साकची में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया, जिसमें नुक्कड़ सभा के बाद बजट प्रस्ताव और 4 श्रम संहिताओं का पुतला फूंका गया।

नुक्कड़ सभा में वक्ताओं ने एक स्वर में बजट प्रस्तावों की निंदा करते हुए इसे आम आदमी के साथ विश्वासघात और राष्ट्रीय संपत्ति की लूट का खाका बताया। इसके साथ ही श्रम संहिताओं को लागू करने की सरकार की बेताब पहल की निंदा की गई , कहा गया कि चारों श्रम संहिताएं श्रमिकों के अधिकारों की मौत का वारंट होंगी। यह भी कहा गया कि श्रम संहिताओं



के कार्यान्वयन की घोषणा होने पर इसके विरोध में सभी उद्योगों और क्षेत्रों के श्रमिक अखिल भारतीय हड़ताल पर जाएंगे।

कार्यक्रम को संबोधित करने में श्री बिनोद राय, अंबुज ठाकुर, बिश्वजीत देब , आर एस राय, परविंदर सिंह, हीरा अरकाने, संजय कुमार, केडी प्रताप , धनंजय शुक्ला, नागराजू, मनोज सिंह , एन.एन. पॉल ,विक्रम कुमार, पी.आर. गुप्ता, लिली दास , विष्णु गिरी, सुमित राय, सुब्रत बिस्वास आदि ने संबोधित किया।

वक्ताओं ने बताया- बजट प्रस्ताव एक ओर कारपोरेट घरानों को परमाणु ऊर्जा और कृषि जैसे संवेदनशील क्षेत्रों पर कब्जा करने का अवसर देगा, वहीं दूसरी ओर बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई के साथ ही खनन, बिजली तथा अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सेवाओं के निजीकरण की गति को तेज करेगा। कॉरपोरेट के इशारे पर इजऑफ डूइंग बिजनेसके नाम पर बजट प्रस्ताव भी बनाये गये।

## एक नजर में

### पेसा कानून लागू करने से पहले प्रारूप को सार्वजनिक करें सरकार : श्यामल मार्डी



**चांडिल।** बुधवार को कुंकडू के चोकेगाड़ीया में शयामल मार्डी की अध्यक्षता में पेसा एक्ट 1996 के संबंध में विशेष विचार विमर्श को लेकर बैठक की गयी। यह बैठक आदिवासी भूमिज–मुंडा युवा संगठन चांडिल अनुमंडल के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बैठक में पेसा एक्ट 1996 के सभी मूल प्रावधानों के संबंध में उपस्थित लोगों को जानकारी दिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सरकार पेसा कानून लागू करने से पहले पेसा नियमावली की प्रारूप को सार्वजनिक करें। इस मौके पर श्यामल मार्डी, रविन्द्र सरदार, रमेश हांसदा, डोमन बासके, नारायण हांसदा सहित कई लोग उपस्थित थे।

### घोड़ाबाबा मंदिर में पूजा कर बाइक से गये त्रिवेणी



**गम्हरिया।** घोड़ाबाबा मंदिर में पूजा अर्चना कर गम्हरिया क्षेत्र के चार युवक बुधवार को दो बाइक पर सवार होकर त्रिवेणी संगम प्रयागराज महाकुंभ रवाना हुए। युवकों ने बताया कि 144 वर्ष पश्चात अब यह महाकुंभ का योग आया है। इसलिए इस महाकुंभ में हर एक व्यक्ति को जाकर स्नान करना चाहिए। बताया कि उन्होंने प्रयागराज के लिए बस और ट्रेन के टिकट का काफी प्रयास किया, लेकिन टिकट उपलब्ध नहीं हो पाया। हवाई जहाज की टिकट काफी ज्यादा महंगी होने के कारण उन्होंने तय किया कि अब वह इस दूरी को अपनी बाइक से ही तय करेंगे। बाइक से प्रयागराज रवाना होने वालों में गम्हरिया निवासी गौरव बनर्जी, अनुज कुमार दास, फुची गोराई एवं सुकुमार दास शामिल हैं।

### जादूगोड़ा : बेटी प्रियंका भक्त बनी बीएड टॉपर



**जादूगोड़ा।** यूसिल कर्मी अमियों रंजन की बेटी प्रियंका भक्त जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की बीएड टॉपर बन जादूगोड़ा का नाम रौशन किया है। झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने मंगलवार को सिदगोड़ा कॉलेज कैंपस में आयोजित दीक्षित समारोह में गोल्डमेडल, प्रमाण पत्र डिग्री देकर सम्मानित किया। प्रियंका जादूगोड़ा स्थित परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय में 2015 में मैट्रिक की छात्रा रही हैं। यही से 12वीं की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर उच्च शिक्षा हेतु प्रियंका भक्त ने 2023 में गुरु गुरु घासी विश्वविद्यालय बिलासपुर में नामांकन लिया। कड़ी मेहनत के बल पर वह बायोटेक्नोलॉजी में गोल्ड मेडल हासिल कर अपने हुनर का प्रदर्शन किया गोल्ड मेडल हासिल की। जिससे प्रभावित होकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें सम्मानित कर उसका हौसला अफजाई की थी। इस सफलता की लेकर प्रियंका भक्त काफी गौरवान्वित महसूस कर रही है व युवाओं को सफलता के कई टिप्स भी दिये।

### हेंसलआमदा में माघ पूजा पर पारंपरिक कार्यक्रम




**पोटका।** प्रखंड के हेंसल आमदा पंचायत में माघ पूजा पर पारंपरिक एवं भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पोटका विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। उन्होंने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और परंपरागत नगाड़ा बजाकर ग्रामवासियों का अभिवादन स्वीकार किया। विधायक ने कहा कि आदिवासी समाज सदियों से प्रकृति पूजन की परंपरा निभाता आ रहा है, जो हमारी सांस्कृतिक पहचान का आधार है। धर्म और समाज को एकजुट करने की शक्ति हमें प्रकृति से मिलती है, इसलिए इसे संरक्षित रखना सभी का कर्तव्य है। ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी परंपराओं को जीवंत किया।

### विद्या भारती चिन्मय विद्यालय, टेल्को में कक्षा चार तक के लिए शुरू किया गया खेल उत्सव



**जमशेदपुर।** विद्या भारती चिन्मय विद्यालय के मिनी स्टेडियम में बुधवार, 5 फरवरी को कक्षा 1 से कक्षा 4 तक के विद्यार्थियों के लिए विष्णु चंद्र दीक्षित, सचिव, विद्यालय प्रबंधन समिति एवं प्राचार्या ती मीना विल्खु के मार्गदर्शन में वार्षिक खेल उत्सव 'स्पोर्टिंग स्पार्कल्स' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण से किया गया। प्राचार्या ने वार्षिक खेल दिवस के आरंभ की औपचारिक घोषणा की। कक्षा 6 के छात्रों ने अन्तर्सदनीय मार्च पास्ट के साथ भव्य तरीके से अवसर की भावना में प्रवेश किया। दिवस विशेष का आकर्षण कक्षा 1 से 4 के विद्यार्थियों द्वारा ड्रिल की बेहतरीन प्रस्तुति थी।

### आजादनगर थाना प्रभारी ने की शांति की अपील



**जमशेदपुर।** आजादनगर थाना के नए थाना प्रभारी चंदन कुमार ने शांति समिति के सदस्यों, समाजसेवियों, बुद्धजीवी, उलेमा, मस्जिद के इमाम के संग एक बैठक कर लोगों से मिले और शब ए बारात त्यौहार पर होने वाली कठिनाइयों और उनकी समस्याओं को सुना। इसके पश्चात उनके समाधान के लिए स्वयं खड़े होकर परेशानियों को हल करना का आश्वासन दिया। कहा कि आप फोन से भी क्षेत्र में हो रहे अड्डेबाजी, छेड़खानी और नशा करने वालों की सूचना दे जिन पर तुरंत कार्रवाई की जायेगी। कब्रिस्तान कमिटी से आए हुए मुख्तार शफी मिस्टर भाई ने शब ए बारात के दिन कब्रिस्तान में हो रहे भीड़ से बचने के लिए सहयोग मांगा। नए थाना प्रभारी का बुद्धजीवी समाजसेवी की ओर से शांति समिति के सचिव मुख्तार आलम खान एवं शेख बदरुद्दीन ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इसमें साबरी मस्जिद के पूर्व इमाम मोहम्मद सगीर फैजी, मदरसा ज़ियाया दारुल कीरत के फाउंडर चेयरमैन कारी असलम रब्बानी, सैयद तारिक भी थे।

# दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला में दिखेगी जनजातीय संस्कृति की झलक

- मेला को वृहत रूप देने में जुटा पलामू जिला प्रशासन
- मेला का आयोजन 11 एवं 12 फरवरी को, तैयारियों को लेकर समाहरणालय में हुई बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मेले की तैयारी को लेकर बैठक करते डीडीसी व अन्य पदाधिकारी।

**मेदिनीनगर।** राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला-2025 का आयोजन 11 एवं 12 फरवरी को दुबियाखांड़ में होगा। पलामू जिला प्रशासन इसे वृहद रूप देने के प्रयास में जुटी है। मेले में जनजातीय विकास की थीम पर समृद्ध जनजातीय संस्कृति की झलक दिखाने की पूरी तैयारी की जा रही है। आदिवासी विकास महाकुंभ मेला में जहां कई जनजातीय सेलिब्रिटी जुटेंगे, वहीं जनजातीय विषयों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। मेला में जनजातीय वाद्य यंत्रों की गूंज सुनाई देगी। वहीं पारंपरिक वेशभूषा में स्थानीय कलाकार एवं समाज के दूसरे प्रदेशों में निवास कर रहे जनजातीय कलाकार ढोल, नगाड़ा व मांदर की थाप पर थिरकते नजर आयेंगे। राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला के सफल संचालन को लेकर आज मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त जावेद हुसैन की अध्यक्षता में बैठक हुई। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार एवं डीडीसी शब्बीर अहमद भी थे।

**आदिवासी महाकुंभ मेला परिसर में प्रशासन ने की वृहद तैयारी प्रारंभ**

राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला परिसर में जिला प्रशासन की ओर से वृहद तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। मेला परिसर में 40 से अधिक स्टॉल लगाए जा रहे हैं। यहां जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों को स्टॉल आवंटित किये जायेंगे, जहां सरकार की योजनाओं की जानकारी एवं लाभ सीधे लाभुक वर्ग को मिलेगी। मेला में आमजनों को चिकित्सकीय सुविधा पहुंचाते हुए स्वास्थ्य लाभ दिया जाएगा। इसके लिए मेला में स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्टॉल लगाकर लोगों की स्वास्थ्य जांच की जायेगी। वहीं जरूरतमंद व्यक्तियों को आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध करायी जायेगी।

### ऑक्सफोर्ड स्कूल में 12वीं के लिए विदाई सह आशीर्वाद समारोह का आयोजन

# विद्यार्थियों के शैक्षणिक वातावरण, लगन, योगदान और अनुशासन अविस्मरणीय है : प्राचार्य डॉ एके सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में गुरुवार को 12वीं के लिए विदाई सह आशीर्वाद समारोह किया गया। प्राचार्य डॉ एके सिंह ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। 11वीं के छात्रों ने 12वीं के छात्रों के लिए, कार्यक्रम किया। 12वीं के विद्यार्थियों को 11वीं के छात्रों ने मंच पर स्वागत किया। इसी संदर्भ में बालिकाओं ने स्वागत नृत्य की मनोरम प्रस्तुति दी। तत्पश्चात 11वीं के छात्रों ने 12वीं के छात्रों के लिए अनेक प्रस्तुति एवं भाषण दिये।





दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि व सम्मान के साथ विद्यार्थी व अन्य।

**खास बातें :** 11वीं की छात्रा श्रुति ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। 11वीं की बालिकाओं ने सामूहिक गीत एवं नृत्य की अनुपम प्रस्तुति हुई। इसी क्रम में कक्षा 12वीं की वार्षिक गतिविधियों के आधार पर प्रिया कुमारी एवं पूजा भारती को मिस ऑक्सफोर्ड एवं रितिक जायसवाल को मिस्टर ऑक्सफोर्ड चुना गया। मिस एवं मिस्टर ऑक्सफोर्ड को प्राचार्य ने ताज एवं सेसे पहनाकर सुशोभित किया। 12वीं के छात्रों ने अपने अनुभव प्रस्तुत किये। 12वीं के छात्रों के लिए विभिन्न प्रकार के सामूहिक खेल एवं मनोरंजन हुए। मिस्टर ऑक्सफोर्ड रितिक जायसवाल एवं मिस ऑक्सफोर्ड प्रिया कुमारी एवं पूजा भारती ने भी विद्यालय, छात्रों और शिक्षकों के अनुभव, गुणवत्ता, कर्मठता की प्रशंसा की। मैनाक मुखर्जी, दिलीप मिश्रा, प्रदीप मंडल, भरतलाल वर्मा आदि शिक्षकों ने क्रमशः विद्यालय और छात्रों के प्रति अपने विचार व्यक्त किये। शिक्षकों की छत्रछाया में अध्ययन के लिए हम आभारी हैं तथा अनजाने में हुई गलतियों के लिए क्षमाप्रार्थी हैं। प्राचार्य और शिक्षकों की कड़ी मेहनत और लगन ने उन्हें एक अलग और अद्भुत पहचान दी है। प्राचार्य डॉ एके सिंह ने 12वीं के छात्रों के प्रति आत्मीय लगाव और उनके अनुशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि हम ईश्वर से आपके भावी जीवन स्वास्थ्य, समृद्धि, खुशहाली और अच्छे परीक्षा परिणाम की कामना करते हैं।

## स्पीड न्यूज

### गबरू मियां के परिजन सम्मानित



**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला ज्ञान दीप कॉन्वेंट स्कूल प्रबंधन ने बुधवार को गबरू मियां के परिजनों को सम्मानित किया। बताते चलें कि गबरू पिछले 25 वर्षों से अपनी ठेला पर मां सरस्वती की प्रतिमा को रख नगर भ्रमण के उपरांत कोयल नदी में विसर्जित कराते थे। विसर्जन जुलूस में गबरू मियां बच्चों के साथ जयकारा लगाते झूमते भी रहते थे। कुछ माह पूर्व उनका निधन हो गया था। स्कूल प्रबंधन व बच्चों को इस बार सरस्वती पूजा महोत्सव में उनकी कमी खली। स्कूल प्रबंधन ने गबरू के परिजनों को बुलाकर सम्मानित किया।

### 48 घंटे से हरिहरगंज में ब्लैक आउट

**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड क्षेत्र में पिछले 48 घंटे से ब्लैक आउट की स्थिति है। बिजली नहीं रहने से प्रखंड वासियों में हाहाकार मचा हुआ है। खासकर शहरी क्षेत्र में लोगों को उपयोग के लिए पानी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। लोग वैकल्पिक व्यवस्था के लिए परेशान दिखे। मालूम हो कि सोमवार की देर रात सूलतानी घाटी के समीप अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से 33 हजार वोल्ट प्रवाहित तार के खंभा टूट गया है। जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित है। विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता पंकज मेहरा ने बताया कि विभाग खंभा बदलने के साथ ही विद्युत तार खींच रहा है। देर रात तक क्षेत्र में बिजली बहाल होने की उम्मीद है।

### शिक्षक की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह



**पाटन पलामू।** राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय पचकेड़िया पाटन 02 पलामू के सहायक अध्यापक संप्रति पारा शिक्षक भोला महतो के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह किया गया। जिसमें शिक्षक को भावभीनी विदाई दी गयी। मौके पर बीआरपी राज मुनि प्रजापति एवं संजय कुमार सीआरपी शामिल थे। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते हैं। समाज को शिक्षक की हमेशा जरूरत होती है। मौके पर सहायक अध्यापक सूरत राम, सुभाष मेहता, प्रमोद मेहता, सुरेंद्र विश्वकर्मा, रामानंद कुमार, पुनीता कुमारी आदि मौजूद थे।

### जिले के कर्मचारी हस्ताक्षर अभियान को सफल बनायें : झारोटेफ जिला अध्यक्ष



**मेदिनीनगर।** झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड ऑल एम्प्लाईज फेडरेशन ने कर्मचारियों के प्रमुख मांगों को लेकर आंदोलन की शुरुआत की है। झारोटेफ के जिलाध्यक्ष मनोज मेहता ने कहा कि राज्य के अन्य कर्मचारियों के समान शिक्षकों को भी एमएसीपी का लाभ दिया जाये। सेवानिवृति की उम्र 62 वर्ष किया जाये एवं केंद्रीय कर्मचारियों के समान राज्य के कर्मचारियों को भी शिशु शिक्षण भत्ता का लाभ दिया जाये।

### हजरत रहमतुल्लाह अलैह का उर्स कल



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** हजरत अनजान शाहदाता रहमतुल्लाह अलैह का 90वां उर्स लेस्लीगंज में 6 फरवरी को मनाया जायेगा। बताते चलें कि इस उर्स मुबारक मौके पर यहां बुढ़वा बाबा के मजार पर चादरपोशी को लेकर हजारों हजार लोगों की भीड़ होती है। जहां लोग अपने सलामती की दुआ मांगते हैं। मौके पर कव्वाली भी होती है। जहां हिन्दुस्तान के मशहूर व मारूफ कव्वाल आतिश मुराद (कव्वाल) बेलजियम (कर्नाटक) एवं इंतेजार शाबरी (कव्वाल) बिजनौर नागपुर के बीच रात 9 बजे से तमाम रात कव्वाली का शानदार मुकाबला होगा। अंजुमन मिल्लते इस्लामिया कमेटी के सदर मो. हफीजुर्रहमान ने बताया कि गुरूवार 6 फरवरी को नमाज फजिर उर्स के मौके पर मजार का गुस्ल व छींटा होगा।

### किसी हाल में धर्म का साथ न छोड़ें : मनोज



**मेदिनीनगर।** बारालोटा पांकी रोड स्थित जनकपुरी मंदिर प्रांगण में श्री रामचरितमानस नवाह्न पारायण महायज्ञ के 49वां अधिवेशन को लेकर मानस पाठ शुरू हुआ। बुधवार को श्रीराम दरबार की प्रतिमा का विधिवत पूजा अर्चना की गयी। यज्ञाचार्य पंडित उमेश चंद पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान एवं पूजा संपन्न कराया। यजमान बृजलाल तिवारी एवं उनकी धर्मपत्नी पूजा अनुष्ठान में सक्रिय थे। मेदिनीनगर नगर निगम के भावी महापौर प्रत्याशी मनोज सिंह ने कहा कि ऐसे धर्म के आयोजन होने से गांव ही नहीं अगल-बगल के गांव में भी शुद्ध होता है। जहां तक यज्ञ के हवन की धुआं जाता है वहां तक का वातावरण शुद्ध हो जाता है। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में धर्म का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। क्योंकि जीवन में धर्म ही सर्वोपरि है।

### हुसैनाबाद और रोहतास पुलिस ने किया सोन के डिला पर 10 एकड़ में लगी पोस्ता की खेती नष्ट

# पोस्ते के नष्ट पौधों की अनुमानित कीमत 20 लाख रुपये : एसडीपीओ

**गौतम पटेल**





पोस्ता की खेती को नष्ट करते जवान व इनसेट में आईपीएस सह हुसैनाबाद एसडीपीओ मोहमद याकूब।

**हुसैनाबाद पलामू।** गुप्त सूचना के आधार व पुलिस अधीक्षक पलामू के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सह आईपीएस मोहम्मद याकूब एवं देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार तथा बिहार रोहतास पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में सोन नदी के डिला पर दस एकड़ में लगे पोस्ते की खेती को नष्ट किया।

हुसैनाबाद एसडीपीओ मो याकूब ने प्रेसवार्ता कर बताया कि पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसपी पलामू के निर्देश में एक पुलिस टीम बनायी गयी। साथ ही साथ रोहतास एसपी से समन्वय बना कर सोन नदी के दियरा इलाके में सोनडीला पर संयुक्त छापामारी की गयी, जहां पाया गया कि लगभग दस एकड़ में पोस्ता की खेती फल फूल रही है। जिसे एफएसएल टीम, रोहतास के ने जब्त करने के उपरांत दंडाधिकारी की मौजूदगी में पौधों को विनष्ट किया। जिसका अनुमानित मूल्य 20 करोड़ रुपये आंका गया है। इस मामले में रोहतास पुलिस अग्रेतर कार्रवाई कर रही है। छापामारी दल में हुसैनाबाद एसडीपीओ मो याकूब, डिहरी एसडीपीओ रोहतास, डिहरी-01 एसडीपीओ बबलू कुमार, प्रभारी देवरी ओपी, पलामू डीएसपी रंजन टूटी, अंगरक्षक सिप्रियन लकडा, अंगरक्षक एसडीपीओ हुसैनाबाद शैलेश कुमार रवि, रिजर्व गार्ड देवरी ओपी, पलामू, एफएसएल टीम रोहतास, रोहतास पुलिस सशस्त्र बल शामिल थे। जब्त सामानों की विवरणी, करीब दस एकड़ में लगाया गया अफीम के छोटे-बड़े पौधे महत्वपूर्ण दस्तावेज सहित कई सामान जब्त किये गये।

# प्रतीक्षा सूची से छूटे योग्य लाभुकों के सर्वे कार्य में लायें तेजी: डीडीसी शब्बीर अहमद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- मनरेगा के मानव दिवस सृजन की धीमी प्रगति पर तीन प्रखंडों के बीडीओ-बीपीओ से कारण पृच्छा
- आवास योजना की धीमी प्रगति से डीडीसी नाराज, रोज अनुश्रवण कर 100% उपलब्धि का निर्देश
- डीडीसी ने मनरेगा, पीएम आवास ग्रामीण, पीएम जन-मन, अबुआ आवास की ऑनलाइन समीक्षा की



**पुरानी लंबित योजनाओं को एक सप्ताह में बंद करें :** 2021-22 एवं पूर्व की 14681 पुरानी लंबित योजना को अभिलंब मनरेगा सॉफ्ट में बंद करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने ज्यादा योजना लंबित रखने वाले प्रखंड हुसैनाबाद (4115), पाटन (2524), पांकी (1016), तरहसी (863), नीलांबर-पीतांबरपुर (669) एवं चैनपुर (662) के साथ अन्य प्रखंडों को एक सप्ताह में पुरानी लंबित योजना को बंद करने का निर्देश दिया गया।

**मेदिनीनगर।** डीडीसी शब्बीर अहमद ने मनरेगा, पीएम आवास योजना-ग्रामीण, पीएम जन-मन एवं अबुआ आवास योजना की ऑनलाइन समीक्षा की। उन्होंने अपने कार्यालय वेश्म में वीडियो कांफ्रेंसिंग से योग्य लाभुकों को शत प्रतिशत आवास देने की स्थिति एवं मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन की अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते हुए कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन की अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रखंड विश्रामपुर, मेदिनीनगर, पाटन, हुसैनाबाद, मोहम्मदगंज एवं पांकी का अबतक 65.78% से कम मानव दिवस सृजन पर कड़ी अप्रसन्नता जताई। मानव दिवस में कम प्रदर्शन करने वाले तीन प्रखंड विश्रामपुर (58.21%), मेदिनीनगर (60.11%) एवं पाटन (61.25%) ही उपलब्धि होने पर संबंधित प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (बीपीओ) को कड़ी चेतावनी के साथ कारण पृच्छा एवं उक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) से भी कारण पृच्छा करने का निर्देश दिया। साथ ही माह जनवरी में सृजित मानव दिवस के तुलनात्मक वृद्धि करने के लिए एक सप्ताह का समय तय किया गया।

## कार्यपालक पदाधिकारी फैजुल के नेतृत्व में बन रहे प्रतिष्ठान/भवन का औचक निरीक्षण

**मित्तल सिंह**



**छतरपुर पलामू।** छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र में बुधवार को कार्यपालक पदाधिकारी फैजुल रहमान के नेतृत्व में नये बन रहे प्रतिष्ठान /भवन का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें कुछ लोग कार्यालय नोटिस के बाद भी बिना अनुमति लिए अपने प्रतिष्ठान/भवन का निर्माण करते हुए पाये गये। जिसमें मुन्नी लाल यादव, लखन यादव, अशोक यादव, प्रमोद यादव एवं अन्य लोगों का निर्माधिन प्रतिष्ठान भवन को सील करते हुए अंतिम अवसर के रूप में कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया गया कि दिये गये समय अनुसार काम बंद रखकर कार्यालय से अनुमति लेकर अपना प्रतिष्ठान भवन का कार्य शुरू करेंगे अन्यथा झारखंड नगर पालिका अधिनियम 2011 की धारा 426 द्वारा निमार्णाधीन भवन को अवैध निर्माण मानकर विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी फैजुर रहमान अंसारी, उनकी टीम में मुर्तुजा अंसारी नगर प्रबंधक, सुशील मिंज, शुभम कुमार, अजय कुमार, पिक कुमार भी थे।

## क्षेत्र की खुशहाली और समरसता के साथ सबका कल्याण हो : डब्लू राय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** प्रखंड के कोटखास ग्राम पंचायत में शिव संघ कोटखास द्वारा आयोजित श्री श्री सरस्वती पूजा महोत्सव 2025 के अवसर पर भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। उद्घाटन समाजसेवी नवल किशोर राय उर्फ डब्लू राय एवं लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संचालन भूतपूर्व शिक्षक शिवशंकर राम द्वारा किया गया। मौके पर समिति के पदाधिकारी द्वारा आए हुए अतिथियों का माला एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। भक्ति जागरण के कार्यक्रम में यूपी बिहार झारखंड सहित अन्य राज्यों में प्रसिद्ध कलाकार अक्षरा गुप्ता एवं ब्यास अंकु राय द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति मय संगीत का प्रस्तुति दी गयी। उपस्थित लोगों ने जमकर भक्ति रस का आनंद लिया। मौके पर अनिल मिस्त्री, अंजनी सिंह, निरंजन प्रसाद, अरुण दुबे, पप्पू सिंह, बबलू सिंह, कक्कू सिंह, रंजीत शर्मा, विकास शर्मा, टिंकू ठाकुर, दीपरंजन राय, करना शर्मा भी थे।

### समाहरणालय में शोक सभा का आयोजन



**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद के अवर निबंधक कार्यालय में पदस्थापित प्रधान सहायक विनोद कुमार दास के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित की गयी। डीडीसी के नेतृत्व में समाहरणालय में आयोजित शोक सभा में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उनकी आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखे।

### विवेकानंद पब्लिक स्कूल की प्रतिमा का विसर्जन



**विश्रामपुर (पलामू)।** आरापुर महुआई दुर्गा ऑफिस के पास स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल में मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन बुधवार को किया गया। विसर्जन से पहले मां सरस्वती की विशेष पूजा अर्चना की गयी जिसमें पूरा स्कूल परिवार शामिल हुआ। मौके पर स्कूल के निदेशक ऋतुराज मिश्रा ने बताया कि मान्यता के अनुसार मंगलवार को मूर्ति विसर्जित नहीं किया जाता है। इसीलिए प्रतिमा को आज विसर्जित किया गया। विसर्जन के दौरान बच्चों द्वारा आकर्षक झांकी भी निकाली गयी। क्षेत्र भ्रमण के बाद जयकारे के बीच प्रतिमा को खूंटीसोट नदी में विसर्जित किया गया। मौके पर प्राचार्य तृप्ति मिश्रा, उप प्राचार्य शैली कुमारी, नेहा वर्मा, सीता देवी, पूजा कुमारी, रीता देवी प्रमोद सिंह सहित कई शिक्षक शिक्षिका मौजूद थे।

## एसएमसी संयोजकों का प्रशिक्षण संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** स्थानीय बीआरसी भवन में बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी विद्यालयों के एसएमसी संयोजक सह प्रधानाध्यपकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कौलेश्वर दास तथा विशिष्ट अतिथि बीपीएम शशि कुमार उपस्थित थे। वहीं सीआरपी के द्वारा उपस्थित प्रधानाध्यपकों को पलाश माड्यूल के तहत प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षक सीआरपी ओमप्रकाश मिश्रा, जितेन्द्र कुमार, संजय गुप्ता, अजित मिश्रा, दयानंद सिंह, अरविंद शर्मा, बीआरपी अनुज कुमार, सुनील कुमार, कार्यालय सहायक अमरजीत पटेल, एम्आईएस संतोष कुमार, प्रधानाध्यापक अजय कुमार राय, सुरेश सिंह, आनंद मोहन सिंह, अभिलाषा कुमारी थे।

### टेंपो पलटने से वृद्ध महिला की हुई मौत

**पाटन पलामू।** थाना क्षेत्र में एक टेंपो पलटने से उसपर सवार वृद्ध महिला की मौत हो गयी। जबकि इसमें दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। घटना दिन के 11:45 बजे की बतायी जा रही है। मृतका की पहचान कुंती कुंवर के रूप में हुई। घायल की पहचान राज कुमार सिंह के रूप में हुई। उसे एमएमसीएच अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं वृद्धा का शव भी एमएमसीएच मेदिनीनगर में ही पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बताया जाता है कि टेंपो चालक ने कुत्ते को बचाने में अपना नियंत्रण खो दिया।

## शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होते, नयी ऊर्जा के साथ आगे बढ़त हैं : नंदकिशोर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय धनगांव में सेवानिवृत शिक्षक सुशील तिवारी का विदाई का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य सह प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह शामिल थे। सेवानिवृत शिक्षक सुशील तिवारी जो 2004 से 2025 तक लगभग 21 वर्षों तक मध्य विद्यालय धनगांव में सेवा दिए वह सरानीय रहा। समारोह को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होता बल्कि नयी ऊर्जा के साथ जिंदगी का दूसरा सफर की शुरुआत करता है।

### लेस्लीगंज प्लस टू उच्च विद्यालय में सरस्वती पूजा सह वार्षिकोत्सव आयोजित



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्लस टू उच्च विद्यालय लेस्लीगंज में सरस्वती पूजा सह विद्यालय का वार्षिकोत्सव भी मनाया गया। प्रधानाध्यापक अमरेश कुमार सिंह ने कहा कि इस विद्यालय के प्रथम प्रधानाध्यापक स्वर्गीय रामबल्लभ तिवारी द्वारा खींचे गए लकीर से कुछ बड़ा करने का प्रयास है। इस प्रयास में विद्यालय परिवार के साथ-साथ अप्रत्यक्ष रूप से काफी लोगों का सहयोग मिल रहा है। स्व रामाबल्भ तिवारी के परिजनों ने गरीब एवं मेधावी बच्चों के लिए विद्यालय को 15 हजार नगर दिये। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक गीत व नाटक प्रस्तुत किया। वहीं माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले विद्यार्थी को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक अरविंद कुमार, विजय प्रकाश, विशाल कुमार, प्रतिमा कुमारी थे।

# पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने ताली में किया श्रीरामचरितमानस महायज्ञ का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी व अन्य।

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के ताली में श्री रामचरितमानस नवाह्न पारायण पाठ महायज्ञ के 16वां अधिवेशन का शुभारंभ पूर्व मंत्री सह पूर्व विधायक कृष्णानंद त्रिपाठी ने राम दरबार में पूजा अर्चना कर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। श्री त्रिपाठी ने कहा कि पर हित सरिस धर्म नहिं भाई पर पीड़ा नहीं अधम समाहित दूसरे का हित अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यही मानवता का सबसे बड़ी सीख हमें रामचरितमानस से लेना आवश्यक है और जीवन में उतारना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि रामचरितमानस हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। रामचरितमानस के आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है। वहीं रात्रि कथा वाचक आलोक पांडेय व अभिषेक पाठक ने श्रद्धालुओं को रात्रि में कथा सुनायी। यज्ञाचार्य पंडित बृजराज मिश्रा के सान्निध्य में यजमान पंडित राघवेंद्र कुमार तिवारी दिन में राम जन्मोत्सव मनाये। वहीं पाठकर्ता पंडित दीपक पाण्डेय जी ने अपने पाठकर्ता समुह के साथ गीत भजन से भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया। मौके पर यजमान राघवेंद्र कुमार तिवारी यज्ञ समिति के अध्यक्ष मार्कंडेय तिवारी, अक्षय तिवारी, अविनाश कुमार तिवारी, आशीष तिवारी (गोलू बाबू), विशाल तिवारी, प्रदीप तिवारी, अंकित तिवारी, उमेंद्र तिवारी, प्रमोद चौरसिया, लव प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

### सरस्वती पूजा को लेकर निकला विसर्जन जुलूस

# नाचते-गाते श्रद्धालुओं ने मां सरस्वती को दी अंतिम विदाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



रामगढ़ में विसर्जन जुलूस के दौरान नाचते गाते स्कूली बच्चे।

**रामगढ़ पलामू।** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार की शाम सरस्वती पूजा को लेकर विसर्जन जुलूस निकाला गया। विभिन्न पूजा समितियों के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों से विसर्जन जुलूस निकाला गया। विसर्जन जुलूस में नाचते गाते श्रद्धालुओं ने मां सरस्वती को अंतिम विदाई दी। इसमें छोटे बच्चों की संख्या अधिक थी। उनका उत्साह देखते ही बनता था। विभिन्न जल स्त्रोतों पर प्रतिमा विसर्जन किया गया। संवेदनशील इलाकों में प्रतिमा विसर्जन को लेकर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गयी थी। पुलिस पदाधिकारी और जवान अपने नेतृत्व में विसर्जन जुलूस को संपन्न कराया। कुछ जगहों से विसर्जन जुलूस बुधवार को भी निकाले गए। मंगलवार होने के कारण प्रतिमा विसर्जन जुलूस नहीं निकाला गया था। इससे पहले स्कूल, कॉलेज और सार्वजनिक स्थलों पर विद्या की देवी मां सरस्वती की भक्ति पूर्ण तरीके से आराधना की गई। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में युवाओं ने अपनी भागीदारी निभायी।

# जिला परिषद की मासिक बैठक में जनहित की समस्याओं के त्वरित निदान का निर्देश

## सदस्यों की शिकायत- केवल कागजों पर पूर्ण हो रही है मनरेगा योजना

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला परिषद की मासिक बैठक जिला परिषद के अध्यक्ष शांति देवी की अध्यक्षता में जिला परिषद कार्यालय के सभागार में की गई। सर्वप्रथम अध्यक्ष, जिला परिषद, गढ़वा शांति देवी एवं उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, गढ़वा पशुपतिनाथ मिश्रा द्वारा सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

इसके बाद विभाग सह कार्यों की समीक्षा शुरू की गई। सर्वप्रथम विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान प्रखंड प्रमुख गढ़वा द्वारा ग्राम पंचायत नवादा के सुखवाना में ट्रांसफार्मर खराब होने की शिकायत की समीक्षा की गई। जिसमें कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल गढ़वा द्वारा बताया गया कि उक्त शिकायत का निराकरण कर दिया गया है। वर्तमान समय में उक्त पंचायत अंतर्गत कहीं भी ट्रांसफार्मर खराब नहीं है तथा विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है। इसी प्रकार प्रखंड प्रमुख डंडा, जिला परिषद सदस्य मेराल (उतरी) एवं जिला परिषद सदस्य चिनिया द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत कुछ गांव टोलों में बिजली के पोल, तार एवं लाइट आदि सुचारू रूप से बहाल करने की बात कही गई थी। जिसके अनुपालन में कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल गढ़वा द्वारा बताया गया कि छूटे हुए ग्राम, मोहल्ले में तार एवं पोल लगाकर विद्युत आपूर्ति हेतु मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना के तहत कार्य किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री उज्जवल झारखंड योजना के तहत किये जा रहे कार्यों के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया गया जिसमें कहा गया कि गढ़वा जिला के 20 प्रखंडों के 360 ग्रामों के 805 टोला का सर्वेक्षण किया जा चुका है। कुल 14128 घर में विद्युत आपूर्ति बहाल करने की योजना है। जिला परिषद सदस्यों ने जिले में हो रहे बालू उठाव के संबंध में शिकायत की तथा विभिन्न स्तर से बालू उठाव में अनियमितता बरते जाने की बात कही। साथ ही सरकारी योजनाओं को क्रियान्वित करने में बालू की कमी के कारण आ रहे कठिनाई के बारे में बताया तथा बालू की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की। इस संबंध में जानकारी दी गई कि बालू की उपलब्धता हेतु जिला अंतर्गत कटेगरी- 1 के 20 बालू घाट संचालित हैं जिसका ग्राम पंचायत के मुखिया द्वारा 100 प्रति ट्रैक्टर के चालान द्वारा बालू उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। सामाजिक सुरक्षा कोषांग के तहत चलाए जा रहे सर्वजन पेंशन योजना के मामले भी उठाए गए



बैठक में जिस अध्यक्ष, डीडीसी एवं अन्य सदस्य

जिसमें जिला परिषद सदस्य खरौंधी एवं केतार द्वारा बताया गया कि लगभग 153 लाभुकों को स्वीकृति मिल जाने के बावजूद भी पेंशन का भुगतान नहीं हो पा रहा है। सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा उक्त सभी लाभुकों की सूची उपलब्ध कराने की बात कही गई ताकि सभी का भुगतान ससमय सुनिश्चित किया जा सके।

शिक्षा विभाग के तहत प्रखंड बिशनपुरा, गढ़वा, सगमा, धुरकी, मंझीआंव समेत अन्य प्रखंडों के स्कूलों एवं कॉलेज में व्याप्त समस्याओं के बारे में जानकारी दी गई जिसमें पेयजल, शौचालय, स्कूल की चारदिवारी, जर्जर भवनों की मरम्मती, पर्याप्त शिक्षकों की उपलब्धता एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैय्या कराने की मांग की गई। साथ ही वैसे शिक्षकगण जिनका आवास स्कूल वाले पंचायत में ही है उनका स्थानांतरण अन्यत्र करने की भी बात कही गई। उक्त सभी समस्याओं का विधिवत समाधान करने हेतु आश्वासन उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा एवं मौके पर उपस्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा दिया गया। पेयजल एवं स्वच्छता के तहत विभिन्न प्रखंडों में लगाए गए जलमीनार एवं चापानलों के खराब होने की बात से अवगत कराई गई तथा गर्मी के मौसम आने से पूर्व ससमय ठीक कराने की मांग की गई। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग, भूमि संरक्षण, पशुपालन, मत्स्य, आपूर्ति, समाज कल्याण, कल्याण समेत अन्य विभागों द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में बताया गया तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजनाओं से आच्छादित करने में सहयोग करने हेतु अपील की गई।

भवन प्रमंडल विभाग एवं आरईओ द्वारा जिला अंतर्गत कराये जा रहे विभिन्न निर्माण कार्य यथा- गो-डाउन, स्कूल, वॉच व्यू पॉइंट, हेल्थ सेंटर समेत अन्य परियोजनाओं के बारे में बताई गई। जिला परिषद सदस्यों एवं प्रखंड प्रमुखों द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मनरेगा के तहत कराये जा रहे योजनाओं में गड़बड़ी की शिकायत की गई। उन्होंने बताया कि योजनाओं का क्रियान्वयन धरातल पर न होकर सिर्फ कागजों में रह गया है तथा फर्जी निकासी की जा रही है। उक्त मामले के गंभीरता को संज्ञान में लेते हुए उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा उक्त शिकायतों का जांच करने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही गई।

जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी द्वारा डाक बंगला भवन और नगर परिषद गढ़वा में स्थित पार्क को जिला परिषद गढ़वा को हैंड ओवर करने की मांग की गई। साथ ही जिन कार्यालयों में तीन या तीन वर्षों से अधिक समय तक जो भी कर्मचारी व पदाधिकारी पदस्थापित या प्रतिनियुक्त हैं उन्हें तत्काल प्रभाव से जनहित में स्थानांतरित करने की मांग की गई। आज के जिला परिषद के उक्त बैठक में उपरोक्त पदाधिकारियों व सदस्यगणों के अतिरिक्त उपाध्यक्ष जिला परिषद गढ़वा सत्यनारायण यादव, गढ़वा जिले के विभिन्न जिला परिषद सदस्य, विभिन्न प्रखंड प्रमुख, जिला स्तर के सभी संबंधित पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, कर्मचारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## क्षेत्रो में मां सरस्वती की पूजा धूमधाम से मनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**तेनुघाट।** तेनुघाट, घरवाटांड़, चापी, सरहचिया सहित अन्य क्षेत्र में मां सरस्वती पूजा की धूम रही। इस अवसर पर सबसे पहले पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ माता सरस्वती की पूजा अर्चना किया। साथ ही विशेष कर छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पूजा अर्चना कर अपने उज्जवल भविष्य के लिए प्रार्थना किया। तेनुघाट में कई जगह क्लब, शिक्षण संस्थान आदि में मां सरस्वती की पूजा प्रतिमा स्थापित कर की गई।

## मॉब लिंचिंग : झारखंड को शर्मसार करने वाली घटनाओं पर लगे रोक : अफजल

**बेरमो।** झारखंड के कोडरमा जिले में दो लड़कों को चोरी के आरोप में ट्रक में बांधकर पीटने की घटना ने एक बार फिर मानवता को शर्मसार कर दिया है। यह घटना न केवल कानून के प्रति लोगों की घटती आस्था को दशार्ती है, बल्कि समाज में बढ़ रही नफरत की भी निशानी है। इस तरह की घटनाएं देश में अब आम हो गई हैं, जहां भीड़ खुद जज, वकील और जल्लाद बन जाती है। उपरोक्त बातें कारवां ए मोहब्बत झारखंड के संयोजक अफजल अनीस ने कही। उन्होंने कहा देशभर में मॉब लिंचिंग की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं, और झारखंड भी इससे अछूता नहीं है।

## मंडल स्तरीय संगठन पर्व कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी की गढ़वा नगर इकाई के तत्वावधान में मंडल स्तरीय संगठन पर्व कार्यशाला का आयोजन किया गया। पुरानी बाजार स्थित नगर मंडल कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में मंडल चुनाव प्रभारी हरेंद्र द्विवेदी, सह प्रभारी मीना गुप्ता उपस्थित थीं। कार्यशाला में बूथ अध्यक्ष के चुनाव के लिए सभी शक्ति केंद्रों में चुनाव प्रभारी नियुक्त किए गए। जिसमें कैलाश कश्यप, लखन गुप्ता, टिंकू गुप्ता, सुप्रीत केसरी, दीपक तिवारी आशीष कश्यप मनोज पाठक रंजीत चौरसिया राजू कुशवाहा, आनंद लाल महतो, रविंदर जायसवाल, अविनाश पासवान सहित कई कार्यकर्ताओं के नाम शामिल हैं। कार्यक्रम प्रभारी हरेंद्र द्विवेदी ने कहा कि सभी लोग अपने-अपने बूथ पर कम से कम दो सौ सदस्यों को ऑनलाइन जोड़े और सक्रिय सदस्य बनाये। मीना गुप्ता ने कहा कि भाजपा में सभी




कार्यकर्ताओं को समान महत्व दिया जाता है। यहां कोई भेदभाव नहीं है। गढ़वा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है। भाजपा ही ऐसी पार्टी है जहां बूथ से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक का चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से होता है। बैठक में मंडल महामंत्री देवेंद्र गुप्ता, लखन गुप्ता, मनोज महतो, सत्येंद्र सोनी, सुरेश अग्रवाल, संतोष कश्यप, विशाल गुप्ता, छोटन सोनी, ओमप्रकाश सोनी, राजू कुशवाहा, आनंद लाल महतो, शुभम गुप्ता, अभिषेक कश्यप सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अब रोशनी में नहायेगा विश्रामपुर विधानसभा का हर क्षेत्र: नरेश सिंह



खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** विधायक नरेश सिंह ने मुख्यमंत्री उज्जवला योजना के तहत विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खुटहेरिया पंचायत के गोसांग के पखनहा टोला में विद्युतीकरण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने खुशी जताई । विधायक ने कहा कि मैं सभी ग्रामीणों का हृदय से धन्यवाद देता हूँ और आश्वस्त करता हूँ कि क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए मैं हमेशा तत्पर रहूँगा। विधानसभा क्षेत्र का कोना- कोना बिजली से रोशन होगा। इस मौके पर खुटहेरिया मुखिया अनीता देवी ने कहा वर्षों के कड़े संघर्ष के उपरांत आज यह दिन माननीय नवनिर्वाचित विधायक के कार्यकाल में देखने को मिल रहा है। इसके लिए पंचायत की समस्त जनता की ओर से विधायक जी को सादर धन्यवाद देती हूं। मौके पर अनीता देवी ( मुखिया), उपमुखिया आतिश सिंह, हरिनाथ चंद्रवंशी, बैजनाथ, शंभूनाथ सिंह, अजय चौधरी, उदल राम, दीनानाथ प्रसाद, अरविंद सहित कई लोग उपस्थित थे।

## छात्रों ने किया होम्योपैथिक रिसर्च लैबोरेटरी का भ्रमण



भ्रमण करते छात्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** देवकी महावीर होम्योपैथिक महाविद्यालय एवं रिसर्च अस्पताल फराठिया गढ़वा झारखंड के बी. एच.एम. एस. प्रथम वर्ष के समस्त छात्र-छात्राओं ने होम्योपैथिक दवाओं की निर्माण इकाई बोरिक रिसर्च लैबोरेटरी रांची का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने होम्योपैथिक फार्मेसी विभाग के विषयांतर्गत होम्योपैथिक दवाओं की रिसर्च की प्रकिया की जानकारी ली। साथ ही रिसर्च की आवश्यकता और रिसर्च में पाए जाने वाले रिजल्ट की गहनता से अध्ययन किया।

रिसर्च विभाग के पदाधिकारियों ने शिक्षार्थियों को होम्योपैथिक दवाओं की आवश्यकता और उसके प्रभावकारी गुणों की भी कई महत्वपूर्ण जानकारियां उदाहरण देकर दी।

शैक्षणिक भ्रमण में निर्माण इकाई के प्रबंधक आर्यन कुमार, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ) केशवेन्द्र कुमार तिवारी एवं प्राध्यापक डॉ विश्वनाथ कैवर्ट, डॉ रूपा तिवारी ने भी बच्चों को मार्गदर्शन दिया।

भ्रमण के दौरान छात्रों ने दवाओं के उत्पादन, गुणवत्ता निर्धारित करने के तरीके तथा भंडारण एवं वितरण के विषय में विस्तृत जानकारी लैबोरेटरी प्रबंधन के द्वारा दी गई। जो छात्रों के लिए काफी शिक्षाप्रद था।

## राणाडीह में श्री राम चरित मानस नवाह्न पारायण पाठ महायज्ञ महोत्सव प्रारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड के राणाडीह गांव में श्री राम चरित मानस नवाह्न पारायण पाठ महायज्ञ महोत्सव का विराट पैंतीसवां अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है।

इस दौरान सुबह से शाम वैदिक मंत्रों द्वारा आह्वानित देवी-देवताओं का पूजन पाठ किया जा रहा है। वहीं नौ ब्राह्मणों की टीम द्वारा सुबह से लेकर दोपहर तक रामायण पाठ किया जा रहा है। दोपहर एक बजे से शाम छह बजे तक प्रवचन का आयोजन



प्रवचनकर्ता पंडित सचिदानंद त्रिपाठी

किया जा रहा है। प्रवचन सत्र के दूसरे दिन वाराणसी से पधारे पंडित सच्चितानंद त्रिपाठी व कानपुर से पधारी मानस मंजरी रामकथा वाचिका साध्वी पुष्पांजलि शुक्ला द्वारा बारी-बारी से संगीतमय कथा कही जा रही है।

पंडित सच्चितानंद त्रिपाठी ने कहा कि लोगों को कष्ट से छुटकारा पाने के लिए ओझा गुणी की शरण में जाने के बजाए हनुमान जी के शरण में जाना चाहिए।

उन्होंने संगीतमय भजन 'जी रहे हैं लोग कैसे आज के वातावरण में' सहित अन्य कई भजनों को सुनाकर लोगों को भक्तिरस में बांधे रखा। यज्ञ को सफल बनाने में अध्यक्ष श्याम बिहारी दुबे, सचिव ब्रजमोहन मिश्रा, संरक्षक श्यामसुंदर शर्मा, कोषाध्यक्ष संजय चौबे, उपाध्यक्ष विजय पाण्डेय, भंडारी उपेन्द्र चौबे, सत्यनारायण पाण्डेय, सत्येन्द्र चौबे, प्रवेश राम, शिवदेव चौबे, चिंतामणि चौबे, लक्ष्मी नारायण पाण्डेय, गोरखनाथ चौबे, चंद्रमणि चौबे, अरविंद शर्मा, महेंद्र चौबे, पुरूषोत्तम पाण्डेय, बसंत राम, राधेश्याम चौबे, अरूण मेहता, सतीश चौबे, विपिन पाण्डेय सहित सभी ग्रामीण लगे हुए हैं। यज्ञ 12 फरवरी तक चलेगा।


**महानिदेशक-सह-महासमादेष्टा गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा का कार्यालय, झारखण्ड, राँची**

**निविदा संबंधी आवश्यक सूचना**

निदेशानुसार, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संगठन अन्तर्गत क्षेत्रवार खेल-कूद प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया जाना है। जिसके लिए विभिन्न खेल सामग्रियों हेतु निविदा का प्रकाशन किया गया है। स्थानीय स्तर के इच्छुक विक्रेता/आपूर्तिकर्त्ता, निविदा में प्रकाशित सामग्रियों का न्यूनतम दर, कार्यालय अवधि के दौरान 10 (दस) दिनों के भीतर अद्योहस्ताक्षरी के नाम से उपलब्ध करा सकते हैं। प्रकाशित निविदा झारखण्ड पुलिस के वेबसाइट jhpolice.gov.in पर उपलब्ध है।

पुलिस उप-महानिरीक्षक
गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएँ,
झारखण्ड, राँची

PR 345800 Police(24-25)#D

**कार्यालय, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, पलामू**
**(कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य विकास प्रभाग)**
**झारखण्ड, सरकार**

**पलामू जिला में दुधारू पशु शिविर का आयोजन**
**गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा सूचीबद्ध दुधारू पशु विक्रेताओं/पशुपालकों के लिए**
**आम सूचना**

पलामू जिला अन्तर्गत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के चयनित लाभुकों के लिए 90%, 75% एवं 50% अनुदान पर दो गाय/पाँच गाय एवं दस दुधारू गाय की योजनान्तर्गत उन्नत नस्ल/शंकर नस्ल का दुधारू गाय/भैंस का क्रय हेतु पूर्व से जिला स्तरीय दुधारू पशु शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

सभी सूचीबद्ध दुधारू गाय/भैंस के इच्छुक विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि पूर्व से जिला पशुपालन कार्यालय परिसर, रेड़मा, मेदिनीनगर में दुधारू पशु शिविर चल रही है एवं नए सूचीबद्ध आपूर्तिकर्त्ता जिला गव्य विकास पदाधिकारी, पलामू से समन्वय स्थापित कर दिनांक- 15.02.2025 तक अधिक से अधिक संख्या में शंकर नस्ल के दुधारू गाय/भैंस के साथ दुधारू पशु शिविर में भाग लें।

लाभुकों के द्वारा दुधारू गाय पसंद करने के उपरांत कम से कम तीन लगातार पाली में अपने सामने दुहाई कर सुनिश्चित हो लेंगे कि गाय प्रतिदिन कम से कम औसतन 12-15 लीटर दूध दे रही है। गाय का कीमत का निर्धारण लाभुक एवं दुधारू गाय विक्रेता के आपसी सहमति से होगा। दुधारू गाय का संगरोध पूर्ण होने उपरान्त ही क्रय-विक्रय का कार्य किया जायेगा।

सभी सूचीबद्ध दुधारू पशु विक्रेताओं से आग्रह है कि सरकार के द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं एवं शर्तों का अनुपालन करते हुए मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत प्रथम/द्वितीय ब्यांत की उन्नत देशी नस्ल यथा साहीवाल, रेड सिंधी, थारपारकर, गीर, एवं संकर नस्ल की दुधारू गायों अथवा उन्नत नस्ल की भैंसों यथा मुर्रा, सुरती, जाफराबादी, मेहसाना आदि को जिला पशुपालन कार्यालय परिसर, रेड़मा, मेदिनीनगर पूर्व से आयोजित दुधारू पशु विक्रय शिविर में आपूर्ति करना सुनिश्चित करेंगे। बिजली एवं पानी की सुविधा जिला पशुपालन कार्यालय परिसर, रेड़मा, मेदिनीनगर द्वारा प्रदान की जाएगी तथा पशु का चारा-दाना एवं उनके रख-रखाव का साधन दुधारू पशु आपूर्तिकर्त्ता के द्वारा स्वयं मेला परिसर में किया जाएगा।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
पलामू

PR 345777 Palamu (24-25)_D

**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**Agriculture, Animal Husbandry & Co-operative Department**
**(Co-Operative Division)**
**OFFICE OF THE REGISTRAR, CO-OPERATIVE SOCIETIES JHARKHAND, RANCHI**
**INTEGRATED CO-OPERATIVE DEVELOPMENT PROJECT (I.C.D.P.) CELL, RANCHI**

**Very Short e-tender Notice**

| SL No. | Tender Ref. No. | Name of work | No. Of Unit | Estimated Value of work (IN Rs) | Earnest Money (IN Rs) | B.O.Q. Cost (IN Rs) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | ICDP/RANCH I/05/ RE-2/ 2024-25 | Construction of Retail Outlet For Vegetable & fruits at Various Places of Jharkhand. | 10 | 20,21,783 X 10 = 2,02,17,839.00 | 4,04,400.00 | 10,000.00 | 12 Months |
| 02. | ICDP/RANCH I/07/ RE-2/ 2024-25 | Construction of Vermi Shed at Various Places of Jharkhand. | 100 | 1,07,000 X 100 = 1,07,00,000.00 | 2,14,000.00 | 10,000.00 | 06 Months |
| 03. | Date Of Publication on Website | | 04.02.2025 AT 11:00 AM | | | | |
| 04. | Last Date & Time of Submission of bids | | 11.02.2025 Up to 05:00 PM | | | | |
| 05. | Name & Address of Office Inviting Tender | | State Monitoring Officer, ICDP Cell, Ranchi, 4th Floor Pasupalan-Sahkarita Bhawan, Singh More Hesag, Hatia, Ranchi. 834003 | | | | |
| 06. | Contact No of Procurement Officer | | 9431782508, 7250895727 | | | | |

02. Bid document with details terms and conditions will be available online on e-tendering portal, http://Jharkhandtenders.gov.in from 04.02.2025 at 11:00 AM to 11.02.2025 up to 05:00 PM. Bids must be Submitted online only at the e- tendering portal http:// Jharkhandtender.gov.in on or before 05:00 PM on 11.02.2025. Tender Fee and EMD Will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of tender fee and EMD. Alternatively, bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from jharhandtenders.gov.in portal. Technical Bid received online will be opened at 05:00 PM on 13.02.2025.
03. Estimate Cost May Vary.
04. Corrigendum/Amendment if any will be published only on the above mentioned website.

Sd/-
State monitoring Officer
ICDP Cell, Ranchi

PR 345840 Co-opretive(24-25).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़।**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या : 07/2024-25 दिनांक 05.02.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची। |
| 2. | विज्ञापन दाता का नाम | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़। |
| 3. | परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक - 13.02.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि | दिनांक - 14.02.2025 अपराह्न 3:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक - 14.02.2025 अपराह्न 4.30 बजे। |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़। |
| 7. | निविदा प्राप्ति का स्थान | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़। |
| 8. | निविदा खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़। |

9.कार्य की विस्तृत विवरणी

| क्र. | कार्य का नाम | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Construction of 1.0 HP DC Solar motor pump complete set At – Kedla Nagar Hospital More, Block – Mandu under D.W & S. Division Ramgarh for the year 2024-25 | RMG/ GR- No.- 1 | 147090.00 | 3000.00 | 500.00 | 1 Month. |
| 2 | Construction of 200 x165 mm dia x 300 mtr depth High Yield Drilled Tube well with installation of IM-II extra deep hand pump, lowering 32mm G.I. pipe with platform & Drain At – N.P.S. Saraiyapani, Panchayat – Laiyo North, Block- Mandu under D.W & S. Division, Ramgarh for the year 2024-25 | RMG/ GR- No.- 2 | 450614.00 | 9100.00 | 750.00 | 1 Month. |
| 3 | Construction of 200 x165 mm dia x 180 mtr depth High Yield Drilled Tube well with installation of IM-II extra deep hand pump, lowering 32mm G.I. pipe with platform & Drain Near – Jhalu Karmali, At – Hisimdag, Panchayat Sosokala, Block- Gola under D.W & S. Division, Ramgarh for the year 2024-25 | RMG/ GR- No.- 3 | 303155.00 | 6100.00 | 750.00 | 1 Month. |

(क) निविदा का विस्तृत नियम एवं शर्तें पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।
(ख) परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट द्वारा कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़ के पक्ष में भुगतेय होगा।
(ग) पथ निर्माण विभाग झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2146(S) दिनांक 09.09.2020 एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड रॉंची के पत्रांक 2133 रॉंची दिनांक 28.09.2020 में निहित प्रावधान लागू रहेगा।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़।

PR.NO.345810 Drinking Water and Sanitation(24-25):D

खबर मन्त्र

रांची. गुरुवार . 06 फरवरी 2025

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net


# रेबिज का खतरा

केंद्र सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पिछले साल भारत में कुत्तों के काटने के 21,95,122 मामले सामने आए. इसमें 5 लाख बच्चे शामिल थे, जिनकी उम्र 15 साल से कम थी। भारत में 2024 में कुत्तों के काटने के लगभग 22 लाख और दूसरे जानवरों के काटने के 5 लाख मामले सामने आए हैं। शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में जानवरों के काटने के मामले बड़े पैमाने पर सामने आए हैं। देश भर में जानवरों के 15 साल से कम उम्र के बच्चों को काटने के 5 लाख मामले सामने आए हैं। एकीकृत स्वास्थ्य सूचना मंच पोर्टल पर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा कुत्तों के काटने के कुल 21,95,122 मामले और बंदरों सहित दूसरे जानवरों के काटने के 5,04,728 मामले दर्ज किए गए। 12वीं पंचवर्षीय योजना के अनुसार, भारत ने 2030 तक रेबीज मुक्त होने का लक्ष्य तय किया है। 2021 में कुत्तों के काटने से होने वाले रेबीज से निपटने के लिए एक राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपीआरई) शुरू की गई थी। लेकिन इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एपिडेमियोलॉजी, चेन्नई की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में हर साल करीब 5,700 से ज्यादा लोगों की मौत रेबीज से होती है। 2023 में गोवा ने दावा किया था कि उसके यहां रेबीज पूरी तरह खत्म हो गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और उसके सहयोगियों ने जीरो बाई 30 की शुरूआत की थी. विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (ओआईई), संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) और रेबीज नियंत्रण के लिए वैश्विक गठबंधन युनाइटेड अगेंस्ट रेबीज (जीएआरसी) इसके लिए मिलकर काम कर रहे हैं। निश्चित रुप से विकसित भारत की दिशा में यह एक बड़ी समस्या है जिससे निजात पाना आवश्यक है।

## कार्टून वर्ल्ड






**मेष - मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-6-8-9**

**वृष - आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्योक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-2-5-8**

**मिथुन - विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-5-7-8**

**कर्क - पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग। शुभांक-4-5-7**

**सिंह - कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-1-3-6**

**कन्या - पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-2-4-6**

**तुला - खान-पान में सावधानी रखें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-5-7-8**

**वृश्चिक - जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। शुभांक-3-5-7**

**धनु - धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-8**

**मकर - समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य कर। शुभांक-3-6-9**

**कुंभ - हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार- दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें। शुभांक-2-4-6**

**मीन - कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शत्रुहानि की आशंका रहेगी। आय के योग बनेंगे। किसी की सफलता से प्रेरित होंगे। शुभांक-1-3-5**

# बजट : औपनिवेशिक से भारतीय मानसिकता की ओर बदलाव




पिछले दस वर्षों में बजट को विभिन्न करों और आम आदमी के शोषण से संबंधित भय के बारे में जानकारी देने वाले दस्तावेज के रूप में देखा जाने वाला दृष्टिकोण सकारात्मक रूप से बदल गया है। बजट में दीनदयाल उपाध्याय जी के सामाजिक, आर्थिक और राष्ट्र प्रथम उद्देश्यों को प्राथमिकता दी गई है, जिसमें ₹विकसित भारत₹ और औपनिवेशिक मानसिकता को बदलने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। बजट की तिथि और समय में बदलाव ने औपनिवेशिक मानसिकता के अंत की शुरूआत की। ₹स्व-बोध₹ को फिर से स्थापित किया जा रहा है, जो समाज और राष्ट्र के सामाजिक-आर्थिक पहलुओं को बढ़ाएगा। यह लाभकारी बदलाव न केवल राष्ट्र के लिए गौरव लाएगा, बल्कि लंबे समय में बेहतर पर्यावरण और वैश्विक समग्र विकास में भी योगदान देगा।


बजट विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए श्रीमती सीतारमण ने कहा कि, जैसा कि हम पूरे वर्ष और उससे आगे की ओर देखते हैं, हमारा बजट रोजगार, कौशल, एमएसएमई और मध्यम वर्ग पर विशेष जोर देता है। उन्होंने 5 साल की अवधि के दौरान 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल और अन्य संभावनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए 5 योजनाओं और पहलों के प्रधान मंत्री के पैकेज का अनावरण किया। इसके लिए केंद्रीय बजट ?2 लाख करोड़ का है। इस वर्ष, शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए ?1.48 लाख करोड़ निर्धारित किए गए हैं।

65 प्रतिशत युवाओं और लगभग 6 लाख गांवों के साथ, युवाओं, किसानों, मजदूरों और महिलाओं का सशक्तिकरण सामाजिक आर्थिक रूप से मजबूत करने और अंतिम छोर के व्यक्ति को विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण है। नई सरकार का ध्यान और गतिविधियाँ स्पष्ट रूप से समाज के सभी वर्गों के विकास पर केंद्रित हैं, जिसकी कांग्रेस के शासनकाल में कमी थी। कांग्रेस के प्रभुत्व के दौरान, विदेशी अर्थव्यवस्थाएँ, विशेष रूप से चीन की, मजबूत हुईं। अतः बदलते हुए कदम अनुसंधान, नवाचार और प्रौद्योगिकी, उद्यमियों, स्टार्ट-अप्स, यूनिकॉर्न और सतत विकास के माध्यम से ₹स्व-बोध₹ के इर्द-गिर्द राष्ट्र को आकार देंगे।

बजट प्राथमिकताएँ

वित्त मंत्री ने कहा कि ह्यविकसित भारतह्न के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बजट में सभी के लिए पर्याप्त अवसर पैदा करने के लिए निम्नलिखित 9 प्राथमिकताओं पर निरंतर प्रयास करने की परिकल्पना की गई है।

कृषि में उत्पादकता और लचीलापन



- पंकज जयस्वाल

> आज के तकनीकी रूप से उन्नत वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा करने के लिए, अनुसंधान और नवाचार क्षमताओं को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना महत्वपूर्ण है। इन मानदंडों पर मोदी सरकार का ध्यान पहले से ही शानदार परिणाम दे रहा है और शिक्षा और अनुसंधान पर विशेष जोर देने के साथ हर क्षेत्र में हमारे विकास को काफी तेज करेगा।

रोजगार और कौशल

समावेशी मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय

विनिर्माण और सेवाएँशहरी विकास

ऊर्जा सुरक्षा,बुनियादी ढाँचा

नवाचार, अनुसंधान और विकास और अगली पीढ़ी के सुधार

खेती और ग्रामीण क्षेत्र

अगले दो वर्षों में, देश भर में 1 करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती से परिचित कराया जाएगा, जिसमें प्रमाणन और ब्रँडिंग की सहायता ली जाएगी। 10,000 आवश्यकता-आधारित जैव-इनपुट संसाधन केंद्र विकसित किए जाएंगे। दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए, सरकार उत्पादन, भंडारण और विपणन में सुधार करेगी, साथ ही सरसों, मूंगफली, तिल, सोयाबीन और सूरजमुखी जैसे तिलहनों के लिए 'आत्मनिर्भरता' हासिल करेगी। सरकार, राज्यों के सहयोग से, तीन वर्षों में किसानों और उनकी जोतों को कवर करने के लिए कृषि में डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को अपनाने की सुविधा प्रदान करेगी। श्रीमती सीतारमण ने इस वर्ष कृषि और संबंधित उद्योग के लिए 1.52 लाख करोड़ आवंटित किए।

समाज का स्वास्थ्य राष्ट्र के विकास को निर्धारित करता है। खेती में इस्तेमाल होने वाले रसायन समाज और किसानों को काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं, गंभीर बीमारियों में वृद्धि से समग्र सामाजिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच रहा है और परिवारों, विशेष रूप से किसानों के लिए आर्थिक अवसर नष्ट हो रहे हैं। बजट में इस मुद्दे पर जोर देने से निस्संदेह समाज की स्वास्थ्य विशेषताओं में सुधार होगा। इससे किसानों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में भी सुधार आएगा और ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक रोजगार उपलब्ध होंगे, क्योंकि विविध कृषि उत्पादों के उत्पादन में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। जैसे-जैसे कृषि क्षेत्र बढ़ेगा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था तेजी से राष्ट्र को मजबूत करेगी।

**नवाचार, अनुसंधान और विकास**

वित्त मंत्री ने घोषणा की कि सरकार बुनियादी अनुसंधान और प्रोटोटाइप विकास के लिए अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान कोष को क्रियान्वित करेगी, साथ ही ?1 लाख करोड़ के वित्तपोषण पूल के साथ वाणिज्यिक स्तर पर निजी क्षेत्र द्वारा संचालित अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक तंत्र स्थापित करेगी, जैसा कि अंतरिम बजट में घोषित किया गया था। अगले दशक में अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को 5 गुना बढ़ाने के हमारे लक्ष्य का समर्थन करने के लिए 1,000 करोड़ का उद्यम पूंजी कोष स्थापित किया जाएगा।

आज के तकनीकी रूप से उन्नत वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा करने के लिए, अनुसंधान और नवाचार क्षमताओं को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना महत्वपूर्ण है। इन मानदंडों पर मोदी सरकार का ध्यान पहले से ही शानदार परिणाम दे रहा है और शिक्षा और अनुसंधान पर विशेष जोर देने के साथ हर क्षेत्र में हमारे विकास को काफी तेज करेगा। एआई पर जोर भविष्य के विकास में भी मदद करेगा।

**बुनियादी ढांचा**

वित्त मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि पिछले कुछ वर्षों में बुनियादी ढांचे के विकास और सुधार में केंद्र सरकार के भारी निवेश का अर्थव्यवस्था पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा है। सरकार अगले पांच वर्षों में बुनियादी ढांचे के लिए महत्वपूर्ण राजकोषीय सहायता बनाए रखने का प्रयास करेगी, साथ ही राजकोषीय पुनर्गठन जैसी अन्य प्राथमिकताओं को भी संबोधित करेगी। इस वर्ष, पूंजीगत व्यय के लिए 11,11,111 करोड़ की प्रतिबद्धता जताई गई, जो हमारे सकल घरेलू उत्पाद का 3.4% है।

पूरे देश में बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास, विशेष रूप से पूर्वोत्तर, जिसे पहले कांग्रेस द्वारा नजरअंदाज किया जाता था, अर्थव्यवस्था की वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण रहा है। पहले 67 वर्षों में 1.7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था से अब 4 ट्रिलियन डॉलर से अधिक तक, केवल दस वर्षों में 2.3 ट्रिलियन डॉलर की वृद्धि बुनियादी ढांचे के विकास के महत्व को दशार्ती है। जैसे-जैसे बुनियादी ढांचे में सुधार होगा, अर्थव्यवस्था और भी मजबूत होगी।

## लेटर टू एडिटर

### दुर्घटना से सबक

**प्रयागराज** में मौनी अमावस्या के दिन महाकुंभ के दौरान बेकाबू भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत और 70 से अधिक के घायल होने की घटना ने प्रशासन और श्रद्धालुओं को फिर से एक कड़ा संदेश दिया है। ऐसे हादसों से कोई शिक्षा न लेने पर प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। कुंभ मेले के दौरान बेहतर प्रबंधन के लिए श्रद्धालुओं का आंकलन, स्नान का क्रम क्षेत्रवार तय करना, पुलिस कर्मियों को आराम देने, अफवाहों पर कड़ी निगाह और अनुशासन बनाए रखना आवश्यक है।

**- श्यामलाल, रांची**

### आर्थिक वृद्धि

**बजट** में मध्यम वर्ग को आयकर छूट देने की घोषणा से उन्हें अपनी आय का एक बड़ा हिस्सा बचाने और निवेश करने का अवसर मिलेगा। यह कदम मध्यम वर्ग की वित्तीय स्थिति सुधारने और खपत में वृद्धि करने में मदद करेगा।

**- शिवशंकर सिन्हा, बरही**

## X ट्वीट

**प्रयागराज** महाकुंभ में आज पवित्र संगम में स्नान के बाद पूजा-अर्चना का परम सौभाग्य मिला। मां गंगा का आशीर्वाद पाकर मन को असीम शांति और संतोष मिला है। उनसे समस्त देशवासियों की सुख-समृद्धि, आरोग्य और कल्याण की कामना की। हर-हर गंगे!

**- नरेन्द्र मोदी, पीएम**

**कांग्रेस** को दिया आपका एक-एक वोट आपके अधिकारों की रक्षा करेगा, संविधान को मजबूत करेगा और दिल्ली को प्रगति के पथ पर फिर से मोड़ेगा।

वोट देते समय याद रखें कि प्रदूषित हवा, गंदा पानी, टूटी नालियां आप की देने हैं इसे हटाना जरूरी है।

**- राहुल गांधी, सांसद**

# रोबोट हमारे परिवार का हिस्सा बन सकते हैं?

**डॉ. आर. बी. चौधरी**

आई टी

विज्ञान की निरंतर प्रगति और अकल्पनीय अनुसंधान से समूचा विश्व तेजी से बदल रहा है। आबादी की चुनौतियों के बीच घटती प्रजनन दर और घटती जन्म दर जैसी समस्याएं आधुनिक विज्ञान से टक्कर लेने के लिए तैयार हैं। ऐसी हालत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को एक संभावित समाधान के रूप में देखा जा रहा है। अब सवाल खड़ा होने लगा है कि क्या रोबोट सचमुच हमारे परिवार का हिस्सा बन सकता है? स्वीडन के उमेओ विश्वविद्यालय के शोधकर्ता एआई और किन्शिप नामक परियोजना के माध्यम से इस प्रश्न का समाधान ढूंढ़ने में लगे हैं हैं।

अमेरिका से प्रकाशित होने वाली साइंस दिल्ली नामक पत्रिका में प्रकाशित पेपर में डॉ. बेरिट ऑस्ट्रोम ने लिखा है कि यह परियोजना इस बात की जांच करने में लगी है कि काल्पनिक कथाओं जैसे विज्ञान कथा कहानियों और फिल्मों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थात एआई को किस प्रकार बताया और समझाया गया है, ताकि यह समझा जा सके कि हम एआई को क्या अपने जीवन या परिवार के हिस्से के रूप में ऐसी दुनिया की कल्पना कर सकते हैं, जहां रोबोट परिवार का हिस्सा बन सके। डॉ. बेरिट ऑस्ट्रोम ने यह भी लिखा है कि यह परियोजना सिर्फ रोबोट और एआई के बारे में नहीं कार्य कर रही है, बल्कि परिवार और रिश्तों को कैसे बेहतर ढंग से सजाया, संवारा और चलाया जा सकता है, उसपर भी काम कर रही है।

डॉ. ऑस्ट्रोम ने आगे लिखा है कि इसमें कोई दो राय नहीं है जब हमारे घनिष्ठ रिश्ते हमारे समाज का आधार बनते हैं जिसमें देखभाल की जिम्मेदारियों से लेकर जीवन में होने वाली तमाम परिवर्तनकारी निर्णयों तक हर चीज को नियंत्रित करना पड़ता है। उन्होंने आगे लिखा है कि जैसे-जैसे एआई हमारे दैनिक जीवन में जिसमें स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक देखभाल मैं आगे बढ़ रहा है,वैसे-वैसे हम अधिक से अधिक इस पर भरोसा भी कर रहे हैं। यहां तक कि मानव और गैर-मानव(रोबोट) के बीच की सीमाएं तेजी से घटती जा रही हैं। ऐसी स्थिति में जहां यह विज्ञान तेजी से आगे बढ़ रहा है , वहीं पर हमारे परिवार से लेकर हमारी कम्युनिटी के बीच जगह बनाती हुई एआई की संभावित भूमिका के बारे में महत्वपूर्ण प्रश्न उठने लगे हैं।

एआई और नाते-रिश्ते तक पहुंचने की संभावनाओं पर आधारित इस परियोजना की आधारशिला काल्पनिक कथाओं पर गहन शोध कार्य जारी है। अनुसंधानकताओं ने इस विषय में विशेष चिंता की है कि अगर रोबोट घर का सदस्य बन गया तो क्या हमारे विशेष रुचि का ध्यान रख पाएगा और क्या पारिवारिक संबंधों में एआई की क्षमता विद्यमान है। ऐसी दशा में इसमें दो राय नहीं कि जैसे-जैसे जनसंख्या वृद्धि हो रही है, देखभाल करने वालों से लेकर हर परिवार में सभी के सहयोग-सहायता देने वाली सुविधाओं की आवश्यकता बढ़ती जाती है। इस मामले में एआई-संचालित रोबोट और वर्चुअल असिस्टेंट संभवतः इस अंतर को भर सकते हैं तथा मैत्रीपूर्ण व्यवहार, भावनात्मक अनुभव और व्यावहारिक देखभाल प्रदान कर सकते हैं। हालाँकि, इससे परिवार और रिश्तेदारी की प्रकृति के बारे में महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए जा रहे हैं। ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि क्या रोबोट सचमुच हमारे परिवार का हिस्सा हो सकता है या यह हमारे रिश्तों को सहारा देने वाला एक उपकरण मात्र बंद कर रह जाएगा?

जैसे-जैसे एआई हमारे दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण हिस्सा होता जा रहा है। ऐसी स्थिति में यह विचार करना आवश्यक है कि हम इन प्रौद्योगिकियों से कैसे और क्यों जुड़ना चाहते हैं। क्या रोबोट रूपी मां या रोबोट रूपी भाई-बहन या बच्चा हो तैयार किया जा सकता है? क्या, इस तरह की दुनिया जल्दी ही आने वाली है ? एआई या रोबोट के द्वारा तैयार पारिवारिक रिस्ते परियोजना हमें इन सवालों का पता लगाने और एक ऐसे दुनिया की कल्पना साकार हो सकती है, जहां एआई हमारे परिवारों का हिस्सा बन सकता है।

कुल मिलकर, इस परियोजना का लक्ष्य यह है कि वैज्ञानिक इस प्रकार के अनुसंधान कार्यों को अभी बढ़ाने से पहले इसके परिणाम पर गंभीरता से सोच विचार कर लें कि हम अपने समाज में एआई या रोबोट परिवार चाहते हैं या नहीं। वैज्ञानिकों ने माना है कि शुरूआती तौर पर काल्पनिक कथाओं को आधार मानकर एआई की कल्पना की जाती है। फिर इस पर अनुसंधान किया जाता है। वैज्ञानिकों के सामने यह छोटी चुनौती नहीं है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारी रहन-सहन, संस्कृति तथा सभ्यता को

# चिंताजनक है बच्चों के साथ समय न बिताना

**-प्रियंका सौरभ**

समाज

**बच्चों** के साथ पर्याप्त समय न बिताना और उनकी बातों को अनदेखा करना उन्हें बहुत तनाव में डाल सकता है। उन पर चिल्लाना या बात करने से पहले उन्हें दोष देना उनके तनाव को बढ़ाता है और उन्हें अपने प्रियजनों से नाराज भी कर सकता है। उनके अच्छे और बुरे दोनों गुणों को अनदेखा करने से अवसाद की भावनाएँ पैदा हो सकती हैं। साथ ही, उन्हें दूसरे बच्चों के साथ घूमने न देना या खराब ग्रेड के लिए शिक्षकों द्वारा आलोचना किए जाने से वे भारी निराशा में डूब सकते हैं। दुख की बात है कि कुछ बच्चे इन दबावों के कारण आत्महत्या करने के बारे में भी सोचते हैं। यह बात बच्चों के साथ हमारी चचाओं के दौरान सामने आई, जिन्होंने अपने माता-पिता से जुड़ी कई समस्याओं को साझा किया। हमने उनके परिवारों से भी बात की और पाया कि इनमें से कई बच्चे एकल-अभिभावक वाले घरों से आते हैं। बड़े परिवारों से ज्यादा बच्चे नहीं थे लेकिन जो थे, उनका आपस में संवाद बेहतर था, खासकर दादा-दादी के साथ। माता-पिता अक्सर अपने बच्चों से सही व्यवहार की उम्मीद करते हैं, जिससे दबाव और भी बढ़ जाता है।

जबकि बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम को सीमित करना अच्छा है, माता-पिता को अपने फोन के इस्तेमाल को नियंत्रित करने और अपने बच्चों के लिए भी समय निकालने की जरूरत है। यह परीक्षा अवधि के दौरान विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। हमारी चर्चा के दौरान बच्चों ने अपने माता-पिता से जुड़े कई मुद्दों का उल्लेख किया। किसी बच्चे को पूरी तरह से नजरअंदाज करना लंबे समय में उसके भावनात्मक, सामाजिक और सोचने के कौशल को प्रभावित कर सकता है। बच्चों को लग सकता है कि वे ज्यादा मूल्यवान नहीं हैं या कोई उनसे प्यार नहीं करता, जिससे उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुँच सकती है। नजरअंदाज किए जाने से वे बेचैन और दुखी भी हो सकते हैं और कुछ मामलों में, यह गंभीर अवसाद का कारण भी बन सकता है। वे या तो खुद पर या उनकी देखभाल करने वाले लोगों पर गुस्सा हो सकते हैं और यह गुस्सा उनके गुस्से या आक्रामकता के रूप में सामने आ सकता है। बच्चों को अच्छी दोस्ती बनाने में मुश्किल हो सकती है क्योंकि वे संवाद करना या दूसरों के साथ घुलना-मिलना नहीं सीखते हैं।

वे सामाजिक स्थितियों से दूर रहना शुरू कर सकते हैं, जिससे उन्हें और भी अकेलापन महसूस हो सकता है। कभी-कभी, वे सिर्फ. ध्यान आकर्षित करने के लिए कुछ कर सकते हैं, भले ही वह नकारात्मक ही क्यों न हो। बच्चों को पर्याप्त ध्यान न देना उनके मस्तिष्क के विकास और स्कूल में उनके प्रदर्शन को भी नुकसान पहुँचा सकता है, क्योंकि वे सीखने के लिए प्रेरित या प्रोत्साहित महसूस नहीं कर सकते हैं। जब बच्चों को बातचीत करने का मौका नहीं मिलता है, तो यह उनके भाषा कौशल और समग्र सोचने की क्षमताओं को धीमा कर सकता है क्योंकि वे महत्वपूर्ण सीखने के क्षणों से चूक जाते हैं। वे असुरक्षित लगाव शैलियों के साथ समाप्त हो सकते हैं, जो वयस्कों के रूप में उनके भविष्य के रिश्तों और भावनात्मक कल्याण को प्रभावित कर सकता है। यह सब भावनात्मक उपेक्षा बाद में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की संभावना को बढ़ा सकती है। इसलिए, संक्षेप में, एक बच्चे की अनदेखी करने से बहुत सारी नकारात्मक भावनाएं, सामाजिक संघर्ष, व्यवहार संबंधी समस्याएं और सीखने की समस्याएं हो सकती हैं।

देखभाल करने वालों के लिए बच्चों पर ध्यान देना, उन्हें स्वस्थ रूप से बड़ा होने के लिए आवश्यक समर्थन और संचार देना बहुत महत्वपूर्ण है। बात करना बहुत जरूरी है, साथ ही जरूरत पड़ने पर दयालु होना भी जरूरी है! जितना हो सके अपने बच्चे को अपने काम में शामिल करने की कोशिश करें। उन पर ध्यान दें और उनकी पसंदीदा गतिविधियों में शामिल हों; इससे आप दोनों के बीच नजदीकियाँ बढ़ेंगी। बच्चे स्वाभाविक रूप से अपने माता-पिता का ध्यान और स्वीकृति चाहते हैं, इसलिए समझदार माता-पिता इसका इस्तेमाल अपने बच्चों को अलग-अलग तरीकों से सहयोग करने के लिए करते हैं। अनुशासन का मतलब है सिखाना और सीखना। अपने बच्चों को यह समझने में मदद करने के लिए कि उन्हें क्या जानना चाहिए और जरूरत पड़ने पर उनके व्यवहार को सुधारने के लिए, आपको उनसे इस तरह बात करनी होगी कि वे आपका सम्मान करें और समझें। इस महत्वपूर्ण पेरेंटिंग कौशल पर कुछ बेहतरीन सुझावों के लिए, एडेल फार्बर की किताब ₹हाउ टू टॉक सो किड्स विल लिसन एंड हाउ टू लिसन सो किड्स विल टॉक₹ देखें।

और याद रखें, किसी भी तरह की सजा जैसे मारना, शर्मिंदा करना, अलग-थलग करना, चिल्लाना या डांटना बिलकुल भी नहीं है। ये चीजें आपके बच्चे को नुकसान पहुँचा सकती हैं और उनकी आत्मा को चोट पहुँचा सकती हैं। अच्छे माता-पिता अपने बच्चों को शब्दों और तर्क की शक्ति के बारे में सिखाते हैं, जिससे उन्हें ज़िम्मेदार, दयालु व्यक्ति बनने में मदद मिलती है जो तर्कसंगत तरीके से व्यवहार करना जानते हैं।

परिवार अपने बच्चों को जो सहायता प्रदान करते हैं, चाहे वह सही हो या गलत, कभी-कभी उन्हें सही रास्ते से भटका सकता है। बच्चों में सहनशीलता और आदर्शों के मूल्यों को स्थापित करना आवश्यक है। घर और स्कूल दोनों में उनके साथ खुले संवाद को प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त, समय-समय पर बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य का आकलन करना महत्वपूर्ण है। बच्चों को सही रास्ते पर ले जाने वाला वातावरण बनाना महत्वपूर्ण है, और यह जिम्मेदारी माता-पिता और शिक्षकों से आगे बढ़कर समाज और सरकार को भी शामिल करती है।

(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

स्पीड न्यूज

## सेल रिफ्राक्ट्रीज के निदेशक ने इफिको प्लांट का किया दौरा



रामगढ़। सेल रिफ्राक्ट्रीज के अधिशासी निदेशक पी के रथ ने बुधवार को रामगढ़ स्थित सेल रिफैक्टरी यूनिट इफिको प्लांट का दौरा किया। रथ ने प्रोडक्शन आदि संबंधित कई जानकारियों ली तथा कर्मचारियों से मिलकर उनके समस्याओं से भी अवगत हुए। वही प्रोडक्शन कैसे बढ़ाया जाए तथा पॉल्यूशन को कैसे काम किया जाए इस पर भी कई दिशा निर्देश अपने अधीनस्थ अधिकारियों को दिया। अधिशासी निदेशक ने सुरक्षा के साथ प्लांट के काम को निष्ठा पूर्वक करने की बात कर्मचारियों से कहीं। इस मौके पर हमारे ब्यूरो चीफ से विशेष बात करते हुए पीके रथ ने कहा कि एक समय था जब स्टील के मामले में भारत की विश्व में ख्याति थीं। लेकिन अन्य देशों की तुलना में हमने आधुनिकता पर पूरा ध्यान नहीं दिया। जिस कारण हम स्टील उत्पादन के मामले में पिछड़ते गए. काहा की अब जरूरत है की हम स्टील के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक का प्रयोग करें। श्री रथ ने आगे कहा कि उत्पादन बढ़ा कर हम स्टील बाजार में भारत का प्रभाव स्थापित कर सकते हैं. इसके अलावा श्री रथ ने भविष्य के कई अन्य योजनाओं की भी विस्तृत जानकारियां दी, जिसका फायदा प्लांट समेत यहां के निवासियों को भी मिलेगा। इस मौके पर पीके रथ के साथ महाप्रबंधक प्रभारी बीबी कांता, महाप्रबंधक पीके गुप्ता, महाप्रबंधक उत्पादन के सी नंदन, डीजीएम आनंद सिन्हा, मैनेजर एच आर यश श्रीवास्तव समेत सेल रिफैक्टरी के कई अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय में वसंत पंचमी हर्षोल्लास के साथ मना



रामगढ़। राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में वसंत पंचमी उत्सव पर मां सरस्वती विद्या दायिनी का पूजन कार्यक्रम हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पहले दिन मां सरस्वती का पूजन, पुष्पांजलि, आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। पूजन कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारीगण, शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं श्रद्धा के साथ पूजा में शामिल हुए और विद्या की देवी मां शारदे की आराधना किए। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने मां सरस्वती से सभी का सुख -समृद्धि की कामना की और वसंत पंचमी की हार्दिक बधाई दी। सचिव प्रियंका कुमारी ने पूरे विश्वविद्यालय परिवार को वसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां सरस्वती की कृपा आप सभी पर बनी रहे। दूसरे दिन मां शारदे की पूजन, आरती एवम भजन किया गया। तीसरे दिन वैदिक मंत्रोच्चारण कर पूजन, हवन एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम हुआ और मां सरस्वती को खिचड़ी का भोग लगाकर भंडारा किया गया।

## तोपा में 7.50 लाख के जेवरात चोरी

कुजू। कुजू ओपी क्षेत्र के तोपा न्यू माइनस के अवास में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देकर एक बार फिर से पुलिस की विफलता को उजागर किया है। मामले को लेकर भुक्तभोगी कंचन कुमारी ने कुजू पुलिस को आवेदन दी है। जिसमें उन्होंने कहा है कि वह वर्तमान में सीएचओ (कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर) के पद पर कार्यरत है। साथ ही हजारीबाग झिझरियापुल के निकट रहती है। वहीं उनके माता-पिता तोपा में रहते है। माता-पिता महाकुंभ में स्नान करने के लिए 1 फरवरी को प्रयागराज चले गये। इस बीच चोरों ने मौके का फायदा उठाकर घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरी की सूचना पड़ोसी द्वारा दी गयी। जब घर की छानबीन किया तो पता चला कि चोरों ने एक सोने का चैन, दो सोने का मंगलसूत्र, दो जोड़ा सोने का बाली, एक जोड़ा सोने का झुमका, दो सोने का अंगुठी, दो दुर्गा मां का सोने का लॉकेट, 6 सोने का नथिया, 6 जोड़ा चांदी का पायल, 6 जोड़ा बिछिया, तीन चांदी का लॉकेट, 8 पीस चांदी का छड़ को चोरों ने चोरी कर ली। उन्होंने बताया कि जेवरातों की कीमत करीब 7 लाख 5 हजार रुपए है।

## उज्जवला फाउंडेशन की बैठक



कुजू। उज्जवला फाउंडेशन ने सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाने के लिये जो वायदा किया था उसको पूरा करने की दिशा में सिलाई व कंप्यूटर प्रशिक्षण जल्द ही उनके बीच शुरू किया जायेगा। उक्त बातें उज्जवला फाउंडेशन के अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने कही। श्री प्रजापति उज्जवला फाउंडेशन द्वारा बोंगाबार स्थित मोती राम कॉम्पलेक्स में आयोजित मासिक बैठक में सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन में सिलाई मशीन व कंप्यूटर आ चुका है। जल्द ही फाउंडेशन के माध्यम से महिलाओं को जोड़कर उनको आत्म निर्भन बनाने की दिशा में आगे ले जाने का कार्य किया जा रहा है। वही उन्होंने फाउंडेशन से जुड़े सदस्यों को वैसे सदस्यों को चिन्हित करने की बात कही जो सिलाई व कंप्यूटर चला सके। उन्होंने महिलाओं को 28 फरवरी तक महिलाओं की सूची जमा करने का निर्देश दिया। बैठक की अध्यक्षता जगेश्वर प्रजापति व संचालन वीणा कुमारी ने की। बैठक में मनसरी देवी, आशा कुमारी, कौशल्या देवी, शांति देवी, सुमन देवी, अनिता देवी, रिंकू देवी, गुड़िया देवी, संगीता देवी, मीरा देवी, छोटन प्रजापति सहित काफी संख्या में महिला शामिल थे।

## कुजू में भक्ति जागरण का आयोजन



कुजू। सरस्वती पूजा के अवसर पर मंगलवार की रात्रि जय हिंद युवा क्लब कुजू बस्ती के द्वारा भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। इस दौरान जागरण का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। बाद में जागरण में आये जय माँ अम्बे जागरण मंडली बोकारो-रांची के ऑर्गेनाइजर प्रतीक कुमार, हेमलता के सहयोग से गायक रमेश तिवारी, शमशेरा, गायिका अनुप्रिया, रीना ने एक से बढ़कर एक भक्ति प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। इससे पूर्व क्लब के सदस्यों ने मंडली का स्वागत चुनरी ओढ़ाकर किया। जागरण को सफल बनाने में क्लब के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# स्वतंत्रता सेनानी सरस्वती देवी की जयंती धूमधाम से मनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**▸▸ सरस्वती देवी का साहस व संघर्ष सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत : प्रदीप प्रसाद**



दारू। भारत की दूसरी और एकीकृत झारखंड-बिहार की पहली महिला स्वतंत्रता सेनानी सरस्वती देवी की 124वीं जयंती सोमवार को सरस्वती उच्च विद्यालय, दारू में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में भव्य समारोह हुआ, जिसमें विधायक, शिक्षाविद, समाजसेवी और सरस्वती देवी के वंशजों सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. रामेश्वर प्रसाद, एवं भैया मारुति शरण सहाय ने दीप प्रज्वलित कर और सरस्वती देवी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि सरस्वती देवी का अदम्य साहस, संघर्ष और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा का अमूल्य स्रोत है। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर देश और समाज की सेवा करनी चाहिए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. रामेश्वर प्रसाद और सरस्वती देवी के परिजनों ने उनके संघर्षपूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सरस्वती देवी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की एक प्रमुख महिला योद्धा थीं। उनका जन्म 5 फरवरी 1901 को हुआ था। उनके पिता राम चौधरी विष्णु दयाल लाल सिन्हा थे। मात्र 12 वर्ष की आयु में उनका विवाह हजारीबाग जिले के दारू निवासी भैया केदारनाथ सहाय से हुआ था। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान वे कई बार जेल गईं, लेकिन अपने साहस और संकल्प से पीछे नहीं हटीं। 10 दिसंबर 1958 को 58 वर्ष की आयु में उनका स्वर्गवास हो गया।

सरस्वती देवी के विचारों और शिक्षाओं को आगे बढ़ाने के लिए 1948 में उनके पति भैया केदारनाथ सहाय के प्रयासों से सरस्वती उच्च विद्यालय, दारू की स्थापना की गई। आज यह विद्यालय शिक्षा और सामाजिक चेतना का महत्वपूर्ण केंद्र बना हुआ है। इस मौके पर विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक ताजुद्दीन अहमद, शिक्षक कामेश्वर सिंह, परितोष कुमार झा, राजेश कुमार राम, रंजू सिंह, जितेंद्र कुमार पाण्डेय, बासुदेव कुमार मंडल, मनीषा कुमारी सहित कई शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित थे। इसके अलावा, सरस्वती देवी के वंशजों में शारदा सहाय, भैया मारुति शरण सहाय (अधिवक्ता), भैया सुकेश सहाय, भैया सुमित सहाय (अधिवक्ता, उच्च न्यायालय), डॉ. भैया अनुपम कुमार, डॉ. भैया असीम कुमार, भैया अयान सहाय, दीपा सहाय, दिव्या शालिनी सहित अन्य परिजन भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर सभी ने सरस्वती देवी के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया और उनके योगदान को नमन किया।

# सभी राशन कार्ड लाभुकों का 25 तक करें केवाइसी

**खाद्य आपूर्ति विभाग की डीसी ने की समीक्षा, दिये कई निर्देश**

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष में जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों से संबंधित समीक्षा बैठक हुई। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त ने पिछले बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्यों के संबंध में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों से आधार सीडिंग, मोबाइल नंबर सीडिंग व पीवीटीजी डाकिया योजना, खाद्यान्न आपूर्ति के संबंध में प्रखंडवार रूप से जानकारी लिए, साथ ही उपायुक्त ने खाद्यान्न की रखरखाव के लिए बनाए गए गोदाम के संबंध में भी जानकारी ली इस दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कई दिशा निर्देश भी दिए।

बैठक के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो ने उपायुक्त को धान अधिप्राप्ति के विरुद्ध किए गए भुगतान की जानकारी दी। जिस पर उपायुक्त ने धान अधिप्राप्ति में लक्ष्य के अनुरूप कार्य पर विशेष ध्यान देते हुए धान अधिप्राप्ति करते हुए शेष बचे किसानों को जल्द से जल्द भुगतान करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को विशेष कैंप आयोजित कर राशन कार्ड के लाभुकों का लंबित आधार सीडिंग एवं मोबाइल सीडिंग को 25 फरवरी तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने हरा राशन कार्ड, मुख्यमंत्री मंत्री दाल-भात योजना आदि की समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान मुख्य रूप से जिला सामान्य शाखा पदाधिकारी रीना कुजूर, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## जीवन को ऊर्जा देता वसंत पंचमी : ललन



कुजू। सरस्वती पूजा को लेकर नेशनल क्लब प्रेम नगर में बनाये गये पंडाल का उद्घाटन हुआ। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राजद के प्रदेश युवा सचिव ललन यादव शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने विधिवत फीता काटकर पंडाल का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि यह त्योहार आपके जीवन को नई ऊर्जा, आनंद और सकारात्मकता से भर देता है। बसंत के आगमन की तरह, सभी जीवन के ताजगी से भरने के साथ नई शुरूआत हो और खूबसूरत पलों से भरा होता है। इससे पूर्व क्लब के सदस्यों द्वारा ललन यादव को अंग वस्त्र देकर स्वागत व सम्मानित किया गया। मौके पर आरजेडी जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र यादव, सूरज कुमार, गुड्डू यादव, कृष्णा यादव, विकास गोप, संदीप यादव, चिंटू यादव, शंकर यादव, निशांत यादव, रणविजय, मनीष, कुंदन, अविनाश, सचिन, हिमांशु कुमार, सुधीर कुमार, सतीश यादव आदि शामिल थे।

## रजरप्पा में 80 हजार रुपयों से भरा बैग बच्चा ने लौटाया



रजरप्पा। एक रुपए के लिए भी लोगों को ईमान डगमगा जाता है। वहीं बड़कीपोना के एक बच्चा ने इमानदारी की मिसाल पेश की है। सड़क में मिले रुपयों से भरा बैग वापस कर दिया। पीड़ित ने पांच हजार देकर सम्मानित किया। जानकारी के अनुसार बड़कीपोना पंचायत स्थित जान्हे निवासी केसर इमाम रामगढ़ से घर लौटने के दौरान डाड़ीटुंगरी के समीप बैग लापता हो गया। इसके बाद बुधवार सुबह मुखिया अरविन्द कुमार सिंह एवं उप मुखिया परवेज आलम ने उक्त मुहल्ला में जाकर रिलीप कुमार से बैग बरामद किया और सत्यापन के बाद बैग को लौटा दी। बैग में जमीन का डिड, मूल कागजात एवं 80 हजार रुपए सहित अन्य सामान थे। बैग मिलने के बाद इमाम ने राहत की सांस ली। रिलीप के बच्चा सतीश कुशवाहा बैग बीते शाम को सड़क पर मिला था। पता चला कि उसमें रुपये हैं। उन्होंने उस बैग को अपने पास सुरक्षित रखते हुए पिता को जानकारी दी। रिलीप ने ईमानदारी का परिचय देते हुए ग्रामीणों को सूचना दी। इसके बाद रिलीप ने ग्रामीणों की मौजूदगी में बैग मिलान कर सौंपा।

## जीएम ने पोषण रथ किया रवाना



रजरप्पा। महाप्रबंधक कल्याणजी प्रसाद ने दिव्यांग विद्यालय सुकरीढ़ा हेतु खाद्य एवं पोषण रथ को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना किया। इस अवसर पर स्टाफ अधिकारी (कार्मिक) मनोज कुमार, स्टाफ अधिकारी (खनन) गौतम नाथ, स्टाफ अधिकारी (योजना) पीके रामदास, क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक एसके शर्मा, स्टाफ अधिकारी (सिविल) विमल कुमार आजाद, क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी राजेश्वर शर्मा, स्टाफ अधिकारी (उत्खनन) एसके सिंहा, उप प्रबंधक (वित्त) गीतांश अग्रवाल, प्रबंधक (पर्यावरण) विवेक द्विवेदी तथा नोडल अधिकारी (सीएसआर) आशीष झा, प्राचार्य लीलमोहन पटेल आदि उपस्थित थे।

## जवाहर नगर में सरस्वती पूजा संपन्न



भुरकुंडा (रामगढ़)। जवाहर नगर ज्योति क्लब दुर्गा मंडप में हवन-पुर्णाहूति के साथ बुधवार को सरस्वती संपन्न हो गया। इस अवसर पूजा समिति द्वारा भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। इसके पूर्व पुरोहित द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। पूजा के दौरान मां सरस्वती सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। पूजा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इसके बाद गाजे-बाजे और नाचते-गाते हुए नम आंखों से मां सरस्वती को विदाई दी गई। संध्या में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा का शुभारंभ समाजसेवी श्रीनिवास अग्रवाल, दीपक कुमार, डीके पंडित और अप्पू मिश्रा ने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। मौके पर समाजसेवी श्रीनिवास अग्रवाल ने कहा कि हिन्दू समाज में माता सरस्वती साहित्य, संगीत, कला तथा विद्या की देवी के रुप में प्रतिष्ठित हैं। मां सरस्वती को वीणा पुस्तक धारिणी कहा गया है। उनमें भाव, विचार एवं संवेदना का त्रिविध संगम है। जहां वीणा संगीत की वहीं पुस्तक विचारों की और मयूर वाहन कला की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनो से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है। साथ ही श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डुबकी लगाने का अवसर मिलता है।

# गुरुद्वारा में मिनाक्षी नेत्रालय ने लगाया नेत्र व दंत जांच शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता

**▸▸ 200 लोगों ने कराया जांच फ्री दवा व चश्मा वितरित**




भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा स्थित श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा में बुधवार को मिनाक्षी नेत्रालय दिव्यम आई हॉस्पिटल हरमू रांची के सौजन्य से निःशुल्क नेत्र दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ गुरुद्वारा कमेटी द्वारा रांची से आये नेत्र की सिनियर ऑप्टम फैयाज नुर व दंत चिकित्सक डॉ. सोनाली को बुके देकर कराया गया। शिविर में करीब 200 लोगो ने अपने आंख और दांतों की जांच कराई। जिसमें पाये गये मरीजों के बीच निःशुल्क दवा और चश्मा का वितरण किया गया।

मिनाक्षी नेत्रालय दिव्यम आई हस्पिटल के डॉ. अभिषेक सिंह, नेत्र जांच टीम की सीनियर अष्टम फैयाज नुर ने नेत्र जांच के दौरान बताया कि आंखो को सुरक्षित रखने के लिए समय-समय पर जांच कराते रहना चाहिए। मोबाईल का उपयोग अंधेरे में ना करें, और बच्चों के आंखो की देखभाल मौसम के अनुसार करते रहें। वहीं मिनाक्षी सिंह की दंत जांच टीम के दंत चिकित्सक डॉ. सोनल ने बताया की उम्र के साथ दांतो की देखभाल और ईलाज जरूरी है।

दांतो को सुरक्षित रखने के लिए 24 घंटे में दो बार ब्रश करें और तम्बाकु का सेवन न करें।

मैनेजर एस तिवारी ने कहा की गुरुद्वारा कमेटी और मिनाक्षी नेत्रालय के द्वारा नेत्र व दंत जांच शिवर लगाकर लोगो ईलाज के प्रति जागरूक किया जा रहा है। क्षेत्रवासियों को आगे भी शिविर के माध्यम से मिनाक्षी नेत्रालय निःशुल्क सेवा देते रहेगा। मौके पर मिनाक्षी नेत्रालय टीम के सिनियर मैनेजर एस तिवारी, गौतम कुमार, सत्येंद्र सिंह, शहबाज व रेखा शामिल थीं। शिविर को सफल बनाने में गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के प्रधान भुपेन्द्र सिंह सैनी उर्फ जीबू, अवतार सिंह सैनी, विकर सिंह, निर्मल सिंह, गुरुमित सिंह, हरविन्दर सिंह बब्ली, पिंटु सिंह गुरुद्वारा की समस्त महिला मंडली का विशेष योगदान रहा।

एक नजर में

## गोंदुलपारा खनन परियोजना के लिए कॉलोनी को लेकर ग्राम सभा आयोजित



बड़कागांव (हजारीबाग)। गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत बनने वाले आवासीय कॉलोनी के निर्माण के लिए बुधवार को चंदौल स्थित पंचायत भवन में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में जानने समझने के लिए सुबह से ही महिला और पुरुषों के साथ अन्य ग्रामीण और रैयत उपस्थित हुए। कार्यक्रम स्थल पर ग्रामीणों के एक समूह ने अधिकारियों को आर एन आर मसौदे के संबंध में मांग पत्र सौंपा। इस खनन परियोजना के लिए एलए और आरआर एक्ट 2013 की धारा 16 (4) और (5) के प्रावधानों के तहत हजारीबाग के अपर समाहर्ता सह प्रशासक के कार्यालय की ओर से पुर्नवास का मसौदा तैयार किया गया है। परियोजना के लिए भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा और उस भूमि पर रह रहे लोगों का दूसरी जगह पुनर्वास करवाया जाएगा। इसके लिए चंदौल में 162.56 एकड़ रैयती भूमि चयनित है। यहां ग्रामीणों के लिए पुनर्वास कॉलोनी बनाई जाएगी। हालांकि, गहमागहमी के बीच गोंदुलपारा के ग्रामीणों के एक समूह ने ग्राम सभा के दौरान अपनी चिंताएं जाहिर की। चंदौल में बनने वाली पुनर्वास कॉलोनी के निर्माण के लिए ग्रामीणों ने नकारात्मक प्रतिक्रिया दी। ग्राम सभा के दौरान ग्रामीणों के एक पक्ष ने जहां अपना विरोध दर्ज किया, वहीं, ग्रामीणों का एक समूह कंपनी के समर्थन में भी रहा। इस ग्राम सभा के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और पुलिस उपाधीक्षक के अलावा अन्य लोग मौजूद थे।

## अंबाजीत से 81 श्रद्धालु गये प्रयागराज



बड़कागांव। ग्राम अंबाजीत से 81 श्रद्धालुओं का जत्था समाजसेवी बबन कुमार के सौजन्य से महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज रवाना हुआ। बुधवार को दो बसों में सवार यह जत्था प्रयागराज, बनारस, अयोध्या और चित्रकूट की धार्मिक यात्रा पर निकला, जिसमें गांव के महिला एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल हैं। गौरतलब है कि इससे पहले समाजसेवी बबन कुमार द्वारा पलामू से 50 गाड़ियों का जत्था महाकुंभ स्नान के लिए रवाना किया जा चुका है। इसी कड़ी में अब अंबाजीत से भी श्रद्धालुओं को इस पावन यात्रा पर भेजा गया। स्थानीय लोगों ने समाजसेवी बबन कुमार के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। श्रद्धालुओं ने रवाना होने से पहले क्षेत्र में सुख-समृद्धि और शांति की कामना की तथा महाकुंभ स्नान को लेकर उत्साह और श्रद्धा व्यक्त की।

## झरपो में वर्तिका बाल वाटिका प्ले स्कूल खुला

टाटीझरिया। प्रखंड के झरपो पंचायत स्थित देवी मंडप चौक के समीप वर्तिका बाल वाटिका प्ले स्कूल का भव्य उद्घाटन 3 फरवरी को किया गया। यह प्ले स्कूल सीबीएसई पैटर्न पर आधारित होगा, जिससे क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी। विद्यालय के संचालक विकास कुमार वर्णवाल की देखरेख में हुए इस उद्घाटन समारोह में झरपो पंचायत मुखिया सह टाटीझरिया प्रखंड अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी, टाटीझरिया उप प्रमुख रवि वर्णवाल एवं धनेश्वर प्रसाद वर्णवाल ने रिबन काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इसके बाद माता सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी कला और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को संचालक विकास कुमार वर्णवाल द्वारा पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने घोषणा की कि एक सीमित समय के लिए विद्यालय में नामांकन शुल्क निःशुल्क रखा गया है। इच्छुक अभिभावक अधिक जानकारी के लिए विद्यालय कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। इस शुभ अवसर पर धनेश्वर प्रसाद वर्णवाल, लक्ष्मण वर्णवाल, रामविलास वर्णवाल, अनिल कुमार, किशोरी ठाकुर, बसंत कुमार सहित अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस पहल से क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जिससे नन्हे बच्चों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली के अनुरूप प्रारंभिक शिक्षा मिल सकेगी।

## संयुक्त ट्रेड यूनियन ने की पीट मीटिंग



भुरकुंडा (रामगढ़)। संयुक्त ट्रेड यूनियन द्वारा भुरकुंडा कोलियरी के माईन बी स्थित बांसगढ़ा खदान के समीप बुधवार को पीट मीटिंग का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता नरेश मंडल और संचालन किरण सिंह ने किया। पीट मीटिंग को संबोधित करते सभी संयुक्त ट्रेड यूनियन के नेताओं कहा कि केंद्र सरकार मजदूर व किसान विरोधी है। मोदी की सरकार चोरी छिपे 44 श्रम कानूनों में संशोधन कर 4 लेबर कोर्ड में बदलाव किया है। जिसे संयुक्त मोर्चा कभी लागू नही होने देगी। वक्ताओं ने केंद्र सरकार द्वारा संसद में पेश किए गए बजट का विरोध करते हुए इसे एक छलावा और भ्रमित करने वाला बजट बताया। कहा गया कि इस बजट में मजदूर, किसान, छात्र, बेरोजगार के बारे में स्पष्ट रूप से कुछ नहीं कहा गया है। केंद्र सरकार महंगाई, इंफलेशन बढ़ा रही है। जिसके चलते जरूरी वस्तुओं की कीमत में बढ़ोतरी हो रही है। केंद्र सरकार टैक्स एवं जीएसटी के नाम पर जनता से पैसा की वसूली कर रही है। जनता, किसान और मजदूर त्राहिमाम है। युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही है। सरकारी खदानों, कोयला उद्योग, पीएसयू खत्म कर रही है। केंद्र सरकार 44 श्रम कानूनों में संशोधन कर 4 लेबर कोर्ड में बदलाव किया है। जिसे संयुक्त मोर्चा कभी लागू नही होने देगी। कोयला मजदूर संघर्ष के लिए तैयार रहें। इस दौरान वितीय बजट की प्रति भी जलाई गई। मीट मीटिंग को रामनरेश सिंह, संजय वर्मा, लखेंद्र राय, नरेश मंडल, सुरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र मिश्रा, जगरनाथ पासवान, आजाद भुंइया, दशरथ सिंह, आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर अनुज कुमार, अशोक राम, जग्गू घांसी, बासदेव उरांव, छोटेलाल बेदिया, शिव यादव, अनिल दुबे सहित कई लोग मौजूद थे।

## विवाहिता ने फंदे में झूलकर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कटहाडीह में बुधवार को 20 वर्षीय विवाहिता ने कमरे में लगे पंखे में दुपट्टा के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान 20 वर्षीय शाहीन परवीन पति फैजल खान के रूप में हुई है। वहीं घटना दोपहर साढ़े 12 बजे की बताई गई है। इस संबंध में मृतका के मामा जैनुल खान ने जानकारी देते हुए बताया कि मैं हजारीबाग में था, ग्रामीणों के द्वारा मुझे सूचना मिली तो मैं पहुंचा तो देखा कि शाहीन परवीन की मृत्यु हो गई है। आगे उन्होंने बताया कि मृतका का पति मुंबई में रह कर काम करता है और मेरी भगनी गांव में किराए के मकान में रहती थी। घटना की सूचना मृतका के मामा जैनुल खान ने पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही एसआई संजय सिंह, एएसआई आशीष हांसदा ने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर आसपास के लोगों से घटना की जानकारी ली। वहीं पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। फिलहाल पुलिस सभी पहलू पर जांच कर रही है। समाचार लिखे जाने तक थाना में कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है।

### जिला स्तरीय मनरेगा सप्ताह कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा

# मनरेगा योजना के तहत आवेदन करने के 15 दिन के अंदर कार्य प्रदान करने का प्रावधान

- **मनरेगा योजना में बेहतर योगदान देने वाले पदाधिकारी और कर्मियों को दिया गया प्रशस्ति पत्र**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** मनरेगा दिवस के तहत 3 फरवरी से 8 फरवरी तक मनरेगा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसे लेकर समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपायुक्त मेघा भारद्वाज, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, डीडीसी ऋतुराज एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं मंच संचालन परियोजना पदाधिकारी बंसत के द्वारा किया गया। वहीं उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि मनरेगा के तहत 100 दिन का रोजगार प्राप्त करने का लाभ सभी श्रमिकों को उठाना चाहिए। उन्होंने बताया कि मनरेगा योजना के तहत आवेदन करने के 15 दिन के अंदर कार्य प्रदान करने का प्रावधान है, ताकि श्रमिकों को शीघ्र रोजगार मिल सके। वहीं उन्होंने कहा कि मनरेगा केवल रोजगार उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि, पलायन की रोकथाम व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सकारात्मक कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त ने सभी बीडीओ और प्रखंड परियोजना पदाधिकारी को मनरेगा के कार्यों को पूरी पारदर्शिता के साथ करने को कहा। वहीं जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि कोडरमा जिला में मनरेगा के कार्य अच्छे तरीके से हो रहा है, इसे और बेहतर तरीके से करायें। कुछ त्रुटियां हैं तो उसे भी दूर करते हुए कार्य करें।

वहीं डीडीसी ऋतुराज द्वारा मनरेगा के कार्यों की प्रगति पर प्रकाश डाला गया। वहीं उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों व कर्मियों को ग्रामीण इलाकों के अधिकतम नागरिकों को रोजगार से जोड़ने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त मेघा भारद्वाज, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, डीडीसी ऋतुराज व अन्य अतिथियों द्वारा लाभुकों के बीच जॉब कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही बिरसा हरित ग्राम योजना में बागवानी योजना में बेहतर कार्य करने वाले लाभुकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा मनरेगा योजना के सफल क्रियान्वयन में अपना बेहतर योगदान देने वाले पदाधिकारी और कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

मौके पर परियोजना अर्थशास्त्री सन्नी दयाल सिंह, परियोजना पदाधिकारी बसंत, सभी प्रखंड परियोजना पदाधिकारी, रोजगार सेवक आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### इटखोरी महोत्सव से पहले चला स्वच्छता अभियान, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने की भागीदारी



**इटखोरी।** तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव की तैयारियों को लेकर बुधवार को भद्रकाली मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें सीओ सविता सिंह, बीडीओ सोमनाथ बांकीरा, मुखिया, जनप्रतिनिधि और कई स्थानीय लोग शामिल हुए। अभियान के तहत मंदिर परिसर, महोत्सव स्थल, शिव मंदिर मार्ग और सेमिनार स्थल की सफाई की गई। सीओ ने दुकानदारों और होटल संचालकों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की और कूड़ेदान के उपयोग पर जोर दिया। श्रद्धालुओं से भी सफाई में सहयोग करने का आग्रह किया गया। गौरतलब है कि इटखोरी महोत्सव में देश भर से श्रद्धालु आते हैं, जिसे सफल बनाने के लिए प्रशासनिक तैयारियां जारी हैं। इस अवसर पर टुन्नी सिंह, रंजय भारती, सतीश सिंह, रत्न शर्मा, मृत्युंजय सिंह, अंजू सिंह, अंकित सिंह, संतोष सोनी, सुरेंद्र सिंह, रामाशंकर रजक, जुगेश्वर दांगी, रंजीत सिंह, दीपक गिरी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### शेख भिखारी और टिकैत उमरांव सिंह के शहादत दिवस कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**टंडवा।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी और राज्य के पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर टंडवा पहुंचे। इस दौरान वे प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कामता में आयोजित शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमरांव सिंह के 168वें शहादत दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में दोनों नेताओं ने शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की। इस श्रद्धांजलि सभा में कई गणमान्य व्यक्तियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व विधायक सिमरिया किसुन दास, पूर्व विधायक बरही उमा शंकर अकेला यादव, जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव, प्रदेश अध्यक्ष महिला कांग्रेस गुंजन सिंह, मो. सुभान मियां, मो. अतीक मंसूरी, जिला परिषद सदस्य सुभाष यादव, चंद्रदेव गोप, प्रखंड अध्यक्ष नीरज तिवारी सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा कदम, चारू में एकलव्य मॉडल स्कूल का हुआ भव्य उद्घाटन



**चतरा।** जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड क्षेत्र के चारू में बुधवार को एकलव्य मॉडल रेसिडेंशियल स्कूल का भव्य उद्घाटन किया गया। इस मौके पर चतरा लोकसभा सांसद कालीचरण सिंह, चतरा विधायक जनार्दन पासवान और सिमरिया विधायक उज्ज्वल दास, जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजु तिवारी सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। सांसद और विधायकों ने फीता काटकर विद्यालय का शुभारंभ किया। विद्यालय की प्रचार्या सृष्टि बारला और हिमालय दास ने अतिथियों का स्वागत किया। सांसद कालीचरण सिंह ने उद्घाटन समारोह में कहा कि यह विद्यालय क्षेत्र के आदिवासी एवं वंचित वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेगा। उन्होंने शिक्षा को समाज और देश के विकास की नींव बताया। विधायक जनार्दन पासवान और उज्ज्वल दास ने भी इसे शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा कदम बताते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विद्यालय परिसर में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसे अतिथियों ने सराहा। समारोह के अंत में अतिथियों ने विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर आवश्यक सुविधाओं की समीक्षा भी की। इस अवसर पर प्रमुख इंदु कुमारी, मुखिया रवीना देवी, डीआरडीए डायरेक्टर अलका कुमारी, जिला कल्याण पदाधिकारी शिशिर कुमार पंडित, अंचल अधिकारी मनोज कुमार गोप, बीडीओ सुनील प्रकाश, राजेंद्र राम और सुबोध सिंह समेत कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### सांसद कालीचरण सिंह ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**चतरा।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने बुधवार को लावालौंग प्रखंड के रतनाग गाँव में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन कर ग्रामीणों को बड़ी सौगात दी। गाँव में दो साल से बिजली नहीं थी, लेकिन सांसद ने चुनावी वादे के तहत 100 दिनों की बजाय सिर्फ 60 दिनों में बिजली बहाल कर दी। इस मौके पर सांसद सिंह ने इसे जनसेवा का संकल्प बताया, वहीं ग्रामीणों ने बिजली बहाल होने पर खुशी जताई और सांसद का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में सिमरिया विधायक उज्ज्वल दास भी मौजूद रहे, जिन्होंने इसे गाँव के विकास की दिशा में अहम कदम बताया। सांसद ने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

### गिद्धौर प्रखंड कार्यालय में अधिकारियों व कर्मियों की मनमानी से जनता परेशान




**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित अधिकारियों और कर्मियों की मनमानी से प्रखंडवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कार्यालय आने और जाने की कोई निश्चित समय-सीमा नहीं होने के कारण आम जनता को इधर-उधर भटकना पड़ता है।बुधवार को भी स्थिति कुछ ऐसी ही रही, जब कार्यालय का निर्धारित समय सुबह 10 बजे होने के बावजूद साढ़े 11 बजे तक अधिकांश अधिकारी और कर्मचारी अनुपस्थित रहे। मौके पर प्रखंड प्रमुख अनीता यादव जब कार्यालय पहुंचीं, तो वहां का हाल देखकर हैरान रह गईं।कार्यालय में मात्र अनुसेवक बिंदेश्वर कुमार पांडेय, शांति कच्छप, रिंकी कुमारी और सफाई कर्मी पुतल देवी उपस्थित थे, जबकि अन्य अधिकारी और कर्मचारी नदारद थे। प्रमुख अनीता यादव ने इस लापरवाही की शिकायत दूरभाष के माध्यम से सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी को दी। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यालय समय पर नहीं खुलने से प्रखंडवासियों को अपने कार्यों के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है, जिससे उनकी परेशानियां बढ़ रही हैं। उन्होंने उपायुक्त रमेश घोलप और सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज से इस मामले की जांच कर दोषी अधिकारियों और कर्मियों को निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचने तथा सरकारी आवास में रहने का निर्देश देने की मांग की है।

### प्रखंड कार्यालय सभागार में मनरेगा दिवस पर 100 दिन कार्य करने वाले मजदूर सम्मानित



गिद्धौर। प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को मनरेगा दिवस के अवसर पर 100 दिन कार्य करने वाले मनरेगा मजदूरों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ राहुल देव, सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा और प्रमुख अनीता यादव ने मजदूरों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि मनरेगा मजदूरों की मेहनत से ग्रामीण विकास को नई गति मिल रही है। 100 दिन का रोजगार पूरा करने वाले मजदूरों को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाना जरूरी है, ताकि वे आगे भी मनरेगा के तहत कार्य कर अपने जीवन स्तर को सुधार सकें। सम्मान समारोह में पंचायत सेवक, रोजगार सेवक निर्मल दांगी, सतेंद्र कुमार वर्मा, प्रदीप कुमार, पार्वती कुमारी समेत कई मनरेगा मजदूर उपस्थित थे।

### वन विभाग की टीम ने चलाया सघन छापेमारी अभियान, 30 बोटा सखुआ जब्त



**गिद्धौर।** वन विभाग की टीम ने लगातार दूसरे दिन मारंगी जंगल में सघन छापेमारी अभियान चलाया और बुधवार को 30 बोटा सखुआ लकड़ी जब्त की। इस कार्रवाई का नेतृत्व प्रभारी वनपाल रूपलाल यादव और कमल किशोर ने किया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अवैध लकड़ी कटाई में शामिल आरोपियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उन पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी अभियान में वनरक्षी संजय कुमार, प्रकाश राणा, चालक अशोक कुमार और पशु रक्षक शामिल थे। विभाग ने स्पष्ट किया कि वन क्षेत्र में अवैध कटाई पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मधुरा रेस्टोरेंट का प्रशिक्षु डीएसपी ने किया उद्घाटन



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के महाराणा प्रताप चौक के समीप मुख्य अतिथि प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार ने फीता काटकर मधुरा रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया। वहीं रेस्टोरेंट का संचालक अजय कुमार और उनके पार्टनर पवन कुमार मोदी ने मुख्य अतिथि को बुके देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार ने बधाई देते हुए कहा कि इस तरह का रेस्टोरेंट खुलने से शहर का गौरव बढ़ता है। लोग इस माहौल में बैठकर व्यंजन का लुत्फ उठाने के लिए पहले लोग अन्य शहर का रुख करते थे। वहीं उन्होंने कहा कि खाना का क्वालिटी अच्छा रखिये ताकि लोग खोज कर पहुंचे। वहीं रेस्टोरेंट के संचालक अजय कुमार और पवन कुमार मोदी ने बताया कि इस रेस्टोरेंट में ग्राहकों को नए-नए डिस खाने को मिलेंगे। वहीं उन्होंने बताया कि किफायती दरों पर ग्राहकों को फास्ट फूड, खाना आदि मिलेगा। मौके पर रिधिया देवी, ललिता देवी, विशाल कुमार, मेहबूब आलम, संतोष कुमार, सूरज कुमार आदि मौजूद थे।

## आइसक्रीम खाने से डेढ़ दर्जन बच्चे व महिलाएं बीमार

- **सभी बच्चे व महिलाएं खतरे से बाहर : डॉ. रंजीत**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत आरागारो में बुधवार को आइसक्रीम खाने से तकरीबन डेढ़ दर्जन बच्चे व महिलाएं बीमार हो गईं। जिन्हें स्थानीय लोगों के द्वारा सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। बीमार बच्चों व महिलाओं ने बताया कि वे आरागरो में एक विवाह समारोह में सम्मिलित होने पहुंचे थे। इसी बीच दोपहर के करीब 12 बजे एक आइसक्रीम वाला वहां पहुंचा और हम सभी लोगों ने आइसक्रीम खाई। आइसक्रीम खाने के थोड़ी देर बाद ही बच्चों व महिलाओं के जीभ व तालु आपस में चिपक गए। जिसके बाद गांव के ही लोगों ने उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनके इलाज के पश्चात उन्हें दवा देकर घर भेज दिया गया। वहीं सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. रंजीत कुमार ने बताया कि मामले की सूचना मिलते ही अस्पातल के इमरजेंसी वार्ड में अतिरिक्त चिकित्सकों की तैनाती कर दी गई। सभी बच्चों व महिलाओं का उपचार कर उन्हें वापस भेज दिया गया है। फिलहाल सभी बच्चे व महिलाएं खतरे से बाहर हैं। वहीं उन्होंने कहा उक्त आइसक्रीम का सैम्पल ले लिया गया है, जिसे जांच के लिए खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी को सुपुर्द कर दिया जाएगा।

**बीमार बच्चे व महिलाएं :** 13 वर्षीय आदर्श कुमार पिता पवन पासवान, 30 वर्षीय रीता देवी पति पवन कुमार, 4 वर्षीय लबयम पिता पवन पासवान, 12 वर्षीय शिवम पवन पिता पवन पासवान, 13 वर्षीय प्रिंस राज पिता संजय पासवान, 14 वर्षीय सुजल पासवान पिता संजय पासवान, 14 वर्षीय शिवा पासवान पिता इंद्रदेव पासवान, 6 वर्षीय अनम पासवान पिता सिकंदर पासवान, 10 वर्षीय आर्यन कुमार पिता सिकंदर पासवान, 15 वर्षीय कुलदीप कुमार पिता विनोद यादव, 10 वर्षीय निखिल पासवान पिता सुनील पासवान, 5 वर्षीय चीकू कुमार पिता रवि पासवान, 15 वर्षीय आकांशा कुमारी पिता मुकेश पासवान, 45 वर्षीय अमृता देवी पति सुरेश पासवान, 36 वर्षीय अन्वी कुमारी पति विकास पासवान, 2 वर्षीय दुगु पासवान पिता विकास पासवान शामिल हैं।

## नम आंखों से मां शारदे की प्रतिमा का किया गया विसर्जन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड में शांतिपूर्ण माहौल में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना संपन्न हो गई। पूजा के दूसरे दिन एवं तीसरे दिन स्कूल कॉलेज में हवन पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इसके बाद मां शारदे को नम आंखों से विदाई दी गई। प्रखंड के शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राएं नाचते-गाते माता की प्रतिमा का विसर्जन किया। बता दें कि इंडियन पब्लिक स्कूल कटिया, नेशनल पब्लिक स्कूल स्टेशन रोड, एके मेमोरियल दिल्ली पब्लिक स्कूल स्टेशन रोड, ज्ञान भारती प्लस टू उच्च विद्यालय स्टेशन रोड, आदर्श विद्या मंदिर तिलोकरी, बीएसवी उच्च विद्यालय परसाबाद सहित प्रखंड के विभिन्न जलाशयों व तालाबों में विद्यार्थियों एवं श्रद्धालुओं ने नाम आंखों से मां शारदे की प्रतिमा का विसर्जन किया। इससे पूर्व विधि विधान पूर्वक मां सरस्वती की पूजा अर्चना व हवन की गई। हवन के बाद माता को खिचड़ी का भोग लगाया गया। वहीं श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया, उसके बाद माता की आरती उतारी गई एवं बाद में मां सरस्वती की जयकारे व गाजे बाजे के साथ विद्यार्थियों ने जलाशयों व तालाबों में मां शारदे की प्रतिमा का विसर्जन किया। प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं ने जमकर अमीर व गुलाल उड़ाए। वहीं स्कूली छात्र-छात्राओं ने जहां सादगीपूर्वक मां शारदे को नाम आंखों से विदाई दी। ज्ञात हो कि इस वर्ष सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने में बीडीओ गौतम कुमार एवं जयनगर थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह का भरपूर सहयोग रहा।

## बिना ट्रेड लाइसेंस के संचालित हो रहे होटल को नप ने किया सील

- **लंबे समय से होल्डिंग टैक्स है बकाया**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर परिषद् द्वारा लगातार लोगों को ट्रेड लाइसेंस को लेकर जागरूक किया जा रहा है, इसके बावजूद भी कई ऐसे प्रतिष्ठान हैं जो बिना ट्रेड लाइसेंस के अपने व्यापार को संचालित कर रहे हैं। जिसे लेकर बुधवार को नगर प्रशासक के निर्देश पर संयुक्त टीम गठित कर होटल प्रकाश को नप के नगर प्रबंधक रणधीर कुमार वर्मा के नेतृत्व में सील किया गया। वहीं नगर प्रबंधक ने बताया कि नगर परिषद् क्षेत्र अंतर्गत बिना ट्रेड लाइसेंस लिए व्यापार करना गैरकानूनी है, जिसे लेकर लगातार प्रचार प्रसार एवं पूर्व में भी नोटिस किया गया है। इसके बावजूद भी लोग ट्रेड लाइसेंस नहीं ले रहे हैं। जिसे लेकर बुधवार को होटल प्रकाश को सील किया गया। वहीं टीम में नगर प्रबंधक रणधीर कुमार वर्मा, टैक्स दरोगा महादेव यादव, सुदर्शन श्रीवास्तव, बलराम कुशवाहा, दुलारचंद यादव, रौशन कुमार, लखन सिंह, राजेश मोदी समेत होमगार्ड के जवान मौजूद थे।

## सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ की बैठक आयोजित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड की बैठक उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में हिस्सा पूंजी के मद में प्राप्त राशि का एफडी खाते में रखने, वार्षिक आम सभा कराने, चावल मिल के लिए डीपीआर, पैक्सों द्वारा सदस्यता हेतु दिए गए आवेदन प्रस्ताव के आलोक में पैक्सों के सदस्य बनाये जाने से संबंधित विस्तार से चर्चा की गयी।

उपायुक्त द्वारा कई मामलों पर स्वीकृति प्रदान की गयी। उन्होंने जिले में सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड के कार्यालय हेतु उपस्कर एवं कार्मिकों को प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया। वहीं उन्होंने उद्योग विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए साल पत्ता से प्लेट एवं कटोरी बनाने, चावल मिल से संबंधित, वन भूमि की सीमांत क्षेत्र पर लेमन ग्रास एवं एलोवेरा लगाने एवं प्रसंस्करण इकाई का डीपीआर बनाने का निर्देश जिला सहकारिता पदाधिकारी रूमा झा को दिया। इसके साथ ही डिस्ट्रिक्ट कॉपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी की बैठक कर गोदाम निर्माण हेतु प्राप्त प्रस्ताव, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि योजना को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

बैठक में डीएफओ सौमित्र शुक्ला, डीडीसी ऋतुराज, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुर्णेंदु, जिला सहकारिता पदाधिकारी रूमा झा, जिला पशुपालन पदाधिकारी राम सरीक प्रसाद समेत अन्य मौजूद थे।

## ग्रिजली विद्यालय के छात्रों ने सड़क सुरक्षा व स्वच्छता पर किया नुक्कड़ नाटक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** ग्रिजली विद्यालय के छात्रों ने सड़क सुरक्षा और स्वच्छता जागरूकता पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें जिम्मेदार सड़क व्यवहार और अपने आसपास की स्वच्छता बनाए रखने के महत्व का संदेश दिया। यह प्रस्तुति विद्यालय द्वारा आयोजित की गई थी, जो एक व्यस्त स्थान पर आयोजित की गई, जहां जूनियर छात्रों ने उत्साह के साथ राहगीरों का ध्यान आकर्षित किया। अपने जोशपूर्ण प्रदर्शन के माध्यम से छात्रों ने ट्रैफिक नियमों का पालन, हेलमेट पहनने और कचरा सही तरीके से फेंकने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जोर दिया। नुक्कड़ नाटक में कक्षा 2 के इफ्फत, संस्कृति, अनन्या, ऋषभ, नक्ष, आयुष, कक्षा 3 के वैदिक, अरव, दक्षिनी, नयसा, नव्या, दिव्यांश, विवान, कक्षा 4 के एंजेल, सान्वी, साक्षी, अनोखी, काव्या, वंश, अद्विता, राजवीर, नैतिक ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। नुक्कड़ नाटक ने केवल मनोरंजन ही नहीं किया, बल्कि दर्शकों को महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर शिक्षित भी किया। छात्रों की वास्तविक जीवन स्थितियों को जीवंत रूप में प्रस्तुत करने से दर्शकों पर गहरा प्रभाव पड़ा। इस कार्यक्रम में कई विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया, जिन्होंने इस पहल की सराहना की।

इस कार्यक्रम को सफल निष्पादन में राजीव रंजन, प्रीति जगनानी, अल्पना श्रीवास्तव, अनु कपसिमे, अवनिशा आनंद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कोडरमा जिले के जंगली क्षेत्रों में वनों की अंधाधुंध कटाई जोरों पर

- **वन विभाग के अधिकारी कार्रवाई के नाम पर कर रहे हैं खानापूर्ति**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** जिले के जंगली क्षेत्रों में वनों की अंधाधुंध कटाई जारी है। जिस कारण हरियाली कम हो रही है। वहीं वन विभाग के अधिकारी कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर रहे हैं। कोडरमा मुख्यालय से सटे जंगली क्षेत्रों में वनों की अंधाधुंध कटाई जारी है। जिले में प्रत्येक साल वन बचाओ अभियान चलाया जाता है। इसको लेकर कई कार्यक्रम व नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए जाते हैं। इसमें वन विभाग व अन्य कई संस्थाओं द्वारा लोगों को जागरूक किया जाता है। वहीं कई इलाकों में लाखों रुपये खर्च कर पौधे लगाए गए, जो अब पेड़ बन चुके हैं। जंगल व पेड़ों के बचाव के लिए कई वनरक्षी भी रखे गए हैं। इसके बाद भी जंगली क्षेत्र से पेड़ काटे जा रहे हैं। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि करीब 500 बोझा कच्ची लकड़ियां काटकर लोग घरों के चूल्हे में जला रहे हैं। साथ ही कई जगह शराब भट्ठी में लकड़ियों का इस्तेमाल हो रहा है। इनमें से कई भट्ठियां तो जंगली क्षेत्र में ही चलाई जा रही हैं। वहीं लोगों का कहना है कि यहां पदस्थापित रेंजर रामबाबू राम के पास प्रभार है, वे अधिकतर समय जिला मुख्यालय में बिताते हैं। इसके कारण यहां के वनरक्षी अपनी जिम्मेदारी निभाने में लापरवाही कर रहे हैं।

**जंगल कटाई की वजह से लुप्त हो रहे हैं वन्यप्राणी :** आपको बता दें कि जंगल कटाई की वजह से जितने भी वन्यप्राणी थे, वह लुप्त हो रहे हैं या उनका शिकार किया जा रहा है। लगभग 200 एकड़ से ज्यादा जंगल की कटाई हो चुकी है। जंगल कटने से वायु प्रदूषण बढ़ रहा है और यहां के लोग दिन-रात बीमार पड़ रहे हैं।

### जंगल की कटाई जारी, रक्षक ही बने भक्षक

डुमरिया टांड़ जंगल में वन विभाग के कर्मियों की मिलीभगत से धड़ल्ले से पेड़ों की कटाई हो रही है। इसमें यहां तैनात वन रक्षक की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता। उसकी मदद से जंगल माफिया कई वर्षों से यहां सक्रिय हैं। जंगल माफिया सिपाही की मिलीभगत से चांदी काट रहे हैं।


**स्पीड न्यूज**

## संत पियूष जनता उच्च विद्यालय भिखमपुर के छात्र छात्राओं को दी गयी विदाई



जारी। जारी प्रखंड अंतर्गत संत पियूष जनता उच्च विद्यालय भिखमपुर में वर्ग 10 वीं के छात्र छात्राओं का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच विदाई दी गई। विदाई समारोह से पहले भिखमपुर पल्ली में मिस्सा अनुष्ठान का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य अधिष्ठाता फादर प्रेम प्रकाश इन्दवार थे। वहीं मुख्य अधिष्ठाता ने अपने संदेश में बच्चों को बेहतर जीवन जीने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आप हमेशा आगे बढ़ते रहें। आपके रास्ते में विभिन्न तरह की कठिनाईयां आएगी। रास्ते में कांटे भी पड़ेंगे लेकिन सहन करते हुए अपनी मंजिल को पाएं। मौके पर संत पियूष जनता उच्च विद्यालय भिखमपुर के एचएम फादर ग्रेगोरी कल्लू ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप मैट्रिक की परीक्षा को पहला कदम समझें। मैट्रिक की परीक्षा जीवन का प्रथम द्वार है। मंजिल सोचकर पढ़ाई करें और मंजिल को प्राप्त करें। साथ ही कहा कि मेहनत करें निश्चित रूप से सफलता कदम चूमेगी। इस अवसर पर फादर बीरेन्द्र मिंज, तिन्तीयुस मिंज, भैलेट तिग्गा, पवन मिंज, क्रेसेसिया तिर्की, गीता टोप्पो, राहुल कुमार सहित स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

## चैनपुर में मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन उत्साह और श्रद्धा का संगम



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड मुख्यालय एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन धूमधाम से किया गया। विसर्जन जुलूस धार्मिक आस्था ही नहीं बल्कि सामुदायिक एकता और उत्सव का प्रतीक बना। समारोह में शामिल लोग डीजे की धुन पर थिरकते नजर आए और विशेषकर बच्चों में उत्साह की कोई कमी नहीं थी। बच्चों ने मां सरस्वती के जयकारे लगाये। चैनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित जमीनी छापर, ब्लॉक के तलब एवं अन्य जलाशयों में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर रोनित कुमार, रोहित जयसवाल, निखिल सिंह, रवि रंजन कुमार सहित श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या उपस्थित थी।

## पंचायत भीएलई का संचालित दो दिवसीय प्रशिक्षण हुआ समापन



घाघरा। घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में पंचायती राज विभाग आपकी योजना सबका विकास अभियान 2025-26 के सफल क्रियान्वयन को लेकर पंचायत भीएलई का चल रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। जिला प्रबंधक डिजिग्राम मनोज कुमार सतपति एवं मास्टर ट्रेनर प्रियंका सिंह के द्वारा प्रशिक्षण दी गई। इस क्रम में ई ग्राम स्वराज, ट्रेनिंग मैनेजमेंट पोर्टल,पंचायत डेवलपमेंट इंडेक्स, गवर्नमेंट ई-मार्केट विषय पर जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि पंचायती राज के माध्यम से गांव का विकास कैसे हो इसका सही डाटा एंट्री करने सहित कई बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में घाघरा प्रखंड सहित पालकोट गुमला बिशनपुर से कुल 67 भीएलई ने भाग लिया।

## महाकुंभ सांस्कृतिक समागम में भाग लेगें झारखंड के आठ परम्परा के नृत्य मंडली

रायडीह। भारत ही नहीं विदेशों से भी महाकुंभ स्नान के लिए श्रद्धालुओं का आगमन हजारों लाखों में नहीं प्रत्येक दिन करोड़ो के संख्या में आ रहे हैं। इसी क्रम में महाकुंभ सांस्कृतिक समागम कार्यक्रम में झारखण्ड प्रदेश से अलग अलग स्थानों से 8 नृत्य मण्डली बुधवार को टोरी रेलवे जंक्शन से तीर्थ राज प्रयाग राज के लिए प्रस्थान किया। अखिल भारतिय वनवासी कल्याण केन्द्र से श्री खेदु नायक संगठन मंत्री गुमला विभाग, बिसु सोरेंग जिला अध्यक्ष, बिरझु नगेसीया, एकल विद्यालय जिला शिक्षा प्रमुख, गणेश सिंह जिला शाखी जागरण प्रमुख, सुरेन्द्र कुमार गुप्त ग्राम विकास प्रमुख, ललिता कुमारी महिला प्रांत प्रमुख, लक्ष्मी कुमारी जिला महिला प्रमुख, अशोक सिंह, जिला लोक कला प्रमुख, एवं अन्य सदस्य, उत्तम प्रसाद, उषा देवी, जितपती देवी, राजकुमार सिंह, फलिन्द्र सिंह सैकड़ो लोग रवाना हुए। वहीं अखिल भारतिय वनवासी कल्याण केन्द्र का मण्डप एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सेक्टर नंबर 09 में बनी है। वहीं पूरे भारत देश से अगल अलग भाषा लोक संस्कृति वेष भूषा के साथ करीब 150 नृत्य मंडली महाकुंभ सांस्कृतिक समागम 7 से 9 फरवरी 2025 तक मां दुर्गा वती सभागार, रानी मां गाइदिल्यू सभागार, सिंगनी दाई, कलई दाई सभागार, फुलो झानो सभागार में संध्या 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक संत महात्माओं के द्वारा दीप प्रज्वलित के पश्चात आशिर्वचन होंगे एवं हिन्दू सनातन धर्म संगठन के कार्य कर्ताओं के द्वारा उद्बोधन के उपरांत बारी बारी से नृत्य मंडलियों का प्रस्तुति होंगे।

## परियोजना निदेशक आईटीडीए की अध्यक्षता में सीएसआर व जिला उद्योग की हुई बैठक

गुमला। परियोजना निदेशक आईटीडीए रीना हांसदा की अध्यक्षता में बुधवार को जिला प्रशासन की ओर से सीएसआर (कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) मामलों और जिला उद्योग विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में खनन क्षेत्रों में हिंडाल्को द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। परियोजना निदेशक ने विद्यालय मरम्मत, जल मीनार निर्माण, जर्जर भवनों की मरम्मत सहित अन्य सीएसआर मद से किए जा रहे कार्यों का बिंदुवार मूल्यांकन किया। उन्होंने माइनिंग क्षेत्रों में पेयजल सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इनकी तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने जरूरतमंद क्षेत्रों में डीप बोरिंग कराने और पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु त्वरित कार्रवाई करने की बात कही। जिला उद्योग विभाग की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत लंबित आवेदनों के शीघ्र निपटान का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। पीएमएफएमई योजना की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए परियोजना निदेशक ने युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकतम युवाओं को रोजगार से जोड़ने और तय लक्ष्यों के अनुसार कार्य करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, जिला उद्यमी समन्वयक, जिला मत्स्य पदाधिकारी, अंचल अधिकारी (घाघरा व बिशुनपुर), हिंडाल्को के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मनुष्य का निवास होता है: एसडीओ

### संध्या रानी ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल गुमला का वार्षिक खेलकूद समारोह संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** संध्या रानी ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल गुमला का वार्षिक खेलकूद समारोह परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम गुमला में मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि एसडीओ राजीव नीरज ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रिंसिपल राजेंद्र प्रसाद लाल ने मुख्य अतिथि एवं कमेटी सदस्य यशवंत कुमार सिंह, अनूप अधिकारी, शिवकुमार लाल को सम्मानित किया। मौके पर एसडीओ राजीव नीरज ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए खेलकूद अति आवश्यक है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मनुष्य का निवास होता है। प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों को हौसला बढ़ाया और पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद को भी उचित बताया। निदेशक संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि विद्यालय में इस तरह की कार्यक्रम आने वाले समय में हमेशा होते रहेंगे। जिप उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने विद्यालय के इस कार्यक्रम की सराहना की। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पाने वालों में अनन्या कुशवाहा, लक्ष्य कुमार भगत, खुशबू उरांव, आयांश उरांव, आस्था उरांव, शुभम कुमार, अलीशा उरांव, निमिषा टोप्पो, शक्ति सिंह, आदर्श जायसवाल, हरलीन कौर, सैफ मलिक, चंदा कुमारी, अमरनाथ सिंह, वैष्णवी कुमारी, मनीष कुमार, द्वितीय पुरस्कार पाने वालों में अभिराज, सक्षम पन्ना, आरोही पन्ना, अश्विन कुल्लू नम्रता, आदित्य राज, रिया कुमारी, आकृति उरांव, निखिल गोप, वेदांत राज केसरी, पलक कुमारी, दिव्यांशु कुमार, श्रेया कुमारी, प्रिंस कुमार, ग्रेसी हीरो, दिव्यांशु उरांव के नाम शामिल है। मंच का संचालन प्रिंसी गुप्ता एवं सिमरन गुप्ता ने की। इस अवसर पर विद्यालय विभाग अध्यक्ष गायत्री गुप्ता, शिक्षिका मैत्री अधिकारी, रीता कुमारी, पूनम प्रसाद, अनु कुमारी, अमृता श्रीवास्तव, विनीता गुप्ता, शोभा तिर्की, संजू दास, सोनम कुमारी, निहारिका सिंह, उषा रानी, कीर्ति कुमारी, कविता कुमारी, पायल साहू, सुमन कुमारी, सुनीता एपिल सुरीन, सीमा खाखा,अर्शिया परवीन, तरन्नुम अनुप्रिया टोप्पो, उषा रानी, जय किशोर कुमार, विपुल कुमार केसरी, कृष्णा नंदन कुमार, राजेश खत्री, सौरभ कुमार गुप्ता, रोहित राज, अभिषेक कुमार, कमल कुमार एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

# लोहरदगा के मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन के लिए टेस्ट परीक्षा 1 मार्च को

**पहली मेधा सूची 10 मार्च को जारी की जाएगी, नामांकन 11 से 22 मार्च तक चलेगा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** राज्य में संचालित सभी सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस विद्यालयों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। लोहरदगा जिला में भी जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट नदिया हिन्दू विद्यालय लोहरदगा, कस्तूरबा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय कुजरा लोहरदगा और कस्तूरबा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय लोहरदगा नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है। नामांकन के लिए टेस्ट 1 मार्च 2025 को होगा। पहली मेधा सूची 10 मार्च 2025 को जारी की जाएगी। नामांकन 11 से 22 मार्च 2025 तक चलेगा। सीबीएससी बोर्ड से मान्यता प्राप्त मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण उत्कृष्ट शिक्षा दी जाती है। इन विद्यालयों में विद्यार्थियों के सम्पूर्ण विकास के लिए सीबीएससी बोर्ड के अनुसार पाठ्यक्रम, गतिविधियां एवं कार्यक्रम आयोजित होते है। उत्कृष्ट शिक्षा के लिए सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में आधुनिक प्रयोगशालाएं और पुस्तकालय भी है। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में नामांकन ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से कराया जा सकता है। ऑफलाइन नामांकन फॉर्म स्कूल से प्राप्त किया जा सकता है जबकि ऑनलाइन आवेदन ई-विद्यावाहिनी पोर्टल/एप के माध्यम से किया जा सकता है।

# डिजिटल पंचायत वीएलइ के लिए आयोजित पंचायती राज विभाग के प्रशिक्षण का समापन

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** पंचायती राज विभाग और डिजिग्राम के संयुक्त से आयोजित सबकी योजना सबका विकास अभियान 2025-26 सफल क्रियान्वयन हेतु ई- ग्राम स्वराज, टी एम पी, पी डी आई तथा जी ई एम पोर्टल संचालन हेतु लोहरदगा पंचायती राज रिसोर्स सेंटर सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण 4 फरवरी से आयोजित किया गया। जिसका समापन बुधवार को हुआ। जिसमें कुल 34 डिजिटल पंचायत वीएलई ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुड़ू प्रखंड के 14 , कैरो प्रखण्ड से 6 और भंडारा प्रखंड से 9 और पेशरार के 5 वीएलईएस ने भाग लिया। प्रशिक्षण हेतु डिजीग्राम के राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर अंजर अहमद ने सफल क्रियान्वयन के लिए ई ग्राम स्वराज टीएमपी, पीडीआई, तथा जेम पोर्टल के संचालन को लेकर लॉगिन करना, डेटा, भरना, और उसे ब्लॉक के लिए फॉरवर्ड करना जैसा जानकारी दिया। प्रशिक्षण के दौरान अंजर अहमद ने बताया कि रोस्टर में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु आमंत्रित पंचायत वीएलई ने काफी उत्साह के साथ भाग लिया और बहुत ही शांति और आदर्श के साथ अपना प्रशिक्षण लिया। इस कार्यक्रम सीएससी जिला समन्वयक सुधीर कुमार ने कहा कि इस प्रशिक्षण के बाद पंचायत का विकास और डेटा इंट्री सुगमता होगी। कार्यक्रम में भिएलई मुन्ना ठाकुर, श्रवण साहू, दिलीप सिंह, विशाल कुमार, इकबाल अंसारी, बिनोद उरांव, मो नौशाद, राजदीप तिवारी व सीएससी संचालक उपस्थित हुए।

### पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं समेत आमजनों से की मुलाकात, कहा

# जनता की समस्याओं का होगा समाधान

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** बुधवार को पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उरांव बरवा टोली विधायक कार्यालय लोहरदगा पहुंच पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं समेत आमजनों से मुलाकात किया। इस बीच ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा विभीन्न समस्याओं एवं बुनियादी आवश्यकताओं हेतु आवेदन दिये गये। जिसपर विभागवार त्वरित कारवाई करते हुए समस्याओं का समाधान किया गया। मौके पर पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि लोहरदगा की जनता ने भरोसा कर के मुझे जिताया है और मेरा यह फर्ज है कि मैं निस्वार्थ भाव से सेवा करूं। मैं जन आकांक्षाओं के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर कार्य करूंगा। विधायक कार्यालय में प्रत्येक महीने दो बार जानता दरबार लगाया जाएगा ताकि समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके। लोहारदगा की जनता का कार्य मेरे लिये सर्वोपरि है। मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिप अध्यक्ष रीना भगत, खलील खान, शहादत हुसैन, संदीप गुप्ता, विशाल डुंगडुंग, संजय नायक, सीमा प्रवीण, अरशद अयूब, शहादत हुसैन, अफसर कुरैशी, शामुल अंसारी, हाजी सिकंदर अंसारी, सद्दुल अंसारी, तनवीर गौहर, जुगल भगत, यूनुस अंसारी,जमील, रौनक इकबाल, ऐनुल, राजू उरांव, असलम, रेहान अख्तर, दानिस अली, नुसरत अंसारी, उल्फत अंसारी, इकरामूल, नेहाल कुरैशी, जाकिर, मुन्ना कुरैशी, बासुदेव उरांव, इंतिखाब आलम, बुधवा उरांव, सनियारो उरांव, अमृता भगत, सरिता देवी, निश्चय वर्मा, हातिम अंसारी, हनान, जफर इमाम, रेयाज अंसारी, महेश्वर उरांव, अमनी उरांव, मनीष उरांव, नसीम, कमरुल इस्लाम, मिखाइल, रंजित नायक, मुन्नी, सैमुअल लकड़ा, विजय उरांव, काले उरांव, शाहजहां, जूबी, अरविंद, जुल्फान, मुमताज, रफीक, बबीता देवी, सुशीला देवी, मंगलेश्वर, तसलीम, समीम, अमजद, राजेश लाल, बासुदेव, रूपनारायण उरांव, बबलू खान, खुर्सिद, मदन साहू, सूरज मुंडा, शुभम लाल, मंजन उरांव, राजकुमार, नारायण उरांव, बुद्धन उरांव, शिवचंद भगत, लालू उरांव, खुर्सिद, विनोद उरांव, तबरेज, प्रकाश उरांव, कुलेश्वर तुरी, हसीन अख्तर मुन्ना, सुशील, साहिल, रजी, सज्जाद, संजू तुरी आदि उपस्थित थे।

## रुहे कायनात कॉन्फ्रेंस 7 फरवरी को गौसिया मोती मस्जिद के समीप

गुमला। जिला मुख्यालय के बाजार टांड स्थित गौसिया मोती मस्जिद के समीप 7 फरवरी को रुहे कायनात कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन मदरसा कादरिया रिजविया के छात्रों द्वारा पवित्र कुरान को हिफ्ज करने के उपलक्ष में आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में मदरसा के हेड मुदर्रिस सरफराज कादरी नाजां ने बताया कि हुसैन नगर स्थित मदरसा कादरिया रिजविया के छह हाफिजों की पगड़ी पोशी की जाएगी और उन्हें पूरा कुरान याद करने का प्रमाण पत्र सौंपा जाएगा। साथ ही बताया कि इस कार्यक्रम में पीरे तरीकत शाकीर असदक और पीरे तरीकत अहमद रब्बानी तशरीफ लाएंगे। उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध वक्ता असगर रजा और दिल्ली से नबील अख्तर नूरी भी कार्यक्रम में शरीफ होंगे। इसके साथ ही देश के कोने-कोने से नामचीन उलेमा कार्यक्रम की रौनक में इजाफा करेंग। इंतजामिया कमेटी ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गुमला के बाहर से आने वाले श्रोताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। साथ ही गुमला के मुस्लिम आवाम से शिरकत की अपील की गई है।

# छात्र हित में योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें और लापरवाही से बचें : रीना हांसदा

>> पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति को लेकर परियोजना निदेशक आईटइडीए ने की समीक्षा बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** परियोजना निदेशक आईटीडीए रीना हांसदा की अध्यक्षता में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित जिले के सभी उच्च विद्यालयों व कॉलेज के प्रधानाध्यापक एवं प्रभारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान परियोजना निदेशक ने कहा कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को शैक्षणिक सहायता मिलती है। उन्होंने इस बात पर नाराजगी व्यक्त की कि कई विद्यालयों द्वारा छात्रवृत्ति आवेदनों के सत्यापन में देरी की जा रही है। जिससे जिला स्तर पर आवेदनों की प्रक्रिया बाधित हो रही है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी विद्यालय एक सप्ताह के भीतर प्राथमिकता के आधार पर पेंडिंग आवेदनों का सत्यापन सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आवेदनों को अनावश्यक रूप से अस्वीकृत न किया जाए, बल्कि यदि किसी दस्तावेज की कमी हो तो छात्रों को इसकी सूचना देकर समस्या का समाधान किया जाए, ताकि वे इस योजना का पूरा लाभ प्राप्त कर सके। परियोजना निदेशक ने कम ऑनलाइन प्रविष्टियों (एंट्री) पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित विद्यालय प्रभारियों एवं प्रधानाध्यापकों को फटकार लगाई। उन्होंने विद्यालय को सख्त निर्देश दिया कि छात्र हित में इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचें।

## प्रियांशु सिंह को सिलंबम में मिला गोल्ड मैडल



लोहरदगा। जिला सिलंबम एसोसिएशन के खिलाड़ी प्रियांशु सिंह 26 जनवरी को अपने कोच श्रवण साहू के साथ कन्याकुमारी में आयोजित ऑल इंडिया ओपेन सिलंबम चैम्पियनशिप में हिस्सा लेकर गोल्ड मेडल जीता। यह चैम्पियनशिप ऑल इंडिया सिलंबम फेडरेशन के तत्वाधान में 30 जनवरी से लेकर 2 फरवरी तक कन्याकुमारी में स्थित सीएसआई ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। जिसमें हरियाणा, आंध्र प्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु, राजस्थान, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र आदि राज्यों से लगभग 15 00 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। जिसमें प्रियांशु सिंह अपने कला का शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने वेट कैटेगरी में स्टिक फाइट में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल पर अपना कब्जा जमाया और झारखंड का मान बढ़ाया। ज्ञात हो कि ऑल इंडिया सिलंबम फेडरेशन खेल मंत्रालय भारत सरकार से मान्यता प्राप्त खेल है तथा साई, खेलो इंडिया सभी में इंक्लूड है। इस मौके पर जिला सिलंबम एसोसिएशन के सचिव श्रवण साहू ने बताया कि इस खेल में बच्चों का फ्यूचर है तथा यह आत्मरक्षा का बहुत ही बेहतरीन साधन है। प्रियांशु के इस जीत पर लोहरदगा जिला सिलमबम एसोसिएशन के अध्यक्ष लखन राम और सभी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

## सांसद के प्रयास से चापरोंग गांव में लगा ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों ने जताया आभार



लोहरदगा। जिले के अति नक्सल प्रभावित सेरेंगदाग थाना क्षेत्र के चापरोंग गांव में लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत की पहल से लगा बिजली का नया ट्रांसफार्मर, गांव में हुई बिजली बहाल। पहाड़ी क्षेत्र के चापरोंग गांव में पिछले 6 महीनों से खराब ट्रांसफार्मर के कारण बिजली नहीं थी। ग्रामीणों ने कई बार स्थानीय विधायक, बिजली विभाग और सरकारी दफ्तरों का चक्कर लगाया लेकिन ट्रांसफार्मर ठीक नहीं हुई और लोग पिछले 6 महीनों से अंधेरे में रहने के लिए मजबूर थे। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण ग्रामीणों को अंधेरे में जंगली जानवरों और सांपों का खतरा बना रहता था। वही बच्चों की पढ़ाई और किसानों की खेती भी बिजली नहीं होने से प्रभावित हुई। जिसके बाद समाजसेवी उत्तम शर्मा को ग्रामीणों द्वारा जानकारी दी गई। जिसके बाद उत्तम शर्मा ने स्थानीय सांसद सुखदेव भगत से संपर्क कर समस्या से अवगत कराया। सांसद सुखदेव भगत ने मामले की गंभीरता को समझते हुए प्रयास कर गांव में नया ट्रांसफार्मर लगवा दिया जिससे गांव में फिर एक बार बिजली बहाल हुई और ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी लौट आई है। गांव में बिजली बहाल होने पर ग्रामीणों ने सांसद सुखदेव भगत का आभार जताया है।

# सिरसी ता नाले में सामूहिक प्रार्थना सह पूजा पाठ आज, धर्म गुरू बंधन तिगा ने लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता



**डुमरी।** आदिवासी धार्मिक स्थल सिरसी ता नाले उर्फ ककड़ोलता में 6 फरवरी को आयोजित सामूहिक प्रार्थना सह पूजा पाठ कार्यक्रम की तैयारी पूरा कर ली गई है। तैयारी का बुधवार को धर्म गुरू बंधन तिग्गा ने जायजा लिया। इस संबंध में आदिवासी धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने बताया कि 6 फरवरी को ककड़ोलता परिसर में सामूहिक प्रार्थना सह पूजा पाठ किया जाएगा। पूर्वाह्न 9 बजे से पुजार गहजू मुंडा की अगुवाई में ककड़ोलता परिसर में सामूहिक प्रार्थना होगी। उसके बाद धर्मावलंबियों द्वारा शाम 4 बजे ककड़ोलता, धर्मकांडो, धर्मकुड़िया, डबनी चुंआ का दर्शन और पूजा पाठ किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बंगाल से जीतू उरांव, भगवान दास मुंडा, नेपाल से मंजू उरांव, पंचू उरांव, उड़ीसा से मणिलाल केरकेट्टा, झरियो उरांव, सुशील खलखो, बिहार से प्रमोद उरांव, मनोज उरांव, छत्तीसगढ़ से मिटकु भगत, शंकर भगत, झारखंड से विद्यासागर केरकेट्टा, रन्थू उरांव, कमले उरांव, चिंतामनी उरांव, रेणु तिर्की, रवि तिग्गा सहित एमपी, उड़ीसा के अगुवा की अगुवाई में हजारों की संख्या सरना धर्मावलंबी आयेंगे।

# चैनपुर प्रखंड के दुकानों में छापा

खबर मन्त्र संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 और कोटपा एक्ट 2003 के तहत सघन छापेमारी अभियान चलायी गई। इस कार्रवाई का नेतृत्व खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार ने किया। छापेमारी के दौरान गुटका, सिगरेट, खैनी सहित विभिन्न खाद्य सामग्रियों की जांच की गई। छापेमारी के दौरान दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कुछ दुकानदार तो अपनी दुकानें बंद कर भाग गए, जबकि अन्य ने अधिकारियों को देखकर अपने सामानों को छिपाने का प्रयास किया। लव कुमार ने बताया कि चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र में इस तरह के छापे लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन दुकानदारों का लाइसेंस नहीं बना है। उन्हें इसे जल्द बनवाने के लिए कहा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि दुकानदार सरकार के गाइडलाइन का पालन नहीं करेंगे, तो उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। इनमें शामिल हैं भारत बेकरी से केक और रोल नीरज जेनरल स्टोर से मेरी गोल्ड बिस्कुट, दीपक स्टोर से करमचंद गुटखा आदि की जांच के लिए रांची भेजा गया।

# सांता पब्लिक स्कूल का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आरंभ





### खेल से शारीरिक और बौद्धिक विकास होता है : शंकर लाल जाजोदिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** खेल से शारीरिक और बौद्धिक का विकास होता है। खेल को करियर के रूप में विद्यार्थी अपनरयें। उक्त बातें बुधवार को सांता पब्लिक स्कूल के खेल मैदान में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उदघाटन करते हुए मुख्य अतिथि स्कूल के संरक्षक शंकर लाल जाजोदिया ने बच्चों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बच्चों को खेल को खेल भावना से खेलने की बात कही। जाजोदिया ने कहा कि गुमला जिला खेल नगरी के रूप में प्रसिद्ध है। गुमला में कई प्रतिभावान खिलाड़ी का जन्म हुआ है, इसलिए खेल को कैरियर के रूप में ले। डायरेक्टर हेमंत कुमार ने कहा यह स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है। यह 10 फरवरी तक चलेगी। आज आयोजित सौ मीटर रेस में अंकित कुमार साहू पटेल दल, समीर नायक नेहरू दल, फर्स्ट और सेकंड हुए, वहीं दो सौ मीटर सीनियर बालक वर्ग में अनिल मिंज सुभाष दल फर्स्ट, बिनीत असुर सेकेंड, आदित्य कुमार साहू थर्ड, तीन पर दौड़ में अलीना असुर गाँधी दल, सचिता कुमारी तिलक दल फर्स्ट व सेकेंड रहें। गर्ल्स के फ्रॉग जंप में अलिसा उरांव गांधी दल फर्स्ट, विभा कुमारी सेकेंड, खो खो मै ट्राई बेकर के सहारे सुभाष दल, पटेल दल और भगत दल अव्वल हुए हैं। हेमंत कुमार ने बताया है पूरे स्कूल के विद्यार्थियों को 6 ग्रुप पर बांटा गया है। वहीं भगत दल और नेहरू दल के बीच में खेले गये फुटबाल मैच में नेहरू दल एक गोल से विजय रहा। पटेल दल और तिलक दल मै पटेल दल 4 गोल से विजय रहा। इस अवसर पर जसिंता बेक, अंकिता कुमारी, वीणा देवी, हिमा कुमारी, सुनीता एक्का, रजनी सिन्हा, मुस्कान, हिमा, नोर्बेर्ट व छात्र उपस्थित थे।

# झामुमो ने भीठा मे चलाया सदस्यता अभियान

### पांच हजार नये सदस्य बनाये जायेंगे : परवेज अंसारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**भंडरा।** झामुमो का सदस्यता अभियान कार्यक्रम गुरूवार को भंडरा प्रखण्ड के भीठा पंचायत अंतर्गत कचमची ग्राम में आयोजित हुई। जिसका नेतृत्व भंडरा प्रखण्ड के पूर्व अध्यक्ष परवेज अंसारी के द्वारा किया गया। जिसमे झामुमो के पूर्व जिला उपाध्यक्ष तिवारी उरांव एवं झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला सचिव मंसूर अंसारी मौजूद रहे। इस अभियान में सैकड़ों लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की और पार्टी से जुड़ने पर खुशी जताई। मौके पर परवेज अंसारी ने कहा कि झामुमो पूरे राज्य में सदस्यता अभियान चला रहा है। प्रखण्ड के सभी पंचायतों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। पार्टी का लक्ष्य पूरे प्रखंड में पांच हजार नये सदस्य जोड़ने का है। मंसूर अंसारी ने बताया कि पार्टी नेतृत्व के निर्देशानुसार राज्य के सभी जिलों मे सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। पार्टी नेतृत्व द्वारा पूरे राज्य में 50 लाख वही हमारे लोहरदगा जिला में 50 हजार नए सदस्य बनाने का लक्ष्य है और हम निश्चित ही इस लक्ष्य को पूरा करेंगे। इसी क्रम मे आज भंडरा प्रखण्ड के भीठा पंचायत में सदस्यता अभियान चला रहे हैं। वहीं तिवारी उरांव ने कहा की हमारे पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए और कार्यकारी अध्यक्ष सह सीएम हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व मे राज्य मे चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों से लोग प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ रहे हैं। इस मौके पर मड़वारी उरांव, गुलशन उरांव,आलोक उरांव, सोमरा उरांव, मनोज उरांव, झगडू उरांव, रूनिया उरांव, श्याम, बासुदेव उरांव, रुसवा उरांव, मुनिया, प्रतिमा उरांव, फुलकुमारी, विजय खाखा, एडलिन खाखा, दुर्गा महली, पुनी उरांव, बंधु उरांव, आकाश उरांव, सीताराम उरांव व कई लोग मौजूद रहे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## न्यूज डायरी

### आज महुआडांड हिन्दू महासभा की होगी बैठक

महुआडांड। स्थानीय दुर्गा बाड़ी परिसर में स्थापित मां दुर्गे की प्रतिमा की 16वां स्थापना वर्षगांठ को मनाने को लेकर गुरुवार को स्थानीय दुर्गा बाड़ी परिसर में हिन्दू महासभा की बैठक रखी गई है। इसकी जानकारी देते हुए महुआडांड हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बताया कि तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव की शुरुआत तीन मार्च को सुबह आठ बजे कलश यात्रा से होगी। कार्यक्रम की रूप रेखा तय करने को लेकर गुरुवार की शाम 7 बजे हिन्दू महासभा समिति की बैठक बुलाई गई है। हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों को बैठक मे ससमय उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### संगठन महापर्व को लेकर भाजपा की बैठक आर्ज

चंदवा। भारतीय जनता पार्टी संगठन महापर्व संगठनात्मक कार्यशाला मंडल चंदवा की बैठक आज गुरुवार पथ निर्माण विश्रामागार में होना सुनिश्चित हुआ है। बैठक की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता करेंगे। बैठक में मंडल के पदाधिकारी मंडल, मंडल कार्यसमिति, मंडल में निवास करने वाले प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारी, वरिष्ठ भाजपाई, सभी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, सभी पंचायत के पंचायत अध्यक्ष, सदस्यता अभियान के टोली बुथ अध्यक्ष को शामिल शामिल होने की अपील की है। इस बैठक में बुथ अध्यक्ष का चुनाव हेतु चर्चा होगा। बैठक में अधिकारी के रूप में ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री इंदरजीत यादव एवं सह अधिकारी पूर्व मंडल अध्यक्ष राज कुमार पाठक मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी मंडल महामंत्री दीपक निषाद ने दी है।

### हाइवा ने बाइक को मारी टक्कर, बाइक सवार युवक घायल

चंदवा। एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग अंतर्गत भुषाढ़-दामोदर के बीच सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है। मंगलवार की रात्रि लगभग 8 बजे एक तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक को चपेट में ले लिया, जिसमें बाइक सवार उमेश उरांव पिता तेतरा उरांव (हिसरी चंदवा) गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगो द्वारा 108 एम्बुलेंस की मदद से उसे प्राथमिक उपचार के लिये चंदवा सीएचसी पहुंचाया गया, जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नीलिमा कुमार की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि उमेश उरांव बाइक से किसी काम को लेकर चंदवा की ओर आ रहा था, इसी दौरान हाइवा ने चपेट में ले लिया। घटना के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगो का कहना है उक्त रूट पर चलने वाले हाइवा एवं अन्य भारी वाहनों के रफ्तार के कारण आये दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। भुषाढ़ स्थित धर्मकांटा के समीप हाइवा एवं अन्य वाहन सड़क किनारे खड़े रहते हैं।

# मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के सफल संचालन को लेकर बैठक

## मैट्रिक की परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए 39 केंद्र, इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए 25 केंद्र

- माध्यमिक में 11157 और इंटरमीडिएट में 7350 परीक्षार्थी लेंगे भाग



बैठक में निर्देश देते डीसी, एसपी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

लातेहार। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के सफल संचालन और विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ वातावरण में निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। किसी भी स्थिति में कदाचार की सूचना नहीं मिलनी चाहिए। औचक निरीक्षण के दौरान अगर कदाचार करते परीक्षार्थी पाये गये तो सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा परीक्षा के लिये प्रतिनियुक्त स्टैटिक एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट विभागीय निर्देशों के अनुरूप कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा का संचालन सुनिश्चित कराएं। उपायुक्त द्वारा केंद्राधीक्षकों को अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित कराने व उनकी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, परीक्षार्थियों के लिए पेयजल की व्यवस्था, कमरे में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था, परीक्षार्थियों के लिए शौचालय व अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों में ससमय प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पहुंचाने हेतु सभी तैयारी पूर्व में ही पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के द्वारा माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा को कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने हेतु परीक्षा केंद्र पर सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को अपने-अपने कर्त्तव्यों का सही तरीके से निर्वहन करने का निदेश दिया गया।

### प्रथम पाली में माध्यमिक व द्वितीय पाली में होगी इंटरमीडिएट परीक्षा

माध्यमिक परीक्षा-2025 की परीक्षा 9.45 बजे पूर्वाहन से 1.00 बजे अपराह्न तक होगी और इंटरमीडिएट परीक्षा (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य)-2025 की परीक्षा 2.00 बजे अपराह्न से 5.15 बजे अपराह्न तक आयोजित होगी। ज्ञातव्य हो कि माध्यमिक परीक्षा-2025 दिनांक 11.02.2025 से 03.03.2025 तक आयोजित होगी। वहीं, इंटरमीडिएट परीक्षा (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) -2025 दिनांक 11.02.2025 से 03.03.2025 तक आयोजित होगी।

### माध्यमिक में 11157 और इंटरमीडिएट में 7350 परीक्षार्थी

इस वर्ष माध्यमिक परीक्षा-2025 के लिए लातेहार जिला में कुल 39 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं, जिसमें कुल 11157 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए लातेहार जिला में कुल 25 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं, जिसमें कुल 7350 परीक्षार्थी शामिल होंगे। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अफीम की खेती पर प्रशासन सख्त, नष्ट किया जाएगा हर पौधा

- उपायुक्त ने कहा अफीम की खेती न केवल कानून के खिलाफ है, बल्कि यह स्थानीय समुदाय के लिए भी खतरनाक
- उपायुक्त ने अवैध गतिविधियों में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का दिया निर्देश
- हर तीन से चार दिन में अंचल अधिकारी व थाना प्रभारी को जांच का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

लातेहार। जिले के बरियातू, बालूमाथ और हेरहंज प्रखंडों में अवैध अफीम की खेती करने की खबर सामने आई है, जिसे लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने संबंधित थानों और अंचल को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इस अवैध गतिविधि में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि अफीम की खेती करने वाले व्यक्तियों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा लगातार इस दिशा में जांच और कार्रवाई की जा रही है, और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि लातेहार जिला अंतर्गत बारियातू, हेरहंज और चंदवा थाना क्षेत्रों में अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया है। इन क्षेत्रों में अफीम की अवैध खेती के खिलाफ की गई कार्रवाई में कुछ मामलों में यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि खेती रैयती/गैरमजरूआ या वन भूमि पर की गई है। इस संबंध में सभी संबंधित थाना प्रभारी को निर्देश दिए गए हैं कि वे अफीम की खेती की विनष्टीकरण के दौरान वन विभाग और संबंधित अंचल कार्यालय के एक-एक पदाधिकारी/कर्मचारी को शामिल कर जांच करें और भूमि का प्रकार जांच रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से दर्ज करें। चालू फसलीय वर्ष 2024-25 में अवैध अफीम की खेती और तस्करी की रोकथाम के लिए सभी अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी को प्रत्येक 3-4 दिनों में नियमित रूप से जांच कराने का निर्देश दिया गया है। यदि रैयती भूमि पर अवैध अफीम की खेती पाई जाती है, तो NDPS ACT की धारा 46 के तहत संबंधित रैयत को नोटिस जारी किया जाएगा।

उपायुक्त ने कहा कि अफीम की खेती न केवल कानून के खिलाफ है, बल्कि यह स्थानीय समुदाय के लिए भी खतरनाक साबित हो सकती है। इसलिये संबंधित प्रखंडों के अंचल और थानों को अफीम के पौधों की पहचान कर उन्हें नष्ट करने का काम तेजी से किया जा रहा है। प्रशासन इस मामले में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ना चाहता और इस अवैध गतिविधि को जड़ से खत्म करने के लिए कृतसंकल्प है।

## मनरेगा सप्ताह कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



कार्यशाला में मौजूद अधिकारी व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

चंदवा। झारखंड सरकार ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 3 से 8 फरवरी तक चलाये जा रहे मनरेगा सप्ताह कार्यक्रम के तहत बुधवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता बीडीओ चंदन कुमार व संचालन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) रतन शाहदेव ने की। कार्यशाला में मौजूद विभिन्न पंचायतों के मुखिया एवं लाभुकों को वर्ष 2025-26 में मनरेगा मद से संचालित विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी एवं महत्वाकांक्षी बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बागवानी योजना के माध्यम से रोजगार सृजन कर स्वावलंबन के राह पर चलने की बात कही। बीडीओ ने कहा कि मनरेगा योजना का उद्देश्य लोगो को ग्राम पंचायत मे ही रोजगार उपलब्ध प्रदान कराना है। इसलिए अधिकरी, कर्मी व पंचायत प्रतिनिधि समन्वय के साथ मनरेगा से संचालित योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य करें।

कार्यशाला के मौके पर मनरेगा के सहायक अभियंता निशांत कुमार, रोहित मेहता, मुजीबुल आरफीन, पंचायत सचिव बालेश्वर उरांव, फेकू मोची, गोपाल सिंह, रोजगार सेवक शिव कुमार, मुखिया जतरु मुंडा, रंजीत उरांव, विफई मुंडा, फुलजेन्सिया टोप्पो, सुष्मिता कुमारी, अनिता भगत, संगीता लकड़ा, रंजीता एक्का, पंसस अनुरोध कुजूर, बल्कु मुंडा, संगीता देवी समेत अन्य पंचायत प्रतिनिधि, लाभुक व अन्य मौजूद थे।

## चंदवा: ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल पिपराही में 10वीं के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई



विदाई समारोह में शिक्षक को सम्मानित करते विद्यार्थी।

- विद्यार्थी जीवन मे 10 वीं की परीक्षा सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव है, पूरी लगन से करें तैयारी: सितमोहन मुंडा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

चंदवा। प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत पिपराही में संचालित ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल में बुधवार को विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर 10 वीं के विद्यार्थियों को विदाई दी गयी। बतौर मुख्य अतिथि झामुमो नेता सितमोहन मुंडा, मुखिया दुर्गावती देवी, विद्यालय के संचालक कुश कुमार यादव ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके उपरांत विद्यालय 8-9वीं कक्षा समेत विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा विदाई गीत एवं एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। विदाई समारोह में 10 वीं के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अतिथियों ने सितमोहन मुंडा व संचालक कुश यादव ने कहा कि विद्यार्थी जीवन मे 10 वीं की परीक्षा सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव है, यहां उतीर्ण होने के बाद विद्यार्थियों के जीवन मे भविष्य संवारने के अनेकों मात्र प्रशस्त होते हैं, इसलिए आपसभी पूरी लगन व मेहनत से आगामी परीक्षा में शत प्रतिशत देने का प्रयास करें। इसके पूर्व विद्यालय परिवार के द्वारा समारोह में आये अतिथियों का पारंपरिक रीति रिवाज में स्वागत किया गया। मौके पर ब्रह्मदेव प्रजापति, मनिजर उरांव, मनोज यादव, राजेश यादव, शिव शंकर उरांव, सुनील ठाकुर, मुकेश यादव, प्रमोद कुमार, करण, शिल्पा, कल्पना, शोभा, तिलवंती, खुशबु, सुनैना, प्रियंका कुमारी, धनराज प्रजापति समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## मां सरस्वती कोचिंग सेंटर में बिहार उत्तर प्रदेश से आए कलाकारों ने बांधा समा

- सरस्वती पूजा के मौके पर शिव तांडव, महाकाली विकराल स्वरूप में पेश किया नृत्य



प्रस्तुती देते उत्तर प्रदेश से आये कलाकार।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

चंदवा। शहर समेत ग्रामीण इलाकों में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा प्रतिमा विसर्जन के साथ ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गयी। बुधवार को दूसरे दिन भी सुबह हवन पूणार्हुति के उपरांत विभिन्न पूजा पंडालों से मां शारदे की प्रतिमा को सरोवरों में विसर्जित की गयी, जहां लोगो ने नम आंखों से मां शारदे को विदाई दी। इसके पूर्व सरस्वती पूजा के मौके पर थाना टोली स्थित मां सरस्वती कोचिंग सेंटर में सोमवार, मंगलवार एक बुधवार लगातार तीन दिनों तक कई भक्ति कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बिहार एवं उत्तर प्रदेश से आये कलाकरों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर समा बांध दिया। विंध्याचल उत्तर प्रदेश से आये कलाकर बॉबी जी ने शिव तांडव एवं मां महाकाली विकराल स्वरूप में नृत्य प्रस्तुत कर लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान बच्चे, युवा, वृद्धजन सभी ने जमकर कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। इसके अलावे पटना बिहार से आई संगीत मंडली की टीम द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं कई भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के संचालक शशिकांत मिश्रा, व्यवस्थापक सुभाष उरांव, हरिनंदन दुबे, प्रमोद दुबे, मनोज दुबे, अजय वैद्य, सुरेंद्र वैद्य, अमित लाल, कांति देवी, राजू प्रसाद, पंकज, सतीश, विकाश, बसंत, सोनाली, आरुषि, अंशु के अलावे दर्जनों विद्यार्थियों ने अहम योगदान दिया।

## मनरेगा दिवस पर हरित ग्राम योजना को लेकर एकदिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधि व अधिकारी।

बरवाडीह। प्रखंड कार्यालय सभागार में मनरेगा दिवस के अवसर पर मनरेगा सप्ताह एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में वर्ष हरित ग्राम योजना को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्घाटन प्रमुख सुशीला देवी और जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। बीडीओ रेशमा रेखा मिंज की अनुपस्थिति में कार्यक्रम को लेकर संबोधित करते हुए प्रभारी बीपीओ त्रिवेणी राम ने कहा कि मनरेगा दिवस के साथ योजनाओं के चयन, ग्राम सभा के साथ सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने की जवाबदेही संबधित मनरेगा के अधिकारियो की है। मनरेगा के सभी योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक हो इसको लेकर सभी पंचायत में ग्राम सभा कर मनरेगा दिवस मनाया जा रहा है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रमुख ने कहा कि गांव के बेहतर विकास और स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने में मनरेगा महत्वपूर्ण कड़ी है। जिसका लाभ सभी को पारदर्शिता के साथ मिले यह हम सब को मिलकर तय करना होगा। वही जीप सदस्य संतोषी ने कहा कि मनरेगा की सभी योजना काफी बेहतर है और खास कर बागवानी से जुडी योजना। उन्होंने यह भी कहा कि मनरेगा योजना के माध्यम से बेहतर कार्य करते हुए प्रखंड को मनरेगा योजना के रूप में मॉडल प्रखंड बनाना है, ताकि एक बेहतर सकारात्मक पहचान स्थापित हो। कार्यक्रम में मंच का संचालन रोजगार सेवक कमलेश सिंह ने किया। मौके पर सहायक अभियंता सुधीर रवि, मुखिया आशीष सिंह, कालो देवी, सतरोहन सिंह, पूनम देवी, पंचायत सेवक विजय शंकर राम, सजीव कुमार और अरुण कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग से संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न



आपूर्ति विभाग की बैठक में शामिल अधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

लातेहार। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के सुचारू रूप से क्रियान्वयन को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित कि गया। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए लक्ष्य के अनुरूप ससमय कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश। बैठक में राशन वितरण, आधार सीडिंग, डुप्लीकेट राशन कार्ड संबंधित प्रखंडवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया कि खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण ससमय कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि खाद्यान्न के उठाव एवं वितरण में लापरवाही बर्दाशत नही की जायेगी। बैठक में जिले में पीवीटीजी परिवारों को डाकिया योजना से दी जाने वाली राशन संबंधित समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पीवीटीजी परिवारों को ससमय शतप्रतिशत डाकिया योजना का लाभ मिले इसे सुनिश्चित करें। बैठक में उपायुक्त द्वारा आधार सिडिंग, सुसुप्त राशन कार्ड, ई-पॉश मशीन, मुख्यमंत्री दाल भात योजना, पीजीएमएस शिकायत, चना दाल का उठाव, नमक वितरण, चीनी वितरण,ग्रीन टू NFSA राशन कार्ड परिवारता समेत अन्य संचालित योजनाओं की समीक्षा कर जिला आपूर्ति पदाधिकारी को सभी सुयोग्य लाभूको को योजना का लाभ मिले इसको लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, एमओ उपस्थित थे।

## सीएचसी में एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड की मांग को लेकर सौंपा मांग पत्र

बरवाडीह। प्रखंड क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड मशीन की मांग जोर पकड़ रही है। इसी को लेकर बरवाडीह पूर्वी पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार ने लातेहार के सिविल सर्जन अवधेश सिंह से मुलाकात कर एक मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से उन्होंने बताया कि आपातकालीन स्थिति में गर्भवती महिलाओं, दुर्घटनाग्रस्त मरीजों और अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को जांच के लिए 28-30 किलोमीटर दूर दूसरे जिले में जाना पड़ता है, जो बहुत ही कष्टदायक है। कई मामलों में समय पर जांच न होने से मरीजों को गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पंचायत समिति सदस्य ने कहा कि बरवाडीह एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जहां स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यापक आवश्यकता है।

## राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन



शपथ लेते लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

बारियातू। स्वास्थ्य विभाग के निदेर्शानुसार बारियातू प्रखंड के सिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा ग्राम मे राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शपथ समारोह का आयोजन किया गया। शपथ मे उपस्थित ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्य सहिया पूनम देवी ने शपथ दिलाते हुए कहा की मै संदेहास्पद लेप्रोसी रोग के लक्षण वाले व्यक्ति को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र उपकेंद्र या आयुष्मान आरोग्य मंदिर जाने के लिए प्रेरित व सुनिश्चित करेंगे। यदि किसी को लेप्रोसी रोग है तो उसका पूरा इलाज करवाने मे मदद करेंगे। हम सभी शपथ लेते हैं की महात्मा गांधी का सपना कुष्ठ मुक्त भारत को साकार करने के लिए सदा प्रयत्नशील रहेंगे। इधर सहिया साथी गौरी देवी ने भी राजगुरु ग्राम मे राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शपथ समारोह का आयोजन कर शपथ दिलायी। मौके पर सुनीता देवी, रिंकी देवी, मनीषा देवी, कविता कुमारी, सीमा देवी, सुलेशनी देवी, प्रियांशु कुमारी, मालो देवी, राजमनी मसोमात, सलमातिया देवी, शांति देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## बीडीओ ने किया अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम का निरीक्षण



बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव एवं प्रभारी चिकित्सा प्रभारी प्रकाश बड़ाइक ने लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष कुमार गुप्ता के निर्देश पर बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में संचालित कई अवैध नर्सिंग होम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में बीडीओ ने उनसे संस्था का रजिस्ट्रेशन एवं एक्सरे जांच के कागजात की मांग की। जिसमें से कई अस्पताल संचालकों के पास रजिस्ट्रेशन कागजात नहीं पाए जाने पर उन पर कार्रवाई करने की बात कही। बीडीयो ने बताया की उपायुक्त को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि कई अस्पताल में अल्ट्रासाउंड किया जाता है और लिंग परीक्षण किया जाता है। जिसको लेकर बालूमाथ के श्री नर्सिंग होम, एमएस हॉस्पिटल, शिवम हॉस्पिटल, ह्यूमन केयर जांच घर का समेत कई का निरीक्षण किया। जहां बीडीओ की आने की सूचना पाकर अस्पताल संचालक को द्वारा अल्ट्रासाउंड मशीन हटा लिया गया था। वही जांच के क्रम में श्री अस्पताल और एमएस अस्पताल में संस्था का रजिस्ट्रेशन नही पाया गया। जिस पर वीडियो ने दो दिनों के अंदर कागज नहीं प्रस्तुत करने पर अस्पताल को सील करने की बात कही। वही शिवम अस्पताल में संस्था का रजिस्ट्रेशन फेल था। जिसे रिन्यूवल कराने की बात कही। वही ह्यूमन केयर जांच घर में एक्सरे जांच और टेक्नीशियन का पुरा कागजात नही पाया गया। वही बालूमाथ के मुरपा रोड में हेल्थ केयर समेत कई फर्जी अस्पताल संचालित है। लेकिन उनके संचालक इस औचौक निरीक्षण के दौरान बीडीओ के साथ निरीक्षण में घूमते दिखाई दिए एवं इन अस्पतालों की जांच भी नहीं की गई जिससे यह जांच खाना पूर्ति साबित हुई।

## मनिका प्रखंड में विद्यालय के स्थापना दिवस पर कवि सम्मेलन का किया गया आयोजन

# रामसुन्दर सिंह मध्य विद्यालय का 6वां स्थापना मनाया गया




कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

मनिका। मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत सिंजो पंचायत स्थित अम्वाटोली में रामसुन्दर सिंह मध्य विद्यालय का 6वां स्थापना दिवस के अवसर पर कवि सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम की शुरूआत स्वर्गीय रामसुंदर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। साथ ही कवि सम्मेलन कार्यक्रम में उपस्थित कवियों ने एक से बढ़कर एक कविता एवं गीत प्रस्तुत किए। वहीं कवि मीत जरमसत पूरी ने अपने कविता के माध्यम से कहा की सुनो-सुनावो सरदारों को कब-कब 12 बजते है,भीड़ पड़ी जब देश धर्म पर तब-तब 12 बजते है। वहीं कवि हरिवंश प्रभात, विजय प्रसाद शुक्ल, विजय शंकर मिश्र, रमेश कुमार सिंह,उमेश पाठक रेनू, अनुज कुमार पाठक, अंजली कुमार दुबे, मनीष मिश्र नंदन, प्रियरंजन पाठक समर्पण, रीना प्रेम दुबे और जया लक्ष्मी ने अपनी-अपनी कविता से लोगों का मन मोह लिया। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने कहा की शिक्षा के बिना मनुष्य अंधकार में होता है, शिक्षा के बदौलत ही मनुष्य देश-दुनिया में अपनी पहचान बना सकता है। वहीं कार्यक्रम का संचालन लव कुमार दुबे ने किया। मौके पर पर मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति राजधानी प्रसाद यादव, जिलाध्यक्ष पंकज सिंह, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार पाठक, भाजपा नेता महेश सिंह, अमलेश सिंह, बंसी यादव, मनदीप कुमार, अमरदीप कुमार, संदीप उरांव, रजत कुमार, मुकेश कुमार, सतीश कुमार, सतीश दुबे बबलू, राजाराम सिंह, दरोगी यादव, सुमंत यादव, ननदेव सिंह, उषा देवी, समेत कई लोग उपस्थित थे।

# डीसी और डीटीओ के आदेशों की बेरमो कोयलांचल में खुले आम उड़ रही है धज्जियां

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** जिला मे बाइक चालकों द्वारा हेलमेट अनिवार्य करने के उद्देश्य से जिला के आला अधिकारी डीसी तथा डीटीओ ने पिछले दिनों एक निर्देश जारी किए थे कि जिला भर के सभी पेट्रोल पंप पर यह सुनिश्चित किया जाये कि जो भी बाइक चालक बीना हेलमेट पेट्रोल लेने आये उसे किसी भी किमत पर पेट्रोल पंप के संचालक पेट्रोल ना दे साथ ही पंप पर इस बात की लिखित सूचना भी चिपकाया जाये ताकि लोगो को लगे कि अगर बाइक मे पेट्रोल लेना है तो हेलमेट पहन कर ही पंप पर जाना पड़ेगा तभी पेट्रोल मिल पायेगा अन्यथा पेट्रोल नही मिलेगा। और यह सब इस लिए किया गया की बाइक सवार सौ फीसदी हेलमेट लगाने लगे मगर पेट्रोल पंप संचालक आला अधिकारियों के आदेश को ताख पर रख अपनी मनमानी चला रहे हैं यह लगभग पुरे बेरमो कोयलांचल के सभी पेट्रोल पंप की हालत है। आज भी लोग बीना हेलमेट धड़ल्ले से बाइक सवार पेट्रोल खरीद रहे हैं और पेट्रोल पंप वाले उन्हें बीना रोक टोक दे भी रहे हैं। हां एक काम पेट्रोल पंप के संचालक ने जरुर किया है कि अपने पंप पर नो हेलमेट नो पेट्रोल लिखा पोस्ट चिपका दिया है। अब सवाल उठता है कि डीसी और डीटीओ के आदेशों का यहां के पेट्रोल पंप संचालकों के लिए कोई माने नही रखता। अब सवाल उठता है कि आदेश का पालन सौ फीसदी कैसे होगा। तो यहां पुलिस प्रशासन को सख्ती बरतने की जरूरत है साथ ही जो पेट्रोल पंप मालिक आदेशों के उल्लंघन कर रहे हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की जरूरत है। जबकि कुछ पेट्रोल पंप पर कार्यरत कर्मियों ने बताया कि बीना हेलमेट के पेट्रोल लेने पहुचे बाइक सवारों को पेट्रोल देने से मना करने पर वे लोग लड़ने झगड़ने पर आमादा हो जाते हैं। दुसरी शब्दों में कहे तो बेरमो कोयलांचल में डीसी और डीटीओ के आदेशों की अनदेखी कर पेट्रोल पंप संचालक अपनी मनमानी चला रखी है।

पेट्रोल पंप संचालक के मनमानी के अधिकारियों के आदेश साबित हो रहे हैं खोखला



# दुमका : पहाड़िया आवास का पैसा नहीं आया खाता में, डीसी ने किया प्रखंड मुख्यालय का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**काठीकुंड।** डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने बुधवार को काठीकुंड प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड व अंचल के कई अभिलेखों का अवलोकन कर सभी अभिलेखों को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने बीडीओ एवं सीओ से योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित विस्तारपूर्वक जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में डीसी ने प्रखंड कार्यालय में आमजनों से मुलाकात की। ग्रामीणों ने डीसी को अपनी विभिन्न शिकायतों व कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों कहा कि सभी योग्य लाभुकों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य करें। और किसी भी प्रकार के प्राप्त आवेदनों का त्वरित गति से निष्पादन करें। इस मौके पर काठीकुंड प्रखंड के बीडीओ एवं सीओ सहित अन्य लोग मौजूद थे। विदित हो कि काठीकुंड प्रखंड के बिछिया पहाड़ी पंचायत के निवासी शिवचरण देहरी ने बताया कि उसका भाई शमा देहरी और उसकी मामा का लड़का शिवधन देहरी का आबुआ आवास आया हुआ है। उसका जिओ टेक तीन महीने पहले ही हो चुका है और सारा कागज पत्र उसने अपने हाथों से लाभुक के साथ में लेकर कराया। इसके बावजूद अभी तक उन लोगों का पैसा खाता में नहीं आया। इसलिए वे लोग काफी परेशान है अब यह जांच का विषय है कि आखिर इनका पैसा क्यों अभी तक नहीं आ रहा है। जबकि उनका कहना है उनके साथ दूसरे लोगों का जो जियो टैग हुआ है। उन सब के खाते में आवास बनाने के लिए पैसा आ चुका है। इसकी जांच की मांग करते हैं कि आखिर मामला क्या है। इस संबंध में काठीकुंड प्रखंड के बीडीओ सौरव कुमार से पूछने पर उसने बताया कि वह इसको जांच कर रहे हैं कि आखिर मामला क्या है।



निरीक्षण करते डीसी आंजनेयुलू दोड्डे।

## एक नजर में

### संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा ने प्रधानमंत्री का फुसरो में किया पुतला दहन



**बेरमो।** संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा के इंटक, एटक, सीटू, एक्टू से संबद्ध यूनियनों के द्वारा एटक के वरीय नेता चन्द्र शेखर झा की अध्यक्षता में फुसरो बैंक मोड़ मे केन्द्रीय बजट के विरोध मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। इंटक के वरीय नेता श्यामल कुमार सरकार और एटक नेता लखन लाल महतो ने कहा कि केंद्रीय बजट मजदूर और किसान विरोधी है। सरकार मजदूर विरोधी 4 श्रम संहिता को लागू करने पर आमादा है। कहा कि केंद्र सरकार लगातार किसान और मजदूरों के अधिकारों पर प्रहार कर रही है। सीटू नेता भागीरथ शर्मा ने कहा कि 44 श्रम कानूनों की जगह चार श्रम कोड लाए जा रहे हैं। उन्होने मजदूरों को एकजुट होने की अपील किया। इसके पूर्व पुराना बीडीओ आफिस से बैंक मोड़ फुसरो तक जुलूस निकाला गया। मौके पर जय नारायण महतो, हरेंद्र प्रसाद सिंह, छेदी नोनिया, शिवनंदन चौहान, गणेश मल्लाह, प्रताप सिंह, वृज बिहारी पांडेय, जितेंद्र दूबे, उत्तम सिंह, जयराम सिंह, परवेज अख्तर, पंचानन मंडल, सुजीत कुमार घोष, जवाहरलाल यादव, भीम महतो, मो कलीमुद्दीन, जयनाथ मेहता, पंकज महतो, बालेश्वर गोप, अजय कुमार सिंह, श्याम बिहारी सिंह दिनकर, प्रदीप सिंह, विजय कुमार भोई, भुनेश्वर केवट, कुंज बिहारी प्रसाद, अरुणजय सिंह, रईस आलम, रफिक अंसारी आदि मौजूद हुए।

### झामुमो स्थापना दिवस में कसमार से शामिल हुए सैकड़ों कार्यकर्ता



**बोकारो/कसमार।** झामुमो के 53वां स्थापना दिवस समारोह में कसमार प्रखंड से झामुमो प्रखंड संयोजक दिलीप हेंब्रम एवं सोहेल अंसारी के नेतृत्व में झामुमो कार्यकर्ता धनबाद पंहुचे। वहीं वरीय नेता फारूक अंसारी के नेतृत्व में भी दांतु एवं सोनपुरा से कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कहा कि झारखंड में आदिवासी व मूलवासियों पर शोषण एवं अत्याचार के खिलाफ स्व बिनोद बिहारी महतो दिशोम गुरु शिबू सोरेन एवं एके राय ने धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में 1973 ई में झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्थापना की थी। तब से प्रत्येक वर्ष हजारों की संख्या में झामुमो कार्यकर्ता स्थापना दिवस मनाते आ रहे हैं। मौके पर सिकंदर कपरदार जगेश्वर महतो महेंद्र सिंह राजेश महतो आजाद अंसारी जानी बाबू देवाशीष मुखर्जी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हाइवा ऑनरों की मनमानी का विरोध, चक्का जाम आंदोलन आज से

**बेरमो।** बुधवार को हाइवा कोयलांचल आनर एसोसिएशन बेरमो का वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन हिन्दुस्तान पुल फुसरो के समीप की गई। सर्वसम्मति से कोयला और छाई ढुलाई मे हो रही अनियमिता का विरोध और गुरुवार से बरवाबेड़ा के ऑनर द्वारा मनमानी करने के विरोध में खासमहल से बालीडीह कोयला ट्रांसपोर्टिंग का अनिश्चितकालीन चक्काजाम आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। एसोसिएशन के महासचिव अंशु राय, मुन्ना कुमार और मुकेश सिंह ने कहा कि सीसीएल बीएंडके एरिया की खासमहल परियोजना में कोयला लोडिंग के दौरान बरवाबेड़ा के ऑनर मनमानी व रंगदारी कर सिर्फ अपने वाहनों की एंटी करवाते है, जिसके कारण वाहनों को कोयला नहीं मिल पाता है। कहा कि मामले को लेकर कई बार ट्रांसपोर्टर प्रतिनिधि से वार्ता हुई। इसके बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। जबतक गाडियों को नियम के तहत इंट्री शुरू नहीं होता है। तबतक अनिश्चितकालीन चक्का जाम रहेगा। मौके पर उपाध्यक्ष मुन्ना कुमार, सचिव गुलेश्वर महतो, पप्पू सिंह, प्रदीप ठाकुर, बलराम सिंह, प्रमोद साव, लखन राम, महावीर महतो, युसुफ खान, प्रेम मांझी, कुणाल महतो, आजाद बाउरी, विनोद साव, कपिल साव, वरुण कुमार, राज कुमार, हरेराम पंडित, सुनील साव, जसीम रजा, मोहम्मद फारूक, विजय कुमार, विकाश कुमार, कुनाल महतो, युगल साव सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### डीपीएस चास के विद्यार्थियों ने लहराया अपनी प्रतिभा का परचम

**बोकारो।** डीपीएस चास के पहली कक्षा के अद्वित सिंह ने सिल्वरजोन फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा आयोजित अखिल भारतीय इंफॉरमेटिक ओलंपियाड 2024-25 में राज्य स्तर पर जहां शीर्ष रैंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है वहीं 39 अन्य विद्यार्थियों ने राज्य स्तर पर टॉप 100 की सूची में शीर्ष 30 के अंदर अपना स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। ओलंपियाड में नवनिधि राठ ने तीसरा तथा यश अग्रवाल तथा अंशुमान चौधरी ने 5वां शुभांग कल्प तथा बौद्धिक गोस्वामी ने छठा अशरफुल हादी ने 7वां देवांशी श्री कयान राज कियान ओझा कृष्णा मंडल तथा युवराज गिरि ने नौवां अन्विता शर्मा आरुष परवीन तथा नुवेश सागर ने दसवां जीएस डार्विन ने 14वां दक्षेष गोस्वामी ने 15वां कुमार पृथ्वी सिंह अमारा शुक्ला पार्थ पुजल उत्पल कुमार तथा वंश राज ने 15वां स्मृति शुभम तथा कृशांग तरेनिया ने 19वां अन्वी तिवारी तथा सृजिता चक्रवर्ती ने बीसवां परिधि सिंह रुपम सरकार तथा साहिल कुमार ने 22वां, मेहुल कुमार ने 23वां, समिहन, विराज ठाकुर तथा कृष्णा कुमार ने 24वां, गर्वित कुमार गुप्ता श्रेयांशी शाही ने 26वां आयुष कुमार ने 27वां तथा वंश राज ने 29वां स्थान हासिल किया।

## स्पीड न्यूज

### बोकारो थर्मल में निःशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन



बेरमो। निगमित सामाजिक दायित्व डीवीसी सीएसआर और डीवीसी अस्पताल बोकारो थर्मल के सहयोग एवं नेताजी आई अस्पताल रामचंद्रपुर पुरुलिया के सहयोग से ऑफिसर्स क्लब बोकारो थर्मल में बुधवार को निःशुल्क नेत्र जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ महाप्रबंधक सह परियोजना प्रधान सुशील कुमार अरजरिया, उपमहा प्रबंधक सीएसआर बीजी होलकर, जिप सदस्या शहजादी बानो, मुखिया संघ अध्यक्ष चंद्रदेव घासी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में बोकारो थर्मल सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए लगभग 150 महिला पुरुष मरीजों का निःशुल्क नेत्र जांच किया गया। जिसमें से लगभग 80 लोगों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया। जिनका निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन नेताजी नेत्र अस्पताल रामचंद्रपुर पुरुलिया में किया जायेगा। जहां रहने खाने सहित मरीजों पर होने वाली सारी खर्च निःशुल्क होगा। मरीजों का जांच डॉ.हिमाद्रि रंजन घोष, प्रसेनजीत सेनगुप्ता, मामोनी बाऊरी, तनुश्री बाऊरी, चंचला हेंब्रम, मानस महतो आदि स्वास्थ्य कर्मी कर रहे थे। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ महाप्रबंधक सह परियोजना प्रधान सुशील कुमार अरजरिया ने कहा कि डीवीसी का यह प्रोग्राम काफी सराहनीय हैं आप लोग जब स्वस्थ हो जाएं तो आस पास परोस में इस प्रोग्राम के बारे में जरूर बताएं जिससे लोगों में जानकारी और जागरूकता हो, डीवीसी सिर्फ पावर जेनरेशन के लिए ही नहीं है बल्कि आप लोग के उत्थान के लिए भी है आप लोग स्वस्थ रहेंगे तो क्षेत्र का भी विकास होगा तभी हम लोग आगे बढ़ पाएंगे।

### नक्सली हमला मामले में एसपी समेत 11 गवाहों की हुई गवाही

**दुमका।** लोकसभा चुनाव 2014 में नक्सली हमला कांड में बुधवार को एसपी समेत 11 गवाहों की गवाही गुजरी। गवाही व्यवहार न्यायालय के एडीजे- 5 शत्रुंजय कुमार सिंह के न्यायालय में गुजरी। गवाही एसपी पितांबर सिंह खेरवार, डीएसपी अशोक कुमार सिंह, मो नूर मुस्तफा, इंस्पेक्टर फागो होरो समेत 11 गवाहों की गवाही गुजरी। गवाही केस के सेशन ट्रायल में एक एसपी, दो डीएसपी समेत, एक इंस्पेक्टर समेत 11 गवाहों की गवाही गुजरी। बता दें कि लोकसभा चुनाव 2014 में मतदान करा लौट रहे पोलिंग पार्टी की बस पर नक्सलियों ने सरसाजोल गांव के नदी के पुल पर लैंड माइंस से ब्लास्ट कर हमला कर दिया था। जिसमें 6 पुलिस पार्टी समेत पोलिंग एजेंट समेत 9 की दर्दनाक मौत हो गई थी। घटना को अंजाम देने के बाद नक्सलियों ने पुलिस पार्टी के आमर्स एके-47 भी लूट ले गये थे। मामले में तत्कालीन थाना प्रभारी संजय कुमार सुमन के बयान पर थाना कांड संख्या 40/2014 के तहत मामला दर्ज कराया गया था। जिसमें नामजद अभियुक्त ताला दा, सिमंत सोरेन उर्फ सिमोन उर्फ उज्जवल, दादू हेम्ब्रम उर्फ विमल हेम्ब्रम, आकाश मरांडी, सुधीर किस्कू, राजकुमार भगत, सुमन देहरी, पीसी दी, जयंती दी समेत 30 नामजद व 15-20 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था।

## बाबूलाल ने विद्यार्थियों के भविष्य की अनदेखी का लगाया आरोप, कहा

# हेमंत सरकार को छात्रों के भविष्य की चिंता नहीं

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर हमला करते हुए कहा कि हेमंत सरकार को छात्रों के भविष्य की चिंता नहीं है।

उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा कि 8 फरवरी से इंटर तथा मैट्रिक का परीक्षा निश्चित है, इसके बावजूद जैक के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का मनोनयन नहीं हुआ है। इस स्थिति में निष्पक्ष परीक्षा संदिग्ध है। कहा कि मुख्यमंत्री श्री सोरेन कहते घूम रहे हैं कि झामुमो ने झारखंड बनाया लेकिन सच्चाई इससे कोसों दूर है। झामुमो ने कांग्रेस के हाथों झारखंड आंदोलन को ही भेज दिया था और लालू यादव कहा करते थे कि झारखंड उनकी लाश पर बनेगा। लेकिन झामुमो ने वैसे झारखंड विरोधी तत्वों के साथ समझौता कर लिया। मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री राज्य की जनता को आपस में लड़ाना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि सच्चाई है कि झारखंड के हर नागरिक ने झारखंड अलग राज्य की मांग की थी और अपना योगदान दिया था। अभी तक लोकपाल-सूचना आयुक्त व महिला आयोग का गठन नहीं किया गया। अब जब न्यायालय से फटकार मिल रही है तब विपक्ष के नेता की बहानेबाजी कर रहे हैं। पत्रकार सम्मेलन में भाजपा जिलाध्यक्ष जयदेव राय पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रोहित लाल सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष अंबिका खवास भाजपा नेता वीरभद्र प्रसाद सिंह अनिल सिंह विशाल गौतम बैद्यनाथ प्रसाद शंकर रजक आदि उपस्थित थे।



# बोकारोः एफडीआइ की सीमा बढ़ाने के खिलाफ बीमाकर्मियों ने किया प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** भारतीय जीवन बीमा निगम के दफ्तर के समक्ष अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ के आह्वान पर वित्त मंत्री के द्वारा बजट पेश करने के दौरान बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा को 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 फीसदी करने की घोषणा के खिलाफ प्रदर्शन का किया गया। मौके पर हजारीबाग मंडल के संयुक्त सचिव दिलीप कुमार झा ने कहा कि एफडीआई सीमा बढ़ाने का निर्णय अनुचित है और भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास के लिए बहुमूल्य संसाधनों को जुटाने तथा नागरिकों के प्रति राज्य के दायित्व को पूरा करने की दिशा में इसके गंभीर परिणाम होंगे। एआईआईईए इसके खिलाफ जनमत तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि विदेशी पूंजी को पूर्ण स्वतंत्रता और अधिक पहुंच की अनुमति देने से बीमा उद्योग के व्यवस्थित विकास में बाधा उत्पन्न होगी क्योंकि लोगों और व्यवसाय को आवश्यक सुरक्षा प्रदान करने के बजाय मुनाफे पर अधिक ध्यान दिया जाएगा। बजट में आर्थिक विकास को गति देने के लिए आबादी के एक छोटे से हिस्से पर भरोसा किया गया जबकि बहुसंख्यक वर्ग के हितों की उपेक्षा की गई है। आर्थिक सर्वेक्षण इस तथ्य की ओर इशारा करता है कि कॉर्पोरेट क्षेत्र का मुनाफा बढ़ रहा है जबकि श्रमिकों का वेतन स्थिर है। यदि इससे संबंधित संशोधन विधेयक बजट सत्र में पास होता है तो हम बहिर्गमन हड़ताल कर इसका विरोध करेंगे। मौके पर राकेश चन्द्र शर्मा अजय कुमार राजेश सिंह महावीर श्रवण लाल बेगी लालजी दुबे तरुण कुमार विनोद दास इंदु भूषण संजय व सभी कर्मी शामिल रहें।

## मजदूरों की आवाज है आरसीएमयू : अजय

### बेरमो : दर्जनों श्रमिकों ने ली संगठन की सदस्यता



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के प्रति मजदूरों का विश्वास दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। परिणाम स्वरूप विभिन्न संगठनों को छोड़कर दर्जनों श्रमिकों ने आरसीएमयू के सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन कथारा क्षेत्र के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा श्रमिकों का आरसीएमयू की तरफ आकर्षित होना इसका संकेत है। आर सी एम यू के बैनर तले श्रमिकों के अधिकार की रक्षा होगी श्रमिक समस्याओं की सूची तैयार कर क्षेत्रीय प्रबंधन को सोपा जाएगा। यूनियन के पदाधिकारी मजदूरों के सुख-दुख में सहभागिता का निर्वाह करें तभी वह मजदूरों के सच्चे हितैषी बन पाएंगे। श्रमिकों के मौलिक अधिकार की रक्षा होगी राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के बैनर तले सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें मोहम्मद आशिक अनीश कुमार पिंटू कुमार जितेंद्र सोरेन राघवेंद्र प्रताप सिंह छोटन रविदास रामेश्वरी कमला बाई आदि ने आरसीएमयू की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता अभियान में यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह शाखा सचिव रंजय कुमार सिंह दयाल यादव धनंजय सिंह सुरेश महतो सहित अन्य शामिल थे।

# दुमकाः कस्तूरबा गांधी बालिया आवासीय विद्यायल के रसोईया पर अनाज चोरी का लगा आरोप, सड़क जाम

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कौरया के ग्रामीणों ने रसोईया पर अनाज चोरी कर बिक्री करने का आरोप लगाते हुए गोविन्दपुर-साहिबगंज हाइवे को करीब एक घंटे तक जाम कर दिया। ग्रामीणों ने रसोइया, वार्डेन एवं सुरक्षा प्रहरी पर कार्रवाई करने की मांग की। सड़क जाम की खबर मिलने पर मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर समझा-बुझाकर सड़क जाम को हटवाया। ग्रामीणों का कहना है कि कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के अनाज को रसोइया चोरी कर बेचने जा रही थी। रसोइया को चोरी के सामान के साथ रंगेहाथ पकड़ा गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि चोरी में वार्डन एवं गार्ड की भी संलिप्तता है। बिना दोनों की संलिप्तता से रसोइया सामान की चोरी कर बाहर ले जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाएगी। विद्यालय की बच्चियों को सही ढंग से भोजन व नाश्ता नहीं दिया जाता है। घर से दिए हुए नाश्ते को ही बच्ची खाती है। भरपेट भोजन नहीं परोसा जाता है। सीसीटीवी कैमरा लगे रहने के बावजूद सामानों की बिक्री हो रही है। ग्रामीणों ने वार्डन व अन्य पर कई तरह की अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। मुफस्सिल थाना की पुलिस रसोइया स्वीटी देवी को पूछताछ के लिए थाने ले आयी है। समझाने-बुझाने के बाद ही ग्रामीणों ने सड़क जाम को हटाया। इधर, घटना की खबर मिलने पर डीईओ भूतनाथ रजवार के निर्देश पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सहित अन्य पदाधिकारी विद्यालय पहुंचे। पूरे मामले की जांच पड़ताल की। इन पदाधिकारियों के पहुंचने से पहले ही मुफस्सिल थाना पुलिस स्वीटी तिवारी को साथ लेकर चली गई थी। ग्रामीणों ने जाम खत्म कर दिया था। बाद में डीईओ ने स्वयं विद्यालय पहुंच कर सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच कर संबंधित ग्रामीणों से बातचीत की। ग्रामीण राजकुमार मंडल, इंद्रकुमार मंडल ने रसोइया पर चावल, दाल, तेल आलू की चोरी कर ले जाने का आरोप लगाया। ग्रामीणों के अनुसार यह सामान करीब एक क्विंटल था। उन्होंने कहा कि झोले से आलू दाल आदि 20 किलो का सामान था। लेकिन सीसीटीवी फुटेज में यह बात सामने नहीं आई। रसोइया स्वीटी तिवारी को एक छोटा से थैले लेकर बाहर जाते जरूर देखा गया। लेकिन यह उतना भारी प्रतीत नहीं हो रहा था। वार्डन ने बताया कि रसोइया के पास जो सामान दिखाया गया है। वह उनके स्टोर का नहीं है।

# बोकारोः जीजीईएसटीसी में उद्यमिता विकास विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो के कांड्रा स्थित गुरु गोविंद सिंह एजुकेशनल सोसायटी टेक्निकल कैंपस-इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेज में उद्यमिता विकास पर एक-दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित की गई।

इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता अम्बरीष जे पटेल -टाई ग्लोबल सिलिकन वैली कैलिफोर्निया से जुड़े और उन्होंने यूगांडा से यूएसए की जीवन यात्रा पर रोशनी डालते हुए कहा कि भारतीयों को टीम में काम करने के लिए अभ्यासरत रहना होगा। इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि कुलपति- झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी डा डीके सिंह रहे। कुलपति डा सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में बताया कि उनकी यूनिवर्सिटी- छात्रों को उद्यमिता विकास के उत्कृष्ट अवसर प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है। कार्यशाला के अतिथि वक्ता ऐश यादव सिलिकन वैली से जुड़े और उन्होंने कॉलेज के अथक प्रयासों की सराहना की।

कॉलेज निदेशक डॉ प्रियदर्शी जरुहार ने कहा कि यदि वैश्विक स्तर के उद्यमिता-कार्यक्रमों में हमारे छात्र हिस्सा लेंगे तो वह दिन दूर नहीं जब यह प्रदेश- देश की अग्रिम पंक्ति में होगा। इस कार्यशाला में प्रदेश के कुल 500 छात्रों ने शिरकत की। कॉलेज के प्रो महमूद आलम प्रो रश्मि ठाकुर सुरेश राय ने कार्यशाला में विशेष योगदान दिया। संस्थान के अध्यक्ष तरसेम सिंह व सचिव सुरेंद्र पाल सिंह ने सभी को बधाई दी।

# मलूटी में 18वीं राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** मंदिरों का गांव मलूटी में 5 फरवरी से तीन दिवसीय 18वीं राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इसमें राज्य भर के 16 टीम में भाग ले रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन सांसद नलिन सोरेन, जिप अध्यक्ष जॉयस बेसरा, डीडीसी अभिजीत सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर जिप उपाध्यक्ष सुधीर मंडल शिकारीपाड़ा से जिप सदस्य, डीटीओ जयप्रकाश करमाली के अलावा शिकारीपाड़ा के बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारी भी मौजूद थे। पहला मुकाबला दुमका और लोहरदगा के बीच हुआ। उद्घाटन के मौके पर अपने संबोधन में दुमका सांसद नलिन सोरेन ने कहा कि मलूटी पर्यटन के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान रखता है। इस आयोजन से मंदिरों के इस गांव का व्यापक प्रचार प्रसार किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन में खेल का विशेष महत्व होता है। जिप अध्यक्ष जॉयस बेसरा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया एवं जीवन में खेल के महत्व के बारे में बताया।

## पेज एक का शेष

### देश की अर्थव्यवस्था में हमारा अहम रोल

**झारखंड में निवेश की अपार संभावनाएः** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा, इस समिट में मुझे देश विदेश से आये मेहमानों और उद्योग जगत से जुड़े लोगों से मिलने का मौका मिल रहा है। इससे यह जानने समझने का अवसर मिलेगा कि निवेशकों के सहयोग से झारखंड के समग्र विकास की दिशा में कैसे आगे बढ़ सकते हैं। इसी आशा और उम्मीद से बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट में आये उद्यमियों तथा निवेशकों को झारखंड आमंत्रित करता हूं। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में झारखंड का अहम रोल है। देश का लगभग 40 प्रतिशत खनिज संसाधन पाया जाता है। कई खनिज एवं उद्योगों के लिए जरूरी रॉ मैटेरियल्स का झारखंड सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है। ऐसे में देश की अर्थव्यवस्था में यह राज्य अहम भूमिका निभाता रहा है। कई औद्योगिक घरानों ने यहां निवेश किया है।

### निर्मम प्रहार से ही खत्म होगा आतंकवाद : शाह

**टेरर फंडिंग, नशा व्यापार भी रोकें:** शाह ने कहा, नशीले पदार्थों के व्यापार से होने वाली आय से टेरर फंडिंग के खिलाफ तत्परता और कठोरता के साथ त्वरित कार्रवाई करने की जरूरत है। शाह ने सुरक्षा एजेंसियों को नए आपराधिक कानूनों के समय पर लागू करने के मद्देनजर फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (एफएसएल) के पदों पर नई नियुक्तियां करने का निर्देश दिया। बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो (आइबी) के निदेशक, जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (जीडीपी) के साथ-साथ गृह मंत्रालय और जम्मू-कश्मीर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

स्पीड न्यूज

## स्वीडन के स्कूल में गोलीबारी, 10 मरे

**स्टॉकहोम।** स्वीडन के ओरेब्रो शहर में मंगलवार दोपहर एक स्कूल में गोलीबारी में 10 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। स्वीडन के न्याय मामलों के मंत्री गन्नर स्ट्रोमर ने इसे चिंताजनक घटना बताते हुए कहा कि पुलिस पूरी तरह से मामले की जांच में जुटी है और सरकार हालात पर नजर बनाए हुए है। एक शिक्षक ने बताया कि उन्होंने कुछ संदिग्ध छात्रों को परिसर में देखा था और करीब 10 राउंड गोलियां चलने की आवाज सुनी। स्कूल मुख्य रूप से 20 वर्ष से अधिक उम्र के छात्रों के लिए है, जहां प्रवासियों को स्वीडिश भाषा की शिक्षा भी दी जाती है।

## मनाली में खुलेगा कंगना रनौत का कैफे



नयी दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने कहा है कि मनाली स्थित उनका कैफे द माउंटेन स्टोरी ग्राहकों के लिए वैलेंटाइन डे पर खुल जाएगा। अभिनेत्री ने कहा कि यह कैफे खोलना उनका लंबे समय से सपना था। यह आखिरकार साकार हो रहा है। रनौत ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर कैफे और उसके अंदरूनी हिस्से का एक वीडियो शेयर किया। प्रशंसकों ने अभिनेत्री का एक पुराना साक्षात्कार ढूंढ निकाला, जिसमें उन्होंने निकट भविष्य में कैफे खोलने की इच्छा जताई थी। वर्ष 2013 के एक साक्षात्कार में अभिनेत्री के साथ दीपिका पादुकोण भी मौजूद थीं।


## चीन में शीत लहर के लिए ब्लू अलर्ट जारी

**बीजिंग।** चीन में शीत लहर के लिए ब्लू अलर्ट जारी किया गया है और अगले कुछ दिनों में देश के अधिकतर हिस्सों में तापमान में गिरावट आने के आसार हैं। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (एनएमसी) के अनुसार, पूरे देश में शीत लहर चलने का अनुमान है जबकि हेनान, अनहुई, जियांग्सू और शेडोंग सहित कई प्रांतों के हिस्से में शामिल और हुआंगहुआई क्षेत्र के उत्तरी क्षेत्र के अधिकतर हिस्से में तापमान में छह-आठ डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने के आसार हैं।

## हाजी रजा की तीन करोड़ की संपत्ति जब्त

**फतेहपुर।** जिला प्रशासन व पुलिस ने बुधवार को हिस्ट्रीशीटर सपा नेता हाजी मोहम्मद रजा की करीब तीन करोड़ रुपये की संपत्ति जब्ती के साथ मकान को भी सीज किया है। यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत की गई है। सदर कोतवाली के मोहल्ला पनी में स्थित रजा की चल-अचल संपत्ति को सीज किया गया है। जब्त की गई संपत्ति में अमरजई स्थित जमीन (गाटा संख्या 297, रकबा 441 वर्ग मीटर) और मकान नंबर 205 शामिल है।

## आध्यात्मिक नेता आगा खान का निधन



**लिस्बन।** स्वैच्छिक संगठन आगा खान डेवलपमेंट नेटवर्क (एकेडीएन) के संस्थापक आगा खान (चतुर्थ) का निधन हो गया। महज 20 साल की उम्र में दुनिया के लाखों शिया इस्माइली मुसलमानों के आध्यात्मिक नेता बनने वाले खान ने मंगलवार को यहां 88 वर्ष की आयु में आखिरी सांस ली। आगा खान फाउंडेशन ने कहा कि उनके उत्तराधिकारी की घोषणा बाद में की जाएगी। वह अपने उत्तराधिकारी का नाम अपनी वसीयत में लिख गए हैं।

# पूरा देश खत्म कर दूंगा : ट्रंप

## अमेरिका के राष्ट्रपति ने ईरान को दी धमकी

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को धमकी दे दी है। ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान ने उन्हे मारने की कोशिश की तो वह देश को खत्म कर देंगे। अमेरिका ने ये भी संकेत दिए है कि अगर ईरान ने परमाणु हथियार से जुड़े परियोजनाओं को बंद नहीं किया तो अमेरिका उसपर और भी प्रतिबंध लगाएगा। ट्रंप ने ईरान पर और भी अधिक दबाव डालने के आदेश पर हस्ताक्षर भी किए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अपने सलाहकारों को निर्देश दिया है कि अगर ईरान उनके ऊपर हमला करता है तो उसे तबाह कर दिया जाए। ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान ने मुझे मारने की कोशिश की तो मैं उसे खत्म कर दूंगा। उन्होंने कहा कि ईरान के पास ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं हो सकता है।



हालांकि, ट्रंप ने ईरान के समकक्ष से मुलाकात की इच्छा भी जाहिर की। बता दें कि ट्रंप को कई बार ईरान की ओर से धमकी मिल चुकी है। हाल ही में एक चुनावी रैली के दौरान ट्रंप पर जानलेवा हमला भी हुआ था। हालांकि, अमेरिकी अधिकारियों का कहना था कि वह नहीं मानते की हत्या का प्रयास ईरान ने किया था। साल 2020 में ट्रंप ने ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर की एलीट शाखा कुद्स फोर्स का नेतृत्व करने वाले कासिम सुलेमानी की हत्या का आदेश दिया था। इसके बाद से ही ट्रंप की सुरक्षा को लेकर अमेरिकी सुरक्षा एजेंसी काफी अलर्ट रहती है। आशंका जताई जा रही है कि ट्रंप, ईरान की मुश्किलें बढ़ाने वाले हैं। ईरान आर्थिक संकट से जूझ रहा है।

**न्याय विभाग ने नवंबर में आरोप लगाया था, राष्ट्रपति पद के चुनाव से पहले ईरान ने ट्रंप की हत्या की साजिश रची थी**

साल 2015 में अमेरिका से जब ईरान का परमाणु समझौता हुआ था, लेकिन 2018 में ट्रंप ने ईरान से परमाणु समझौता तोड़ दिया था। इसके बाद ईरान और अमेरिका के बीच रिश्ते काफी खराब हो गए।

अमेरिका के न्याय विभाग ने नवंबर में आरोप लगाए थे कि राष्ट्रपति पद के चुनाव से पहले ईरान ने ट्रंप की हत्या की साजिश रची थी जिसे नाकाम कर दिया गया। विभाग ने आरोप लगाया था कि ईरानी अधिकारियों ने सितंबर में फरहाद शकेरी (51) नामक शख्स को ट्रंप पर नजर रखने और उनकी हत्या करने का निर्देश दिया था। शकेरी अब भी ईरान में है।

## गाजा पट्टी को अपने अधीन लेगा अमेरिका

ट्रंप ने कहा कि अमेरिका गाजा पट्टी को अपने अधीन लेगा। इस पर अधिकार करेगाऔर वहां आर्थिक विकास करेगा जिससे लोगों के लिए बड़ी संख्या में रोजगार और आवास उपलब्ध होंगे। मंगलवार को ह्वाइट हाउस में ट्रंप ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में ये बातें कहीं। ट्रंप ने यह भी सुझाव दिया कि अमेरिका उस जगह को विकसित करेगा लेकिन इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी कि वहां किसे रहने की अनुमति दी जाएगी। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका गाजा पट्टी को अपने अधीन लेगा और इसे विकसित करेंगे। वहां सभी खतरनाक बमों और अन्य हथियारों को निष्क्रिय करने, जगह को समतल करने और तबाह हो चुकी इमारत को हटाने की जिम्मेदारी हमारी होगी।

## अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर अमेरिकी विमान अमृतसर पहुंचा

एजेंसी



**पंजाब के 30, हरियाणा के 33, चंडीगढ़ के 2, गुजरात के 33, उत्तर प्रदेश के 3 और महाराष्ट्र के 3 लोग शामिल**

**अमृतसर।** अमेरिका से 104 भारतीय नागरिकों को निर्वासित कर एक विशेष विमान बुधवार को अमृतसर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। इन नागरिकों को अवैध रूप से अमेरिका में रहने के आरोप में वापस भेजा गया है। निर्वासित लोगों में 25 महिलाएं और 12 नाबालिग शामिल हैं, जिनमें से सबसे कम उम्र का बच्चा केवल 4 वर्ष का है और गुजरात से है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इनमें पंजाब के 30, हरियाणा के 33, चंडीगढ़ के 2, गुजरात के 33, उत्तर प्रदेश के 3 व महाराष्ट्र के 3 लोग शामिल हैं। इनमें 48 लोग ऐसे हैं, जिनकी उम्र 25 वर्ष से कम है। हालांकि अभी तक किसी अधिकारी ने इस संबंध में पुष्टि नहीं की है।

इससे पहले, विमान के सुबह उतरने की उम्मीद थी। अभी तक विमान में सवार लोगों के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं है। अमेरिका के सैन्य विमान सी-17 में पंजाब और पड़ोसी राज्यों के 205 अवैध अप्रवासी हैं।

पिछले माह डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभालने के बाद देश की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। पंजाब के कई लोग जो लाखों रुपये खर्च करके डंकी रूट या अन्य अवैध तरीकों से अमेरिका में प्रवेश कर चुके हैं अब वे निर्वासन का सामना कर रहे हैं।




दिल्ली में वोट डालने के बाद निशान दिखातीं महिलाएं।

# दिल्ली में खिलेगा कमल

## छह एग्जिट पोल्स में बीजेपी की सरकार का अनुमान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के बाद आए लगभग सभी एग्जिट पोल में बीजेपी के 26 साल से अधिक समय बाद राष्ट्रीय राजधानी की सत्ता में वापसी की संभावना जताई गई है। दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीट के लिए बुधवार को मतदान खत्म हो चुका है। वोटों की गिनती 8 फरवरी को होगी। चुनाव के बाद लगभग सभी चुनाव सर्वेक्षण एजेंसियों ने बीजेपी की जीत और आम आदमी पार्टी की हार का अनुमान व्यक्त किया है। अधिकतर सर्वेक्षणों में एक बार फिर संभावना जताई गई है कि कांग्रेस के लिए खाता खोलना भी मुश्किल हो सकता है।

एसएएस एग्जिट पोल में बीजेपी की सरकार बनने का अनुमान है। इस एग्जिट पोल में बीजेपी को 38 से 41 सीट मिलने का अनुमान जताया गया है। वहीं, आम आदमी

**▶▶ दो में आप की सरकार कांग्रेस को एक से तीन सीट मिलने का अनुमान**

पार्टी सत्ता से बाहर होती दिख रही है। आप का सीटों का आंकड़ा 62 से घटकर 27 से 30 के बीच थमता नजर आ रहा है। वहीं, कांग्रेस के लिए कुछ सांत्वना दिख रही है। पार्टी को 1 से 3 सीट मिलने की बात कही गई है। दो एग्जिट में पोल में राजधानी में फिर से झाडू चलने की बात सामने आ रही है। वी प्रीसाइड और माइंड ब्रिंक एग्जिट पोल में आम आदमी पार्टी सत्ता विरोधी लहर को मात दे रही है। वी प्रीसाइड एग्जिट पोल में आम आदमी पार्टी को 46 से 52 सीट मिलने का अनुमान है। वहीं, माइंड ब्रिंक एग्जिट पोल के अनुसार आप 44 से 49 सीटें जीतकर फिर से सरकार बना सकती है। दिल्ली

| एजेंसी | आप | बीजेपी+ | कांग्रेस |
|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 32-37 | 35-40 | 0-1 |
| पी-मार्क | 21-31 | 39-49 | 0-1 |
| पीपल्स इनसाइट | 25-29 | 40-44 | 0-2 |
| पीपल्स पल्स | 10-19 | 51-60 | 0-0 |
| जेवीसी पोल | 22-31 | 39-45 | 0-2 |
| पोल डायरी | 18-25 | 42-50 | 0-2 |
| चाणक्य स्ट्रैटिजीज | 25-28 | 39-44 | 2-3 |
| वीप्रीसाइड | 46-52 | 18-23 | 0 |
| माइंड ब्रिक | 44-49 | 21-25 | 0-1 |

चुनाव को लेकर डीवी रिसर्च एग्जिट पोल में बीजेपी सरकार बनने की बात कही गई है। इस एग्जिट पोल में बीजेपी को 36-44 मिलने का अनुमान है। वहीं, आम आदमी पार्टी को इस पोल से निराशा हाथ लगेगी। आप को 26-34 सीट मिलने की बात कही गई है। वहीं, कांग्रेस को इस एग्जिट पोल में जीरो सीट मिलने की बात कही गई है। खास बात है कि 8 में से 6 एग्जिट पोल में बीजेपी तो 2 में आम आदमी पार्टी की सरकार बनती दिख रही है। इन एग्जिट पोल नतीजों में कांग्रेस को निराशा हाथ लगती दिख रही है। एक एग्जिट पोल को छोड़ दे तो कांग्रेस को 0 से 1 ही सीट देखने को मिल रही है। सिर्फ एक चाणक्या स्ट्रैटीज एग्जिट पोल में 2-3 सीट मिलने का अनुमान जताया गया है।

## मिल्कीपुर में 65.35 प्रतिशत हुआ मतदान

**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा उप चुनाव में सभी 414 मतदेय स्थलों 65.35 प्रतिशत के लगभग मतदान हुआ। मतदान केंद्रों पर मतदान की प्रक्रिया समाप्त होने के साथ मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव की तस्वीर लगभग साफ होती दिखाई पड़ रही है। यहां पर विरासत बचाने के लिए उतरे सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे व समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी बनाए गए अजीत प्रसाद का चुनाव फंसता दिखाई दे रहा है। उनके ऊपर अयोध्या की अस्मिता बनाम पीडीए की लड़ाई में अयोध्या की अस्मिता हावी होती दिखाई पड़ रही ह।, जबकि भाजपा से चन्द्र भानु पासवान मजबूती से डटे हुए हैं। सपा कार्यकर्ता इधर-उधर गांव में घूमते नजर आए। मतदान का उत्साह इस कदर हावी रहा की 80 वर्ष से लेकर 100 वर्ष तक के वृद्ध ठेला और गाड़ियों पर बैठकर मतदान के लिए निकले। भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। जबकि सपा वर्कर ढीले-ढाले नजर आए।


## 57.86 प्रतिशत वोटिंग

**दिल्ली का दंगल**

**मुस्तफाबाद में सबसे अधिक 66.68 प्रतिशत, करोलबाग में सबसे कम 47.40 फीसदी वोटिंग**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए मतदान की समाप्ति तक औसतन 57.86 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मुस्तफाबाद सीट पर सबसे अधिक 66.68 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि करोलबाग सीट पर सबसे कम 47.40 प्रतिशत मतदान हुआ है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा, आप और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है।राष्ट्रीय राजधानी में सुबह से कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर , केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, भाजपा दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, मुख्यमंत्री आतिशी और उनके पूर्ववर्ती अरविंद केजरीवाल ने आज ईवीएम का बटन दबाया। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी वोट डाले। चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी विजय देव और दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने भी अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग किया। मतदान के दौरान कालकाजी विधानसभा क्षेत्र के मादीपुर में एक मतदान केन्द्र पर वीवीपैट में गड़बड़ी के कारण करीब 15 मिनट तक मतदान प्रकिया रुकी रही। कालकाजी विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अलका लांबा ने इसी मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। भाजपा ने सीलमपुर में मुस्लिम महिलाओं पर बुर्के पहनकर फर्जी वोट डालने का आरोप लगाया है। इसको लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। इसके अलावा कहीं से किसी तरह की अप्रिय घटना की रिपोर्ट सामने नहीं आयी है। दिल्ली पुलिस ने ओखला विधानसभा से आम आदमी पार्टी विधायक एवं उम्मीदवार अमानतुल्लाह खान के खिलाफ जामिया नगर थाने में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया है।

## बंगाल में 50 हजार करोड़ और निवेश करेगी रिलायंस : अंबानी



**कोलकाता।** पेट्रोलियम समेत विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने पश्चिम बंगाल में वर्ष 2035 तक 50 हजार करोड़ रुपये और निवेश करने की आज घोषणा की। अंबानी ने बुधवार को आठवें बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि कंपनी अगले 10 वर्षों में पश्चिमी बंगाल में अपने निवेश को बढ़ाकर दोगुना कर देगी। उन्होने कहा कि पिछले करीब एक दशक में रिलायंस ने प्रदेश में अपना निवेश दो हजार करोड़ से बढ़ाकर 50 हजार करोड़ रुपये कर दिया है, जिसे वर्ष 2035 तक दोगुना बढ़ाकर एक लाख करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव है।



## महाकाल के दरबार में शिवराज सिंह चौहान

**उज्जैन।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार को पत्नी साधना सिंह और दोनों बेटे के साथ उज्जैन पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान महाकाल को अपने दोनों बेटों की शादी का निमंत्रण दिया।

उन्होंने परिवार के साथ भगवान महाकाल के दर्शन कर गर्भगृह में पूजन-अभिषेक किया और नंदी हॉल में ध्यान लगाकर बाबा का आशीर्वाद लिया।

चौहान बुधवार को दोपहर करीब 2:30 बजे अपने परिवार के साथ महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। उन्होंने पूजन के दौरान बाबा भगवान से आशीर्वाद लेकर बेटे कुणाल और बेटे कार्तिकेय की शादी की पत्रिका उन्हें अर्पित की।

# शेयर बाजार ने गंवाई तेजी, सेंसेक्स 312 अंक लुढ़का

## निफ्टी 42 अंक टूटकर 23,696 पर पहुंचा

**मुंबई ।** विश्व बाजार की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और रियल्टी समेत छह समूहों में हुई बिकवाली से पिछले दिवस की जबरदस्त तेजी को गंवाकर बुधवार को शेयर बाजार गिरकर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 312.53 अंक का गोता लगाकर 78,271.28 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 42.95 अंक टूटकर 23,696.30 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मजबूत लिवाली हुई। इससे मिडकैप 0.69 प्रतिशत की तेजी के साथ 43,374.16 अंक और स्मॉलकैप 1.42 प्रतिशत की छलांग लगाकर 50,507.67 अंक हो गया।इस दौरान बीएसई में कुल 4106 कंपनियों के शेयरो में कारोबार हुआ, जिनमें से 2548 में लिवाली जबकि 1417 में गिरावट हुई वहीं 141 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 25 कंपनियों



में तेजी जबकि 25 में गिरावट रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे। बीएसई के छह समूहों का रुझान नकारात्मक रहा जबकि अन्य में तेजी का रुख रहा। इस दौरान सीडी 0.43, एफएमसीजी 1.42, ऑटो 0.14, बैंकिंग 0.02, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.21 और रियल्टी समूह के शेयर 1.66 प्रतिशत टूट गए। वहीं, कमोडिटीज 0.99, ऊर्जा 1.30, वित्तीय सेवाएं 0.53, हेल्थकेयर 1.21, दूरसंचार 0.59, यूटिलिटीज 0.75, धातु 1.55, तेल एवं गैस 1.89, पावर 0.81 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.59 प्रतिशत चढ़ गए। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 121 अंक की तेजी के साथ 78,704.60 अंक पर खुला और लिवाली के दम पर थोड़ी देर बाद ही 78,735.41 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 78,216.25 अंक के निचले स्तर तक गिर गया। इसी तरह निफ्टी भी 63 अंक बढ़कर 23,801.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 23,807.30 अंक के उच्चतम जबकि 23,680.45 अंक के निचले स्तर पर रहा।

नुकसान उठाने वाली कंपनियों में एशियन पेंट 3.38, टाइटन 3.02, नेस्ले इंडिया 2.23, हिंदुस्तान यूनिलीवर 2.03, एलटी 1.72, एसबीआई 1.68, आईटीसी 1.59, जोमैटो 1.39, एचसीएल टेक 1.19, कोटक बैंक 0.98, बजाज फिनसर्व 0.98, सन फार्मा 0.77, रिलायंस 0.62, टीसीएस 0.56, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.41, पावरग्रिड 0.21, एक्सिस बैंक 0.20, मारुति 0.20, भारती एयरटेल 0.11, इंफोसिस 0.11 और आईसीआईसीआई बैंक 0.04 प्रतिशत शामिल रही। आईटीसी होटल्स 2.70, अडानी पोर्ट्स 1.60, इंडसइंड बैंक 1.20, टाटा मोटर्स 0.91, एचडीएफसी बैंक 0.89, टाटा स्टील 0.75, अल्ट्रासिमको 0.52, बजाज फाइनेंस 0.35, एनटीपीसी 0.13 और टेक महिंद्रा के शेयर 0.08 प्रतिशत लाभ में रहे।

## एमपीसी बैठक शुरू रेपो रेट में 0.25 % हो सकती है कटौती

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक बुधवार को शुरू हो गई। आरबीआई गवर्नर 5 से 7 फरवरी तक चलने वाली इस बैठक के नतीजे का ऐलान 7 फरवरी करेंगे। रिजर्व बैंक इस बार नीतिगत ब?याज दर रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती कर सकता है। आर्थिक मामलों के विशेषज्ञों का कहना है कि मौद्रिक नीति समिति इस बार रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती कर सकता है। आरबीआई की चालू वित्त वर्ष 2024-25 में आखिरी तीन दिवसीय द्वैमासिक एमपीसी बैठक 5 से 7 फरवरी तक चलेगी। गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में यह पहली एमपीसी बैठक होगी। रिजर्व बैंक ने फरवरी 2023 से रेपो रेट को 6.50 फीसदी पर रखा है। बजट में आयकर छूट की सीमा बढ़ाने के बार इस बैठक में रेपो रेट को 0.25 फीसदी से घटकर 6.25 फीसदी कर देगा।